रांची, सोमवार । 08 जून 2026 । वर्ष-27, अंक-126, पृष्ठ-12

अधिक ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10



## रास चुनाव में समन्वय को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले कांग्रेस के पर्यवेक्षक भूपेश बघेल और अजय शर्मा

# राज्यसभा चुनाव की रणनीति और तैयारियों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्यसभा चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को महत्वपूर्ण राजनीतिक गतिविधियां देखने को मिलीं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान आगामी राज्यसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्यमंत्री आवास में हुई इस बैठक में गठबंधन की चुनावी रणनीति, सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय और मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर गंभीर मंथन हुआ। नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए संभावित चुनौतियों और अवसरों पर भी विचार विमर्श किया। बैठक के दौरान चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

शेष पेज 11 पर

### संभावित चुनौतियों और अवसरों पर किया गया विचार विमर्श

### चुनाव में एकजुट होकर सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करें : हेमंत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में रविवार को राज्यसभा चुनाव 2026 को लेकर सत्तारूढ़ दल के मंत्रियों एवं विधायकों की एक बैठक हुई। बैठक में सत्ताधारी दल के सभी मंत्री एवं विधायक उपस्थित थे। इस दौरान राज्यसभा चुनाव से संबंधित रणनीति एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सत्तारुढ़ दल के दोनों राज्यसभा उम्मीदवार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जनप्रतिनिधियों से एकजुट होकर चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक समन्वय को मजबूत करने तथा राज्यसभा चुनाव में सत्तारुढ़ दल के प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## इंडिया ब्लॉक के पास पर्याप्त संख्या बल, पर निर्दलीय की सक्रियता से मुकाबला बना रोचक

झारखंड में राज्यसभा सीटों के लिए 18 जून 2026 को होने वाला द्विवार्षिक चुनाव दिलचस्प मोड़ पर है। सत्तारूढ़ आईएनडीआईए के पास दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या बल है, लेकिन निर्दलीय दावेदारों की सक्रियता, संभावित क्रॉस वोटिंग की चर्चा और विपक्ष की रणनीति ने चुनावी मुकाबले को रोचक बना दिया है। राज्यसभा चुनाव के लिए अब तक छह लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनीतिक सलाहकार प्रणव झा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने वरिष्ठ नेता बैजनाथ राम को मैदान में उतारा है। भाजपा ने अभी तक अपने प्रत्याशी की औपचारिक घोषणा नहीं की है। हालांकि, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ द्वारा नामांकन पत्र खरीदे जाने से उनकी संभावित उम्मीदवारी की भी चर्चा है। इधर, उद्योगपति और पूर्व राज्यसभा सदस्य परिमल नथवानी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीदा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात भी की है।

शेष पेज 11 पर




| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 34.6⁰ | अधिक. 35.0⁰ |
| न्यून. 23.0⁰ | न्यून. 23.0⁰ |

## ‘राष्ट्र प्रथम’ मंत्र के साथ मिला लक्ष्य

# 2029 के चुनाव की तैयारी में अभी से जुटें कार्यकर्ता : नितिन

1. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में की बैठक
2. कहा- एसआईआर को कार्यकर्ता गंभीरता से लें और कार्य करें
3. भाजपा का विचार और नेतृत्व बूथ स्तर तक स्थापित हो

**नवीन मेल डेस्क**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दो दिवसीय झारखंड प्रवास के दूसरे दिन प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों, प्रदेश के मोर्चा के अध्यक्ष, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, प्रदेश मीडिया, प्रदेश प्रवक्ताओं, सोशल मीडिया एवं आईटी सेल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि वर्तमान टीम का गठन वर्ष 2029 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया है और यही टीम आगामी चुनावों का नेतृत्व करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों के अनुभवों से सीख लेते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को वर्ष 2029 के लिए अभी से ही कमर कस लेना होगा।

नितिन नवीन ने कहा, भाजपा झारखंड का गढ़ था, है और रहेगा। बीते चुनाव में विपक्षी दलों द्वारा झूठे वादों से जनता को गुमराह करने के कारण अपेक्षित सफलता भले ही नहीं मिली हो, परंतु आज भी भाजपा के लिए जनता के दिलों में इंडी गठबंधन से अधिक प्यार है। हम जनता का भरोसा पूरी तरह नहीं जीत पाए, जिसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। परंतु, अब निराशा के वातावरण को आशा में बदलने का समय है। बूथ स्तर के




कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर संगठन को पुनः मजबूत बनाना होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। इसके 14 करोड़ सदस्य एवं 12 लाख से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता हैं। संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता और कार्यक्रम दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक नियमित मासिक बैठकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि निचले स्तर के कार्यकर्ताओं से सतत संवाद बना रहे। नवीन ने शक्ति केंद्र बैठकों में बूथों की कमियों पर चर्चा कर उनके समाधान पर बल दिया। साथ ही, सभी मोर्चों का गठन मंडल स्तर तक पूर्ण करने तथा प्रत्येक मंडल में कम से कम 100 सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित करने को कहा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक साथ लेकर चलें तथा तीन कार्यकाल से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें पुनः संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति नहीं, बल्कि पार्टी सर्वोपरि होनी चाहिए।

शेष पेज 11 पर

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के झारखंड दौरे से मिली नई ऊर्जा : आदित्य साहू

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इस बात का जीवंत उदाहरण हैं कि भाजपा में ईमानदारी, समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन बारीकी से देखता और उचित सम्मान देता है। उन्होंने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता से राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का उनका सफर संगठन की कार्यकर्ता-आधारित संस्कृति को दर्शाता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नितिन नवीन का व्यक्तित्व अत्यंत सरल और सहज है।

शेष पेज 11 पर

### जनहित के मुद्दों पर विफल साबित हुई है राज्य सरकार : बाबूलाल

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की झामुमो-कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस जल, जंगल और जमीन के मुद्दों पर राजनीति करती हैं, लेकिन जब सत्ता में आती हैं, तो जमीन माफिया, भ्रष्टाचारी और अपराधी हावी हो जाते हैं। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दों पर विफल साबित हुई है।

शेष पेज 11 पर

## दृष्टिपात

### खूंटी-कोलेबिरा मार्ग पर साइन बोर्ड से टकरा गई बाइक, युवक की मौत

**खूंटी।** खूंटी-कोलेबिरा स्टेट हाईवे-3 पर तोरपा थाना क्षेत्र स्थित कारो नदी के पास रविवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान डोड़मा चंद्रपुर निवासी 22 वर्षीय अनीस हेमरोम के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना तोरपा थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया।

### देवघर में बड़ी साजिश नाकाम हथियार के साथ पांच गिरफ्तार


**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में श्रावणी मेला 2026 को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। नगर थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात एक वाहन से पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक अवैध देसी पिस्टल और एक कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शैलेश कुमार दास,अरबिंद कुमार दास, गोलू महथा,लल्ला झा और रोहन तुरी के रूप में हुई है। सभी रिखिया थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 216/2026 दर्ज किया गया है।

## झारखंड की है शॉर्ट फिल्म

## ‘नो मोर वॉर’ का श्रीलंका फिल्म फेस्टिवल में चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के लिए गर्व की बात है कि नौरस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित शॉर्ट फिल्म ‘नो मोर वॉर’ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। फिल्म का चयन प्रतिष्ठित विवेकानंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, कोलकाता और श्रीलंका इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए किया गया है। इस उपलब्धि




से राज्य की फिल्म प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। फिल्म के लेखक और निर्देशक अमित अक्षत ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर

शेष पेज 11 पर

## एमएमसीएच में बाद में मिली प्रसूता के एचआईवी पॉजिटिव होने की जानकारी

### अस्पताल प्रशासन ने शुरू की आवश्यक कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच), पलामू में शनिवार (6 जून) को एक प्रसूता का सिजेरियन सेक्शन (सी-सेक्शन) किया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार ऑपरेशन से पूर्व प्रसव कक्ष स्थित इन-हाउस लैब में रैपिड टेस्ट किट के माध्यम से एचआईवी जांच की गई थी, जिसमें रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई थी। उपलब्ध रिपोर्ट और चिकित्सीय जानकारी के आधार पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सिजेरियन सेक्शन किया गया।

अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बाद में प्राप्त जानकारी एवं अभिलेखों से यह तथ्य सामने आया कि संबंधित प्रसूता पूर्व से एचआईवी पॉजिटिव थी। जांच के दौरान यह भी जानकारी मिली कि प्रसूता एवं उसके पति को इस स्थिति की जानकारी थी, लेकिन उपचार के दौरान यह सूचना चिकित्सकीय दल को नहीं दी गई और न ही संबंधित एआरटी कार्ड प्रस्तुत किया गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई।

शेष पेज 11 पर

### जिला प्रशासन की कार्रवाई

## पंडरा में पकड़े गए पोंटेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से लिंग निर्धारण करने वाले



- अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन में तीन लोगों पर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट तहत मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के कड़े निर्देश पर रविवार को रांची के पंडरा इलाके में गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कर अवैध रूप से गर्भस्थ शिशु का लिंग निर्धारण (सेक्स डिटर्मिनेशन) करने वाले तीन लोगों को मौके पर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में सुरंजन कुमार (पिता युधेश्वर प्रसाद), अकाश कुमार पिता (पिता रंभू साहू) और शीला कुमारी (पिता महेंद्र महतो) शामिल हैं। इन पर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, रविवार को रवि स्टील चौक, पंडरा से लगभग 300 मीटर की दूरी पर शराब दुकान के सामने वाली गली में एक अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाया जा रहा था। जिला प्रशासन को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली, जिसे लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के कड़े निर्देश के आलोक में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची के निर्देश पर की गई छापेमारी के दौरान तीन व्यक्तियों को पोर्टेबल यूएसजी मशीन (मेक : माइक्रोमैक्स, सीरियल नंबर डब्ल्यूके1डीपीक्यू) के साथ गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

शेष पेज 11 पर

**बड़ी पहल** राज्य की बेहतर कृषि नीति का परिणाम, एपीडा की भी महत्वपूर्ण भूमिका

# सिमडेगा के आम्रपाली आम पहली बार निर्यात किए गए इंग्लैंड

- महिला किसानों की मेहनत लाई रंग, बेउरा एफपीसी के 1.5 मीट्रिक टन आम बाहर भेजे गए

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**


**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के सिमडेगा जिले में महिलाओं द्वारा संचालित किसान उत्पादक कंपनी (फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी या एफपीसी) के आम्रपाली आमों की पहली वाणिज्यिक खेप इंग्लैंड भेजी गई है। आमों की इस पहली खेप को विगत 04 जून को कोलकाता से रवाना किया गया।



खेप में शामिल आम सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड स्थित महिलाओं द्वारा संचालित बेउरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (बीएफपीसीएल) से लिए गए थे। आम्रपाली आमों का यह निर्यात राज्य की महिला किसानों की मेहनत और झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की बागवानी फसलों के लिए बनाई गई बेहतर नीति का परिणाम है।

शेष पेज 11 पर

### किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है राज्य सरकार



हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य सरकार कृषि और बागवानी को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं और नीतियां लागू की हैं। प्रमुख पहलों में मुफ्त पौधा वितरण, भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर) के साथ तकनीकी समझौता, लाह को कृषि का दर्जा, और जैविक खेती प्रमाणीकरण योजना शामिल हैं। राज्य सरकार किसानों को बंजर भूमि को आम, अमरूद और लीची जैसे फलों के बागानों में बदलने के लिए निःशुल्क पौधे दे रही है।

# आठ घंटे में सामूहिक दुष्कर्म मामले के नौ आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मांडर थाना क्षेत्र में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज आठ घंटे के भीतर नौ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा मामले में संलिप्त एक 15 वर्षीय नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्त में आए आरोपितों में पापड़ मुंडा उर्फ प्रकाश मुण्डा, आयुष उरांव, रामलुस कुजूर, रंजीत उरांव, उमेश भगत, दीपक उरांव, राम उरांव और विकास उरांव शामिल हैं। सभी आरोपितों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।



खलारी के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राम नारायण चौधरी ने आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि छह जून की शाम मांडर थाना क्षेत्र के करगे गांव की एक महिला के लिखित आवेदन के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म की घटना दर्ज की गई और इस पूरे मामले की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को दी गई।

डीएसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए पीड़िता को चिकित्सकीय जांच और उपचार के लिए रांची सदर अस्पताल भेजा। इसके साथ ही विभिन्न थाना क्षेत्रों में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस की सक्रिय कार्रवाई के परिणामस्वरूप मामले में शामिल आठ आरोपितों को आठ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।

डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और सभी पहलुओं की गहन पड़ताल की जा रही है। अनुसंधान पूरा होने के बाद आरोपितों के विरुद्ध शीघ्र आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपितों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाने के लिए न्यायालय से अनुरोध किया जाएगा, ताकि पीड़िता को शीघ्र न्याय मिल सके और आरोपितों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में यदि अन्य किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी तथ्यों और साक्ष्यों को एकत्र कर मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

### छापेमारी दल में शामिल अधिकारी

छापेमारी दल में डीएसपी खलारी राम नारायण चौधरी, पुलिस निरीक्षक जय प्रकाश राणा, माण्डर थाना प्रभारी मनोज करमाली, चान्हो थाना प्रभारी टिंकु रजक, ठाकुरगांव थाना प्रभारी शुभम कुमार, बुढ़मू थाना प्रभारी नवीन कुमार शर्मा सहित माण्डर थाना के कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे, कल विशेष कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) उपलब्ध कराने और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) का 09 जून को 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर राज्यभर में 9 जून को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के मातृत्व स्वास्थ्य कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। स्टेट नोडल अफसर ने सभी सिविल सर्जनों को विशेष गतिविधियों के आयोजन को लेकर भारत सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शिका 'सुरक्षित गर्भावस्था, स्वस्थ माताएं एवं सशक्त भारत' भी भेजी है। इसके अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 9 जून को आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा सभी जिला अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) में विशेष प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहां गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और परामर्श की व्यवस्था की जाएगी। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत भारत सरकार द्वारा 9 जून 2016 को की गई थी। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच उपलब्ध कराना तथा उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान कर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना है। बता दें कि गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की कमी मातृ मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने पिछले दस वर्षों में लाखों गर्भवती महिलाओं तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अभियान की 10वीं वर्षगांठ को सुरक्षित मातृत्व के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

### जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश

स्टेट नोडल अफसर ने गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए व्यापक जन-जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। अभियान के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, पोषण, टीकाकरण और सुरक्षित प्रसव के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करें तथा आयोजित पीएमएसएमए सत्रों की रिपोर्ट उसी दिन ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही संबंधित प्रतिवेदन राज्य मुख्यालय को ई-मेल के माध्यम से भी उपलब्ध कराने को कहा गया है।



# एसआईआर में शादीशुदा महिलाओं को हो रही परेशानी, नियमों में हो बदलाव : शैलेश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान विवाहित महिला मतदाताओं को हो रही परेशानियों को लेकर सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है। रविवार को जारी बयान में शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा राजनीतिक दलों से लगातार अपील की जा रही है कि वे मतदाताओं की सहायता के लिए अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके बावजूद रांची के रातू रोड क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर किसी भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता मतदाताओं की मदद करते नहीं दिखे।

उन्होंने दावा किया कि सबसे अधिक परेशानी विवाहित महिला मतदाताओं को हो रही है। कई महिलाएं विवाह के बाद अपने पति और ससुराल के साथ रह रही हैं, लेकिन उनसे वर्ष 2003 की मतदाता सूची में उनके माता-पिता अथवा दादा-दादी का नाम और संबंधित पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। अंतरराज्यीय विवाह करने वाली महिलाओं के लिए यह प्रक्रिया और भी जटिल हो गई है।

सिन्हा ने कहा कि कई मामलों में महिला मतदाताओं के माता-पिता और दादा-दादी का निधन हो चुका है, जिससे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना कठिन हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पति अथवा ससुराल पक्ष के मतदाता रिकॉर्ड को मान्यता नहीं दिए जाने के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटने का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

उन्होंने राजनीतिक दलों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की बात करने वाले दलों को जमीनी स्तर पर मतदाताओं की वास्तविक समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए आगे आना चाहिए।

शैलेश कुमार सिन्हा ने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि विवाहित महिला मतदाताओं के लिए पति या पति के परिवार के मतदाता रिकॉर्ड को भी वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाए। उनका कहना है कि इससे महिलाओं के मतदान के संवैधानिक अधिकार की रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

हालांकि, इस संबंध में चुनाव आयोग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के अद्यतन और सत्यापन का कार्य जारी है।

# रवि पीटर ने राज्यसभा चुनाव से नाम वापस लिया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड उलगुलान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रवि पीटर ने राज्यसभा चुनाव से अपना नाम वापस लेने की घोषणा की है। उन्होंने रविवार को मीडिया से बातचीत में इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि उनकी पहली इच्छा थी कि झारखंड से किसी राजनीतिक दल द्वारा किसी आदिवासी या दलित चेहरे को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा बैजनाथ राम को उम्मीदवार घोषित किया गया है। इसे देखते हुए उन्होंने चुनावी मैदान से हटने का निर्णय लिया है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने परिचयात्मक बैठक में नेताओं व कार्यकर्ताओं से किया आत्मीय संवाद

# प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर नितिन नवीन ने दिया मार्गदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के झारखंड प्रवास के दूसरे दिन रविवार को प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के कुच्चू (ओरमांझी) स्थित पैतृक आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, 2024 चुनावों के प्रत्याशियों एवं सांगठनिक दृष्टिकोण से रांची के तीनों जिले के कार्यसमिति सदस्य की परिचयात्मक बैठक हुई। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आवास पर ही अल्पाहार किया एवं प्रदेश अध्यक्ष के परिवारजनों से मुलाकात भी किया।



वहीं, बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद करते हुए संगठन की मजबूती, आगामी चुनौतियों और भाजपा के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। साथ ही, उन्होंने विकसित झारखंड एवं विकसित भारत के संकल्प को लेकर भी अपने विचार को साझा किया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, मुख्य सचेतक नवीन जयसवाल, सांसद बीड़ी राम, पूर्व सांसद रवींद्र पांडे, रामटहल चौधरी, किशुन दास, विधायक पूर्णिमा साहू, पुष्पा देवी, मेनका सरदार, अपर्णा सेन गुप्ता, कमलेश सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी, गंगोत्री कुजूर, आरती सिंह, सीमा शर्मा, कोचे मुंडा, अरुण उरांव, रांची की मेयर रोशनी खलखो, शोभा यादव, सत्यनारायण सिंह सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### नितिन नवीन बोकारो पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**बोकारो।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अपने एक दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंचे। जहां उनका रांची से बोकारो आने के क्रम में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बोकारो पहुंचने पर नया मोड़ स्थित बिरसा चौक पर भाजपा के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। अध्यक्ष के रूप में उनका बोकारो का पहला दौर था जिसे लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान नितिन नवीन सभी कार्यकर्ताओं से गाड़ी से उतरकर बारी-बारी मिले। इस दौरान कार्यकर्ताओं में जोश हाई दिखा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के बोकारो आने से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले वह यहां 15 दिनों के प्रवास पर रह चुके हैं। ऐसे में उन्हें जातिगत समीकरण से लेकर मजबूती और कमजोरी की जानकारी है। सभी ने दावा किया कि आने वाले समय में झारखंड के साथ बोकारो में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी। बोकारो में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपने व्यक्तिगत कार्यक्रम के दौरान अपनी मौसी के श्राद्ध क्रम में शामिल हुए। इसलिए उन्होंने कोई भी राजनीतिक टिप्पणी करने से परहेज किया। गौरतलब हो कि शनिवार को अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन रांची पहुंचे थे। जहां उन्होंने भाजपा के तमाम नेताओं के साथ बैठक की।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को छऊ नृत्य का मुखौटा सौंपकर राज्य की सांस्कृतिक विरासत की जानकारी देते भाजपा नेता।



प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को झारखंड के प्रकृति की महत्ता को दिखाने वाली सूर्य देव केंद्रित पेंटिंग भेंट की।

एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ोतरी पर कांग्रेस का हमला

# केंद्र सरकार पर लगाया जनविरोधी नीति का आरोप



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में हालिया बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच सरकार द्वारा 29 प्रति घरेलू सिलेंडर और 10.50 प्रति 5 किलोग्राम सिलेंडर की बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जहां गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 410 थी, वहीं आज यह 1000 से अधिक हो चुकी है, जिससे आम परिवारों का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उज्ज्वला योजना के बावजूद बढ़ती कीमतों के कारण गरीब परिवारों पर रसोई गैस का बोझ बढ़ गया है और कई लोग फिर से पारंपरिक ईंधन पर निर्भर होने को मजबूर हैं। प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने मांग की है कि गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए और आम जनता को राहत देने के लिए सब्सिडी बढ़ाई जाए।

# कांग्रेस अब स्वतंत्र रूप से अपनी तैयारी करे : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि कांग्रेस को स्वतंत्र तौर पर अपनी चुनावी तैयारी करनी चाहिए। मीडिया से रविवार को बातचीत में उन्होंने कहा है कि भाजपा जानती है कि उनकी हार अवश्यंभावी है। नैतिक रूप से उसे चुनाम लड़ने का हक नहीं है। झामुमो ने पहले ही कांग्रेस को कहा था कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चुनाव होना है। लेकिन कांग्रेस प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष ने चीजों को सही ढंग से पहचाना नहीं। उन्होंने कहा कि संख्या बल के हिसाब से झामुमो उम्मीदवार की जीत तय है। ऐसे में कांग्रेस को अब स्वतंत्र रूप अपनी तैयारी करनी चाहिए।

### बंगाली युवा मंच की नई कार्यकारिणी गठित, सुप्रियो बने संरक्षक

**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक में रविवार को नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। सुप्रियो भट्टाचार्य को सर्वसम्मति से मंच का संरक्षक मनोनीत किया गया। उनके मार्गदर्शन में गठित नई समिति में अभिषेक कुमार चौधरी को अध्यक्ष, जबकि जयंतो कार और शंकर रक्षित को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अनूप चक्रवर्ती सचिव, डॉ. पंपा सेन बिस्वास प्रवक्ता व महिला विंग प्रभारी और संजीब बोस व अमर कुमार दास सह सचिव बनाए गए। मंच के कोषाध्यक्ष ने पिछले दो वर्षों का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

# कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की पढ़ाई जारी रखा जाए : आजसू

**रांची।** आजसू ने रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कॉलेजों में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों को बंद कर सिर्फ विश्वविद्यालय के विभागों में संचालित किए जाने की संभावित योजना का विरोध किया है। इस संबंध में आजसू के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव ने कहा कि इसपर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई कॉलेजों में स्नातकोत्तर सीटों का आवंटन शून्य किए जाने की सूचनाएं आ रही हैं, जिससे उच्च शिक्षा की पहुंच प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड की भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियां अन्य राज्यों से भिन्न हैं। राज्य के ग्रामीण, आदिवासी व दूरस्थ क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपने नजदीकी कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई करते हैं। अगर स्नातकोत्तर शिक्षा सिर्फ विश्वविद्यालय परिसरों तक सीमित कर दी जाती है, तो आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना कठिन हो जाएगा। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) उच्च शिक्षा में पहुंच, समावेशिता और अवसरों के विस्तार पर बल देती है। ऐसे में कॉलेजों से पीजी पाठ्यक्रम समाप्त करना शिक्षा के विकेंद्रीकरण की भावना के विपरीत होगा।

**पीएसी की बैठक** प्रदेश कांग्रेस की संगठन सृजन, राज्यसभा चुनाव और एसआईआर को लेकर बनी रणनीति

# रास की दोनों सीटों पर गठबंधन की जीत तय : के राजू

- झारखंड में संगठन सृजन का कार्य पिछले डेढ़ वर्षों से चल रहा है और अब यह अंतिम चरण में पहुंच चुका है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के स्थायी सदस्य एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू की उपस्थिति में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक रविवार को पुराना विधानसभा सभागार में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राज्यसभा चुनाव के संबंध में भेजे गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर के. राजू ने कहा कि कांग्रेस और गठबंधन के सभी विधायक पूरी तरह एकजुट हैं तथा राज्यसभा की दोनों सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में संगठन सृजन का कार्य पिछले डेढ़ वर्षों से चल रहा है और अब यह अंतिम चरण में पहुंच चुका है।


ग्राम पंचायत समिति, प्रखंड कांग्रेस समिति, जिला कांग्रेस समिति तथा प्रदेश कांग्रेस समिति का गठन पूरा कर लिया गया है। सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं और उनकी जवाबदेही भी तय कर दी गई है। प्रत्येक तीन माह में समीक्षा बैठक आयोजित कर उनके कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा।

के. राजू ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी मतदाता सूची से नाम हटाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस सफल नहीं होने देगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा एसआईआर के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस ने राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर दिए हैं ताकि मतदाताओं की सहायता की जा सके और किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न हटे। बैठक में संगठन की मजबूती, राज्यसभा चुनाव की तैयारियों तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, विधायक, पदाधिकारी एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रास चुनाव में महागठबंधन की दोनों सीटों पर जीत तय : कैलाश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता कैलाश यादव ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा प्रायोजित निर्दलीय उम्मीदवार के माध्यम से झारखंड की राजनीति को बदनाम करने का प्रयास कर रही है।

शनिवार को जारी बयान में कैलाश यादव ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है और राज्यसभा चुनाव के दौरान हमेशा झारखंड की छवि खराब करने की कोशिश करती रही है। उन्होंने दावा किया कि आगामी राज्यसभा चुनाव में महागठबंधन दोनों सीटों पर आसानी से जीत हासिल करेगा, क्योंकि गठबंधन के पास आवश्यक 56 विधायकों का समर्थन एकजुट रूप से मौजूद है। साथ ही चार निर्दलीय विधायक भी महागठबंधन की विचारधारा के पक्ष में हैं। यादव ने कहा कि भाजपा के पास केवल 21 वोट हैं और ऐसी स्थिति में उम्मीदवार उतारना अलोकतांत्रिक राजनीति का परिचायक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने एक निर्दलीय उम्मीदवार को मैदान में उतारकर धनबल के सहारे राज्यसभा चुनाव को प्रभावित करने और झारखंड को कलंकित करने की निंदनीय योजना बनाई है।

### मानसून से पहले रांची नगर निगम की बड़ी तैयारी

# डीबडीह और अशोक नगर नाले से निकाला गया 20 ट्रैक्टर कचरा

- जल-जमाव और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष सफाई अभियान जारी
- 12 सफाई मित्र और जेसीबी मशीन की मदद से हुई व्यापक सफाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आगामी मानसून को देखते हुए रांची नगर निगम ने शहर को जल-जमाव मुक्त रखने और निर्बाध जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए नालों एवं नालियों की विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को वार्ड संख्या-43 अंतर्गत डीबडीह रोड से अशोक नगर एवं अशोक आश्रम तक स्थित बड़े नाले की व्यापक सफाई कराई गई। नगर निगम द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान में 12 सफाईमित्रों की प्रतिनियुक्ति की गई। साथ ही जेसीबी मशीन एवं अन्य संसाधनों की सहायता से नाले में वर्षों से जमा गाद, मिट्टी और ठोस कचरे को हटाया गया। सफाई कार्य के दौरान नाले की गहराई एवं जलधारण क्षमता को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया गया ताकि बरसात के दौरान पानी का बहाव बाधित न हो।

अभियान के तहत नाले के दोनों किनारों पर उगी झाड़ियों और घास की भी छंटाई की गई। निगम के अनुसार सफाई के दौरान लगभग 20 ट्रैक्टर गाद और कचरा निकाला गया, जिससे क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

रांची नगर निगम ने कहा है कि मानसून के दौरान संभावित जल-जमाव एवं दुर्घटनाओं से निपटने के लिए शहरभर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालियों में प्लास्टिक, ठोस कचरा एवं निर्माण सामग्री न फेंकें तथा स्वच्छ एवं जलजमाव मुक्त रांची बनाने में सहयोग करें। निगम ने यह भी कहा कि किसी भी क्षेत्र में नालियों के जाम होने की सूचना टोल फ्री नंबर 18005701235 पर दी जा सकती है, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### सिग्नल के उपर विज्ञापन



**पिस्का मोड़** के आसपास एलीवेटेड कॉरिडोर के नीचे ट्रैफिक सिग्नल के ऊपर यूरो किड्स का लगा विज्ञापन। ऐसे अनैतिक स्कूल बच्चों को क्या पढ़ाएंगे? नगर निगम को अवैध विज्ञापन पर जुर्माना और कार्रवाई करनी चाहिए।



कांके डैम को प्रदूषणमुक्त बनाने की मुहिम तेज

# जलकुंभी हटाने और गाद सफाई का विशेष अभियान हुआ शुरू

- डैम में पोकलेन और अत्याधुनिक वीड हार्वेस्टिंग मशीन को सफाई के लिए लगाया गया है
- नगर निगम दीर्घकालिक प्रदूषण नियंत्रण और संरक्षण योजना पर भी कार्य कर रहा है
- अभियान का उद्देश्य कांके डैम को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त जलाशय के रूप में विकसित करना है
- नागरिकों से जल स्रोतों में कचरा, प्लास्टिक और मलबा नहीं डालने की अपील की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के प्रमुख जल स्रोतों में शामिल कांके डैम के संरक्षण, स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर रांची नगर निगम ने विशेष अभियान शुरू किया है। नगर आयुक्त के हालिया निरीक्षण के बाद दिए गए निर्देशों के तहत निगम की विभिन्न शाखाएं समन्वित रूप से डैम के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के कार्यों में जुटी हुई हैं।

नगर निगम की स्वच्छता शाखा एवं ट्रांसपोर्ट शाखा की संयुक्त टीम द्वारा कांके डैम में जमी जलकुंभी, गाद और अन्य अवांछित पदार्थों को हटाने के लिए व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए डैम में पोकलेन मशीन और अत्याधुनिक वीड हार्वेस्टिंग मशीन लगाई गई है। इन मशीनों की सहायता से जलाशय की सफाई कर उसकी जलधारण क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

डैम के आसपास उगी झाड़ियों और अनियंत्रित घासों की भी बड़े पैमाने पर कटाई की जा रही है। इससे क्षेत्र की स्वच्छता में सुधार होने के साथ-साथ डैम के सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं, अभियंत्रण शाखा द्वारा निकाली गई गाद का उपयोग कैचमेंट एरिया में अस्थायी पैदल मार्ग (पाथ-वे) निर्माण के लिए किया जा रहा है। इस पहल से डैम क्षेत्र में आने वाले लोगों के लिए बेहतर आवागमन और एंड-टू-एंड एक्सेसिबिलिटी सुनिश्चित होगी।

### कांके डैम को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नालों का पानी किया जा रहा डायवर्ट

डैम में प्रदूषण रोकने के लिए निगम ने नालों के पानी के सीधे प्रवाह को रोकने की दिशा में भी कदम उठाए हैं। इसके तहत ड्रेनों के पानी को आसपास स्थित निर्मित लेकिन वर्तमान में निष्क्रिय अस्थायी तालाबों की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। नगर निगम के अनुसार यह व्यवस्था तत्काल समाधान के रूप में लागू की जा रही है, जबकि स्थायी और दीर्घकालिक समाधान पर भी कार्य जारी है।

रांची नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि उसका उद्देश्य कांके डैम को एक स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त जलाशय के रूप में विकसित करना है, ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए इस महत्वपूर्ण जल स्रोत का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे जलाशयों, नालों और अन्य जल स्रोतों में प्लास्टिक, ठोस कचरा, निर्माण मलबा अथवा तरल अपशिष्ट न डालें तथा जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें।

### शिवा फाउंडेशन की अनूठी पहल

## बच्चों और अभिभावकों के बीच बांटे गए पौधे



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अवसर पर रविवार को बरियातू स्थित 'डांस वांस' नृत्य संस्थान में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रिय संस्था शिवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में शिवा फाउंडेशन के ट्रस्टी दीपक बंका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में शिवा फाउंडेशन के सदस्य अमित कुमार, डांस वांस नृत्य संस्थान के निदेशक शिवम् मनोहरण, राज लक्ष्मी मिश्रा, समाजसेवी संजीत गाड़ी तथा शिक्षक सन्नी मुंडा शामिल रहे।

# राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का हुआ भव्य आयोजन

- हजारों श्रद्धालुओं ने किए भगवान राधा-कृष्ण के दर्शन
- भजन-संध्या और महाआरती में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में रविवार को 269वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण से सराबोर रहा।

इस अवसर पर भगवान श्री राधा-कृष्ण का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। विशेष रूप से श्री राधारानी को मनोहारी आभूषणों एवं पुष्पों से सजाया गया, जिसकी भव्यता ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और देर शाम तक भक्तों का आगमन जारी रहा।

दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान को महाप्रसाद अर्पित किया। पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। महाप्रसाद में मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, लीची शरबत, सत्तू पानी, शीतल जल एवं आलू चिप्स का वितरण किया गया। लगभग दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष सोनी ने भक्तिमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

### गुरुनानक भवन में गुरबाणी प्रतियोगिता

**रांची।** गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा रविवार को गुरुनानक भवन में बच्चों के लिए गुरबाणी प्रतियोगिता आयोजित की गई। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्द्र सिंह ने अरदास कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रतियोगिता में 3 से 15 वर्ष तक के बच्चों को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया था। सभी प्रतिभागियों ने गुरु इतिहास से जुड़े सवालों के जवाब दिए और गुरबाणी का पाठ सुनाया। विभिन्न समूहों में वंश राज सिंह, शनाया अरोड़ा, सोहम सिंह और नमनदीप कौर ने क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा साची, मानवी, जन्नत, जीविका, लवप्रीत, बेअंत, इनाया और जागृत को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। मौके पर सत्संग सभा के अर्जुन देव मिड्ढा, सुरेश मिड्ढा, हरविंदर सिंह बेदी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शिवनारायण विद्यालय में समर कैंप का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा शिवनारायण विद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। रांची शाखा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल और पूर्व अध्यक्षों ने सभी क्षेत्रों के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को उचित मानदेय देकर सम्मानित किया गया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। एकाग्रता से ही हम अपने मन को शांत कर सकते हैं इसके लिए उषा विजयवर्गीय और निशा ने मंत्रोच्चारण और गीता के श्लोकों का अभ्यास कराया। रेखा जैन ने सहज आर्ट और चित्रकला के प्रति छात्राओं में रुचि जागृत करने की कोशिश की। बेबी शर्मा द्वारा नियमित दिनचर्या में करने लायक संक्षिप्त योगाभ्यास कराया। झारखंड कोच कार्तिक ने वुशु मार्शल आर्ट के द्वारा आत्मरक्षा के साथ पुलिस सेवा, सेना, सीआईएसएफ जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कैरियर बनने पर मार्गदर्शन किया। मीतू विजयवर्गीय ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित नृत्य कला का बेसिक प्रशिक्षण दिया। सभी छात्राओं को ड्राइंग कॉपी, क्रेयॉन् ,ड्रॉइंग शीट,पेंसिल , इरेज़र, शार्पनर दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिना बुबना ,मंजू केडिया, नैना मोर, बबीता नारसरिया ,रीता केड़िया, पुष्पा अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

### आज / कल




# राजयोग ही आरोग्य का मूल आधार: निर्मला बहन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हरमू रोड में केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने राजयोग को आरोग्य का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि शरीर के रोगों का मूल कारण मन की स्थिति है। योग मन, वचन और कर्म का आध्यात्मिक अनुशासन है। स्वस्थ जीवन को सच्ची संपदा बताते हुए उन्होंने आह्वान किया कि किसी विपदा या दुख-अशांति के घेरने से पहले लोग आध्यात्मिकता से खुद को बलवान बनाएं।

# कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की बड़ी बैठक

- अवैध अड्डेबाजी और नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का आदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपर पुलिस महानिदेशक-सह-दक्षिण छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आदेश तथा वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशन में नवीन पुलिस केंद्र स्थित यू.सी. झा हॉल में पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (यातायात) रांची, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची एवं पुलिस उपाधीक्षक, नगर नियंत्रण कक्ष ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में जिले के सभी पीसीआर एवं हाईवे पेट्रोल के पुलिस पदाधिकारियों, हवलदारों, आरक्षियों एवं चालकों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### सीबीएसई स्कूलों में योग ओलंपियाड का आयोजन

**रांची।** सीबीएसई ने राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी संबद्ध विद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि एनसीईआरटी की पहल पर राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन 15 से 18 जून तक ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाए। विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी देने की बात बोर्ड ने कही है, जो कि 10 जून तक होगा। योग ओलंपियाड के दौरान आसन, प्राणायाम, क्रिया, ध्यान आदि योगिक विधाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। योग ओलंपियाड की शुरुआत वर्ष 2016 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में की गई थी।

# युवक की मौत, डॉक्टर व सीएमओ से हाथापाई

- मामले में चिकित्सकीय प्रोटोकॉल का पालन किया गया है। वहीं, परिजन अब भी लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में युवक की मौत पर परिजनों ने रविवार को जमकर हंगामा किया। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर चिकित्सकों व अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। मामला इतना बढ़ गया कि परिजनों ने चिकित्सक और सीएमओ के साथ धक्का-मुक्की करते हुए हाथापाई भी की। इससे कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण बन गई। जानकारी के अनुसार अरगोड़ा थाना क्षेत्र निवासी पंकज (26) नामक युवक को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर देर रात ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया था। जांच के बाद उसे ऑर्थो विभाग में शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन चिकित्सक उसे बचा नहीं सके

### परिजनों का आक्रोश

मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए। आरोप लगाया कि अस्पताल में समय पर सही इलाज नहीं मिलने से युवक की मौत हो गई। वहां मौजूद डीएमएस श्री डॉ साकेत ने बताया कि परिजन इस बात पर लड़ने आए थे कि पानी क्यों नहीं पिलाया गया। पानी पिलाया होता तो जान बच जाती। हालांकि इलाज के प्रोटोकॉल के तहत पानी नहीं पीने नहीं दिया गया था।

ट्रॉमा सेंटर के डीएमएस डॉ साकेत कुमार ने लापरवाही के आरोपों को खारिज कर दिया।

उन्होंने बताया कि सड़क हादसे के शिकार मरीज के शरीर की कई हड्डियां टूट गई थीं। अत्यधिक रक्तस्त्राव हो चुका था। उसे बचाने की पूरी कोशिश हुई, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण उसकी मौत हो गई। वहीं, बाद में प्रबंधन द्वारा समझाने पर लोग शांत हुए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रिम्स प्रबंधन ने कहा कि मामले में चिकित्सकीय प्रोटोकॉल का पालन किया गया है। वहीं, परिजन अब भी लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

# बिजली बिल की गड़बड़ी दूर करें निर्बाध बिजली आपूर्ति हो : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाने के लिए उपायुक्त मंजूनाथ



भजंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बिजली बिल में गड़बड़ी से संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आम उपभोक्ताओं को गलत बिलिंग, अत्यधिक बिल राशि और मीटर संबंधी समस्याओं के कारण अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। अबुआ पोर्टल, जनता दरबार तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य संस्थानों तथा अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक भवनों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई, पोषण कार्यक्रमों और स्वास्थ्य सेवाओं पर बिजली संकट का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। इसके लिए आवश्यकतानुसार विशेष निगरानी व्यवस्था विकसित की जाए। उपायुक्त ने गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था मजबूत की जाए।

### पेयजल संकट की रोकथाम

उपायुक्त ने बिजली विभाग के साथ-साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को भी जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में बिजली बाधित होने से जलापूर्ति भी प्रभावित होती है, इसलिए दोनों विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए।

## नौ लाख का बिजली बिल देख भड़का उपभोक्ता

# विद्युतकर्मी की बेरहमी से की पिटाई, रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बिजली बिल को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। उमेडंडा निवासी विद्युतकर्मी राहुल कुमार की एक उपभोक्ता और उसके साथियों ने जमकर पिटाई कर दी, जिससे उनके माथे सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घायल राहुल कुमार का प्राथमिक उपचार बुढ़मू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

पीड़ित राहुल कुमार ने बताया कि वह पावर हाउस से कार्यालय की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम नाउज के समीप बमने पंचायत के डुंडु गांव निवासी रवि कुमार ने उन्हें रोक लिया। रवि ने आरोप लगाया कि उसके नाम पर 9 लाख 10 हजार 663 रुपए का बिजली बिल आया है और इसके लिए राहुल जिम्मेदार हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। राहुल के अनुसार उन्होंने उपभोक्ता को आवेदन देकर बिजली बिल में सुधार कराने की सलाह दी, लेकिन रवि ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। आरोप है कि रवि ने अपने गांव से अन्य लोगों को भी बुला लिया और सभी ने मिलकर राहुल की पिटाई कर दी। इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना की सूचना मिलते ही बुढ़मू पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के आने से पहले ही आरोपित फरार हो गए। पुलिस ने घायल राहुल कुमार को तत्काल बुढ़मू सीएचसी पहुंचाया। मामले में राहुल कुमार ने बुढ़मू थाना में लिखित आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र में लगातार अधिक बिजली बिल आने की शिकायतों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद कई उपभोक्ताओं को अपेक्षा से अधिक बिजली बिल मिल रहे हैं।


## झारखंड में प्री-मानसून का असर

# दिनभर बादल छाए रहने से तापमान में की गयी गिरावट दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने लगी हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश और बादलों की आवाजाही के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। इस दौरान सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर में सर्वाधिक 70.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में दिनभर बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में प्री-मानसून सिस्टम सक्रिय हो गया है, जिसके प्रभाव से मौसम का मिजाज बदला है। विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में इसका असर बना रहेगा। पिछले 24 घंटों में राज्य का सर्वाधिक



### लोगों को तपती गर्मी से राहत महसूस हुई

बदलते मौसम के कारण राजधानी सहित कई क्षेत्रों में लोगों को तपती गर्मी से राहत महसूस हुई। राज्य के प्रमुख शहरों में दर्ज तापमान के अनुसार, रांची में अधिकतम 34.9 डिग्री और न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जमशेदपुर में अधिकतम 37.2 डिग्री और न्यूनतम 26.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.5 डिग्री न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज हुआ। मौसम में आए बदलाव के कारण अधिकांश जिलों में गर्मी का प्रभाव कम हुआ है।

मौसम विभाग ने 11 जून के लिए राज्य के उत्तर-पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में गर्जन, बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। संभावित मौसमीय गतिविधियों को देखते हुए संबंधित क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य के विभिन्न जिलों में 13 जून तक गर्जन, आकाशीय बिजली और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका को लेकर भी येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले स्थानों से दूर रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी है।

रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे। हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ हो गया, लेकिन विभाग ने शाम के समय गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

# अंडर-23 सीनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

- 220 से अधिक पहलवानों की रही भागीदारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोकारो ।** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के सहयोग तथा बोकारो जिला कुश्ती संघ एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंडर-23 सीनियर झारखंड राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 2026 का बोकारो में रंगारंग शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत उद्घाटन

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुपमा सिंह, पूर्व सांसद प्रत्याशी धनबाद लोकसभा, एवं चास नगर निगम डिप्टी मेयर पूजा कुमारी ने किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के महासचिव अनिल सिंह, बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह तथा झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष श्री बबलू कुमार भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर एवं खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना से खेलने और जिला एवं राज्य का नाम रोशन करने का आह्वान किया। दिनांक 07 से 08 जून 2026 तक चलने वाली इस दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों से 220 से अधिक पहलवान, प्रशिक्षक एवं ऑफिसियल भाग ले रहे हैं। फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला वर्ग में 30 स्वर्ण, 30 रजत और 60 कांस्य पदक के लिए महामुकाबले की शुरुआत हो चुकी है। इस आयोजन को सफल बनाने में झारखंड कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव संजीव कुमार झा गिरिडीह जिला कुश्ती संघ सचिव जुगल किशोर महतो, लोहरदगा से महादेव उरांव एवं अजीत भगत, प्रकाश बादल, राजू कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## पंचायत सहायकों ने आंदोलन का किया ऐलान

**रांची।** राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ झारखंड प्रदेश की बैठक रविवार को मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुबोध पाठक ने की। इस दौरान संघ का पुनर्गठन किया गया। पंचायत सहायकों के हक और अधिकारों को लेकर जल्द आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राज्य के 24 जिलों से आए पंचायत सहायक शामिल हुए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों पर सरकार द्वारा कोई ठोस पहल नहीं किए जाने के कारण पंचायत सहायकों में नाराजगी है। इसी को देखते हुए सात सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार की जा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से संघ की नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें चंद्रदीप कुमार को प्रदेश अध्यक्ष, गौतम कुशवाहा, गौतम पांडे और विभा रानी को उपाध्यक्ष चुना गया।

# चोरी के बकरे के साथ मांस विक्रेता पकड़ा गया, चोर फरार




**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक मांस दुकान में चोरी का बकरा मिलने के बाद रविवार को जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने दुकान संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद मामले को बुढ़मू थाना पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं बकरा चोरी करने वाले कथित चोर अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार सारले पंचायत के धवैया टांड़ निवासी सीताराम महतो के घर के समीप बंधे तीन बड़े बकरे शनिवार देर रात चोरी हो गए। सीताराम महतो ने बताया कि रात में बकरियों के अचानक चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वे बाहर निकले तो देखा कि बकरा रखने वाले कमरे का ताला टूटा हुआ है और तीन बकरे गायब हैं। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने चोरों का पीछा किया। पीछा किए जाने पर कथित चोर एक बकरा रास्ते में छोड़कर भाग निकले, जबकि दो बकरों को अपने साथ ले जाने में सफल रहे। रविवार सुबह ग्रामीणों के साथ खोजबीन के दौरान सीताराम महतो खलारी स्टेशन रोड स्थित 'सूरज झटका मीट दुकान' पहुंचे, जहां उनका एक बकरा बंधा मिला।

# एफटीएस युवा रांची ने चलाया पौधरोपण अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से एफटीएस युवा रांची ने जून माह में दो विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया।

**5 दिवसीय पर्यावरण पौधरोपण अभियान :** पर्यावरण माह के अवसर पर 5 जून से एफटीएस युवा रांची द्वारा 5 दिवसीय पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तीसरे दिन दयानंद पब्लिक स्कूल और दयानंद नर्सिंग कॉलेज में पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में निदेशक एनके सिंह ने सक्रिय रूप से भाग लेकर सभी को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया। 'टीम ग्रीन' भी इस पुनीत कार्य में संस्था के साथ जुड़ी।

संस्था के सदस्यों ने बताया कि पौधरोपण प्रदूषण कम करने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष अभिनव मित्तल, सचिव कंचन कौर, डॉ सजीत कुमार, श्रृष्टि अग्रवाल, श्रृष्टि, जैतेग, अभय सहित कई सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शबरी बस्ती में 'संडे फनडे' का आयोजन : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शबरी बस्ती में 'संडे फनडे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 35 बच्चों ने गणित, अंग्रेजी और कंप्यूटर की कक्षाओं में उत्साह से भाग लिया। बच्चों ने सुंदर चित्रों और स्केच के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपने विचार रखे और हरित भविष्य के प्रति जागरूकता दिखाई। एफटीएस युवा रांची ने कहा कि बच्चों का उत्साह और उनकी मुस्कान संस्था के हर प्रयास को सार्थक बनाती है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संस्था का लक्ष्य समाज को पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने हेतु प्रेरित करना है।

## चूरी में कोयला गुणवत्ता विवाद बरकरार

# उठाव प्रभावित होने से रोजगार पर संकट

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** सीसीएल के एनके एरिया अंतर्गत चूरी कोलियरी में ई-बिडिंग के माध्यम से बेचे गए कोयले की गुणवत्ता को लेकर शुरू हुआ विवाद अब भी जारी रहा। गुणवत्ता को लेकर असंतुष्ट कोयला कारोबारियों ने सामान्य रूप से कोयला उठाव शुरू नहीं किया है, जिससे गतिरोध की स्थिति बनी हुई है।

इस बीच कारोबारियों ने कोयले की गुणवत्ता के साथ-साथ बैंकर लोडिंग शुल्क वसूली पर भी सवाल खड़े किए हैं। उठाव प्रभावित होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार पर भी असर पड़ने लगा है। कारोबारियों का आरोप है कि सीसीएल द्वारा जी-7 ग्रेड का कोयला बताकर ई-बिडिंग कराई गई और उसी के अनुरूप राशि वसूली गई, लेकिन उठाव के समय जो कोयला उपलब्ध कराया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता निर्धारित ग्रेड के अनुरूप नहीं है। कारोबारियों का कहना है कि कोयले की वास्तविक गुणवत्ता अपेक्षा से काफी कम है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी कारण कई कारोबारी कोयले का उठाव करने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि चूरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार का कहना है कि उपलब्ध कराए जा रहे कोयले का एफसी (फिक्स्ड कार्बन) जी-7 गुणवत्ता के कोयले के करीब है। उन्होंने बताया कि मामले की समीक्षा की जा रही है और जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।




### ग्रेड का पैसा देते हैं कारोबारी, कोयले रंग के पत्थर का नहीं

कोयला कारोबारी अशोक महतो ने कहा कि कोयला कारोबार में भुगतान कोयले के रंग या स्वरूप का नहीं, बल्कि उसके निर्धारित ग्रेड का किया जाता है। विभिन्न खदानों के कोयले की कीमत उसके ग्रेड के आधार पर तय होती है और कारोबारी भी उसी मानक के अनुसार भुगतान करते हैं। उन्होंने कहा कि चूरी कोलियरी का कोयला जी-7 ग्रेड बताकर बेचा गया है, जबकि उठाव के दौरान मिल रहा कोयला जी-11 ग्रेड जैसी गुणवत्ता का है। ऐसी स्थिति में कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित गुणवत्ता का कोयला उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तो सीसीएल को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कारोबारियों को उचित राहत देनी चाहिए। हर बार नुकसान केवल कारोबारियों को ही उठाना पड़े, यह न्यायसंगत नहीं है। कोयला उठाव प्रभावित होने का असर अब स्थानीय रोजगार पर भी दिखाई देने लगा है। चूरी कोलियरी से ई-बिडिंग के तहत कोयला उठाव कार्य में बड़ी संख्या में स्थानीय युवक, ट्रांसपोर्टर, ट्रक चालक, खलासी, लोडिंग कर्मी और अन्य श्रमिक जुड़े हुए हैं। उठाव की गति धीमी पड़ने से इन लोगों की आय प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विवाद का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो सैकड़ों परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकता है।

# नामकुम में तेज रफ्तार कार ने पेड़ में मारी टक्कर, 4 घायल, चालक फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत लोअर चुटिया में गुरुवार रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार चार लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार में सवार चारों युवक शराब के नशे में थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार तेज रफ्तार से आ रही थी और अचानक अनियंत्रित



होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। पुलिस ने घायलों को भेजा अस्पताल

सूचना मिलने पर नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों घायलों को तत्काल अस्पताल रवाना किया। सभी का इलाज जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और उसे थाने में रखकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, "हादसा नशे में ड्राइविंग के कारण हुआ है। फरार चालक की पहचान की जा रही है। कार के कागजात खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चालक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

**स्थानीय लोगों में आक्रोश**

लोअर चुटिया के लोगों ने कहा कि इस इलाके में रात के समय तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और नशे में ड्राइविंग पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# ताम्बोली हितैषी समिति का सामाजिक सम्मेलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली में ताम्बोली हितैषी समिति द्वारा सामाजिक सम्मेलन सह सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की। इस अवसर पर केंद्रीय समिति सहित विभिन्न स्थानों से कई गणमान्य सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में ताम्बोली समाज के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्हें मेडल एवं विभिन्न उपहार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें दिलीप दे, समित लाहा, कंचन दत्ता, नारायण लाहा, बैजनाथ दत्ता, महादेव चौधरी, रविचंद्र, बिल्टू दत्ता, संदीप दत्ता, भरत चौधरी, ताम्बोली हितैषी समिति के संस्थापक अरुण बरन सिंह, बनकेश आश, मनबोध नाग, खोखन हालदार सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## दृष्टिपात

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण मामले में आरोपी के घर इश्तेहार चस्पा



**पिठौरिया ।** थाना क्षेत्र के एक मामले में शादी का झांसा देकर युवती के साथ यौन शोषण के आरोप में नामजद आरोपी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कांड संख्या-122/25, दिनांक 16/09/2025, धारा-69 भा.न्या.सं के तहत दर्ज मामले में आरोपी के घर इश्तेहार चस्पा किया गया। जानकारी के अनुसार आरोपी बिरजू मुंडा, पिता गोंदरा मुंडा, ग्राम मुरपीरी, थाना बुढ़मू, जिला रांची के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। आरोपी पर युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का गंभीर आरोप है। पुलिस ने नियमानुसार प्रक्रिया के तहत आरोपी के आवास पर इश्तेहार चस्पा करते हुए उसे आत्मसमर्पण करने या न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मामले में पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### ट्रक में लगी आग, चालक बाल-बाल बचा

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के लमकाना मोड़ के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर शनिवार की रात लगभग1 बजे चावल लदे 18 चक्का ट्रक सीजी 13 एडब्लू 9581में अचानक आग लग गई। आग लगने से मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया. उसने किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई. इसके बाद ट्र सड़क किनारे धू-धू कर जलता रहा। ट्रक चालक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि वह छत्तीसगढ़ के कोरबा से चावल लादकर बंगाल जा रहा था। अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा और फिर आग भड़क उठी। चालक ने तुरंत गाड़ी सड़क किनारे रोकी और बाहर कूद गया। देखते ही देखते इंजन के साथ पूरा ट्रक आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही बेड़ो थाना प्रभारी कफील अहमद पैट्रोलिंग पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने एनएचएआई के टैंकर और दमकल को बुलाया। दोनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक ट्रक और उसमें लदा चावल पूरी तरह जलकर चुका था।


### पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के बोदा गांव के बौली सोकरा स्थित जंगल में रविवार की शाम लगभग 5 बजे कुसुम के पेड़ पर 17 वर्षीय जितवाहान धान उर्फ पिंटू का शव साड़ी में फांसी के फंदे से लटका मिला। पिंटू धान पिता ओहदार धान ग्राम महरू गांव का निवासी था। मृतक के पिता खेती बारी और मजदुरी का काम करते है। परिजनों के अनुसार वह कल शाम घर से निकला था। रात भर वापस घर नहीं लौटा था। परिजन खोज खोज कर परेशान रहे। लेकिन दिन में भी कोई सुराग नहीं मिला। रविवार को शाम करीब 5 बजे ग्रामीणों ने शव देखा और परिजन और पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का हाल बेहाल हो गया। खबर मिलते बेड़ो थाना प्रभारी मो कफील अहमद एएसआई सदाम माड़ी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। शव को पेड़ से उत्तार का पंचनामा कर थाना ले आयी। वही पुलिस घटना को लेकर परिजनो से पुच्छ ताक्ष कर रही है. थाना प्रभारी ने बताया कि मौत आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और वजह, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद साफ होगा। घटना के बाद परिजन का रो रो के बुरा हाल है।

### ऑटो पलटने से सात घायल, तीन रिम्स रेफर

**मांडर।** मांडर टांगरबसली रोड में नारो मोड़ के निकट शनिवार की शाम को एक ऑटो के पलट जाने से उसमें सवार तीन महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गये. घायलों में मुर्शिदाबाद बंगाल की सलीमा बीबी 42 वर्ष, रफीजुदीन शेख 55 वर्ष, पश्चिम बंगाल हावड़ा की मरियम कुजूर 35 वर्ष, सुषमा मुंडा 45 वर्ष, कालू एक्का 30 वर्ष, सुनील केरकेट्टा 45 वर्ष पतराटोली बेड़ो एवं चालक जेवियर कुजूर टांगर बीजुपाड़ा शामिल हैं. जिसमें से सलीमा बीबी, सुषमा मुंडा व मरियम कुजूर को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है. घटना शाम करीब साढ़े छह बजे की है. बताया जा रहा है कि ऑटो पर सवार लोग बेड़ो मेहमानी गये थे. और वहीं से बीजुपाड़ा वापस लौट रहे थे. इसी क्रम में सामने से आ रहे एक अल्टो कार ने ऑटो को धक्का मार दिया. जिससे ऑटो असंतुलित होकर सड़क पर पलट गयी।

### बाइक से टकराई कार, तीन युवक घायल




**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के बेड़ो ककरिया सड़क पर हरिहरपुर जामटोली बोका टिकरा सरना स्थल के निकट खूंटी रोड से बेडो.की ओर आ रहे एक ब्रेजा कार ने बेडो.से साईं मंदिर की ओर जा रहे बाइक को अपनी चपेट में लिया जिससे घटना स्थल पर बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में ब्राम्बे निवासी 18 वर्षीय आनंद उरांव, ब्राम्बे निवासी 17 वर्षीय विवेक उरांव एवं बेडो.टिकरा टोली निवासी रौशन उरांव को गंभीर चोटें आईं। इस बाइक पर सवार युवती को खरोंच तक नहीं आई। जबकि बाइक चालक को सबसे ज्यादा चोट लगी है। उसका पैर भी टूट गया। बाईक और ब्रेजा के बीच हुई टक्कर में कार भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि कार पर सवार लोग बाल बाल बच गए। सुचना मिलने पर पुलिस सब इंस्पेक्टर अक्षय कुमार सिंह सदल बल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को ग्रामीणों की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया। घटना रविवार के दिन के 12:30 बजे की है। प्राथमिक उपचार कर घायलों को चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर 2405 लोगों पर जुर्माना

**रांची।** राजधानी में सुगम यातायात और आमजन के लिए सुरक्षित सड़क व्यवस्था बहाल रखने को रविवार को भी अभियान चलाया गया। रांची यातायात पुलिस की ओर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान में 2405 लोगों के चालान काटे गए। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के सबसे ज्यादा मामले बिना हेलमेट के आए। इस मामले में 1234 लोगों को जुर्माना किया गया। नो पार्किंग व सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने के सभी मामलों में 866 वाहन चालक पर जुर्माना किया गया। बिना लाइसेंस के 34, फिक्सचर लाइट के 18, काली फिल्म के पांच, सीट बेल्ट के चार, सिग्नल पर लाल बत्ती पार करने के 42, बिना वर्दी ऑटो चलाने में 21, नो इंट्री के 22, क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाने के 41, तेज रफ्तार के 12, रॉन्ग साइड ड्राइविंग के 33 समेत अन्य मामले में अर्थदंड लगाया गया। उन्होंने बताया कि पिछले एक जून से चल रहे विशेष जांच अभियान के क्रम में नियमों के उल्लंघन के 22 हजार 825 मामले सामने आए हैं। सभी मामलों में जुर्माना हुआ है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बच्चे की मौत, पिता और एक अन्य घायल

**रामगढ़।** कुजू कोयलांचल में रविवार की दोपहर बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर एक 15 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। वहीं, दो लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि तेज बारिश के दौरान मुरपा कठरा टोला में विनोद महतो अपने 16 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार उर्फ तूफान के अलावे एक अन्य मनीष कुमार के साथ आंगन के सीढ़ी पर बैठे हुए थे। इसी बीच जोरदार आवाज के साथ आकाशीय बिजली की चपेट में तीनों लोग आ गए। इस बीच साहिल कुमार व विनोद महतो को इलाज के लिए रांची रोड स्थित द हॉप अस्पताल ले जाया गया। जहां साहिल कुमार की मौत हो गयी। जबकि विनोद महतो गंभीर रूप से घायल है। वही मनीष कुमार को मुरपा स्थित मनोरमा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इधर घटना की सूचना पाकर कुजू ओपी के सअनि राजेश कुमार अस्पताल पहुंचकर कर मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

# रामगढ़ में नितिन नवीन का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

नवीन मेल संवाददाता



### सांसद मनीष जायसवाल ने सौंपा मोमेंटो

इस मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शहीद निर्मल महतो चौक पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का विधिवत रूप से स्वागत किया। सांसद मनीष जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को एक विशेष तस्वीर और मोमेंटो प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।



### छत्तर मांडू में भी उमड़ी भीड़

शहीद निर्मल महतो चौक के बाद काफिला छत्तर मांडू पहुंचा, जहां दुर्गा मंदिर के सामने कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का एक बार फिर भव्य स्वागत किया। यहाँ भी नेताओं पर जमकर फूल बरसाए गए और बुके देकर उनका स्वागत किया गया।

**रामगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दो दिवसीय झारखंड प्रवास के क्रम में रविवार की अहले सुबह रांची से बोकारो जाने के क्रम में रामगढ़ जिला पूरी तरह भाजपाई रंग में सराबोर नजर आया। जिले की सीमा में प्रवेश करते ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐतिहासिक और बेहद जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत रामगढ़ के कोठार स्थित शहीद निर्मल महतो चौक से हुई। यहां सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का पारंपरिक झारखंडी संस्कृति के अनुसार ढोल-नगाड़ों, मनमोहक नृत्य और फूलों की भारी वर्षा कर अभिनंदन किया। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सहित अन्य नेताओं ने वीर शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चौक पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की, जहाँ उन्हें गुलदस्ता और अंग- वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस स्वागत समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। विशेषरूप से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला, वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, विजय जायसवाल, धनंजय कुमार पुटूस, संतोष शर्मा, शिवकुमार महतो, सरदार अनमोल सिंह, बृजेश पाठक, इलारानी पाठक, जगेश्वर प्रजापति, रूपा देवी, शशिशेखर सिंह, संजय अग्रवाल, तरुण साहू, शीतल सिंह, राजीव पामदत्त , उमेश प्रसाद, सुशांत पांडे, ऋषिकेश सिंह, प्रवीण कुमार सोनू, सहदेव ठाकुर, कुणाल दास, राजेश ठाकुर, मोहन पांडे, महेंद्र प्रजापति, दिलीप कुमार सिंह, विजय जायसवाल, सत्यजीत चौधरी, रामानंद महतो, किरण देवी, रूपलाल महतो, मनोज सिंह, दिनेश नायक सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के धरा रामगढ़ में कदम पड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दौरे और रामगढ़ में उनके स्वागत में उमड़ा अभूतपूर्व सैलाब से निश्चित रूप से स्थानीय कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा दिखा एवं आगामी सांगठनिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।

### डीसी की अध्यक्षता में हुई जिला खेल कार्यालय में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

# नवनिर्मित स्विमिंग पूल का संचालन जल्द शुरू करने का डीसी ने दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** उपायुक्त, रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला खेलकूद एवं पर्यटन कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम फुटबॉल, बैडमिंटन, जूडो वॉलीबॉल सहित अन्य खेलों से संबंधित संगठन के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके उपरांत उपायुक्त ने छत्तरमांडू स्थित नवनिर्मित स्विमिंग पूल का संचालन जल्द शुरू करने का निर्देश दिया साथ ही उपायुक्त ने स्विमिंग पूल एवं इंडोर स्टेडियम में स्थित बैडमिंटन कोर्ट के माध्यम से जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिद्धू कान्हू स्टेडियम रामगढ़ में विभिन्न खेल मैदान, कोर्ट आदि विकसित करने को लेकर सभी के साथ चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वही उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में जमीन के छोटे-छोटे क्षेत्र को चिन्हित करने एवं वहां नेट क्रिकेट, पिकल बॉल आदि खेलों का संचालन शुरू करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा प्रखंड स्तर पर खेल स्टेडियम चिन्हित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई एवं महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में संचालित फुटबॉल डे बोर्डिंग के संबंध में जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला खेल पदाधिकारी को डे बोर्डिंग सेंटर में विभिन्न खेल सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान जिले में खेल बैंक स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा की गई इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा जिला खेल पदाधिकारी को खेल बैंक में होने वाले उपकरणों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रामगढ़ जिले के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया। बैठक के दौरान उपस्थित विभिन्न खेल संगठनों के प्रतिनिधियों को जल्द से जल्द अपना पंजीकरण नियम अनुसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

रामगढ़ जिले में बड़े स्तर पर होने वाले खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के रुकने एवं उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त के द्वारा जिला खेल पदाधिकारी को जगह चिन्हित करने का निर्देश दिया गया।

## अंचल कमिटी बरकट्ठा के चौकीदार और दफादार संघ की बैठक संपन्न



- राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष स्व0 राम अवधेश सिंह की जयंती मनाने पर विचार विमर्श

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** अंचल कमिटी के झारखंड राज्य चौकीदार/दफादार/दिग्वार संघ के द्वारा आगामी 18 जून 2026 को राज्य पिछड़ा वर्ग के पूर्व अध्यक्ष सह पूर्व सांसद स्व० राम अवधेश सिंह की 89 वी जयंती हजारीबाग में मनाने को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर में एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र पासवान व संचालन जिला सचिव मुन्नीलाल पासवान द्वारा किया गया। विदित हो कि राज्य पिछड़ा वर्ग के पूर्व अध्यक्ष सह पूर्व सांसद स्व० राम अवधेश सिंह गरीबों, दलितों के मसीहा के रूप में जाने जाते रहे हैं। उनका संघर्ष पिछड़ा वर्ग के गरीब तबके के लोगो के प्रति आजीवन रहा। उक्त बातें बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं राजेंद्र पासवान ने कही। बैठक में संघ के अलावा आम जनता को भी उनकी जयंती में शामिल होने हेतु अपील की गई। वही मुनीलाल पासवान ने कहा कि स्व0 राम अवधेश सिंह की 89 वी जयंती के मुख्य अतिथि- झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रो० जानकी प्रसाद यादव तथा विशिष्ट अतिथि अरविंद कुमार राणा, महापौर हजारीबाग एवम उद्‌घाटन कर्ता कृष्णदयाल सिंह, झारखंड राज्य चौकीदार,दिगवार के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा किया जाएगा।बैठक में बरकट्ठा थाना व गोरहर थाना के चौकीदार बसीर अंसारी, बाल्मीकि पासवान, केदार पासवान, उसमान मियाँ, मुन्नी कुमारी,बदरी सिंह, शाबिर अंसारी, फारूक अंसारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## रामगढ़ जिले में तूफान के साथ हुई बारिश, तापमान में आई गिरावट



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में रविवार की दोपहर तूफान के साथ हुई जोरदार बारिश से तापमान में गिरावट आने से लोगों को राहत मिली। इससे पूर्व मौसम विभाग की ओर से रामगढ़ में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई थी। बारिश इतनी तेज थी कि शहरी क्षेत्र में नालियों का पानी सड़क पर बहने लगा। कुछ स्थानो पर तो ऐसी स्थिति आ गई की नाली के पानी के कारण सड़क का पता नही चल पा रहा था। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी हुई।

## योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही लक्ष्य : अजीत चंद्रवंशी

**इचाक।** भाजपा इचाक पश्चिमी मंडल की संगठनात्मक बैठक इचाक स्थित बहुउद्देशीय भवन में मंडल अध्यक्ष गोपाल कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति एवं जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीतिक सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।

### खास महाल की 796.17 एकड़ भूमि का एक माह तक होगा सर्वे, अभिलेख होंगे अपडेट

# 08 जून से 08 जुलाई 2026 तक 22 मौजों में चलेगा अभियान, लीज व नामांतरण की होगी जांच : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर जिले में खास महाल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 22 मौजों की कुल 796.17 एकड़ भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण 08 जून से 08 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य भूमि की वास्तविक स्थिति का आकलन कर राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करना तथा आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करना है। सर्वेक्षण के दौरान लीज नवीकरण, नामांतरण, हस्तांतरण, प्रयोजन परिवर्तन,




पुनर्ग्रहण एवं अतिक्रमण से संबंधित मामलों की जांच की जाएगी। अधिकारियों द्वारा भूमि के वर्तमान उपयोग और अभिलेखों में दर्ज विवरण का मिलान कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाएगा।

जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से खास महाल भूमि के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी, लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी होगी तथा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सर्वेक्षण के आधार पर आवश्यकतानुसार आगे की प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जिला प्रशासन ने संबंधित भूमि धारकों एवं आम नागरिकों से सर्वेक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की है, ताकि भूमि अभिलेखों को सटीक और अद्यतन बनाया जा सके।

### बैठक | रामगढ़ कार्यालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

# लंबित कांडों की समीक्षा व मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायात द्वारा 7 जून को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-सह- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, सभी अंचल निरीक्षक, थाना/ओपी प्रभारी एवं शाखा प्रभारियों के साथ कार्यालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अपराध गोष्ठी में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा बैठक प्रारंभ किया गया।

### बैठक में पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश

- शीर्षवार लंबित कांडों की समीक्षा किया गया तथा कांड के उद्भेदन, अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं कांड निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया।
- माह मई-2026 में प्रतिवेदित विशेष/अविशेष एवं निष्पादित विशेष/अविशेष काण्डों का समीक्षा किया गया तथा अप्रैल माह में प्रतिवेदित से अधिक काण्डों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।
- सभी थाना प्रभारियों को बलात्कार, पोक्सो एक्ट से संबंधित काण्डों को 60 दिन के अन्दर निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया।
- पासपोर्ट का सत्यापन 05 दिन के अन्दर पूर्ण कर पोर्टल में अपलोड करने का निर्देश दिया गया।
- आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली डायल 112 के तहत प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी को 10 मिनट के अंदर प्रतिक्रिया करने हेतु निर्देशित किया गया।
- पॉकेट पेंडिंग काण्डों की समीक्षा किया गया तथा काण्ड को लक्षित कर त्वरित गति से निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया।
- माह जून-2026 में संभावित निष्पादन होने वाले काण्डों की सूची की समीक्षा किया गया।
- विगत 05 वर्ष, 03 वर्ष एवं 02 वर्ष से लंबित सभी काण्डों का कारण, सहित अलग-अलग सूची तैयार कर लम्बित कार्रवाई को त्वरित गति से पूर्ण करते हुए निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- संगठित आपराधिक गिरोह की विवरणी तैयार करने तथा जेल से बाहर आये अभियुक्तों का सत्यापन करते हुए उसके वर्तमान गतिविधि की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार निरोद्धात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।
- गैर तामिला वारंट, स्थाई वारंट एवं फिरारियों की अद्यतन सूची तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करें।
- वारंट/इश्तेहार/कुर्की का निष्पादन से संबंधित समीक्षा किया गया।
- 156 (3) द0प्र0स0 के तहत प्राप्त लंबित न्यायालय परिवाद की समीक्षा किया गया तथा काण्ड दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया।
- पिछले चार माह में चेन, मोबाईल, पर्स छिनतई से संबंधित दर्ज काण्डों तथा उद्भेदन की स्थिति का समीक्षा किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिया गया।
- सम्पतिमूलक काण्ड एवं काण्ड में हुए उद्भेदन की स्थिति की समीक्षा की गई।
- दागियों का सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया।
- मालखाना के प्रभार की स्थिति की समीक्षा किया गया।
- अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित दर्ज काण्डों की समीक्षा की गई।
- आईटी एक्ट से संबंधित दर्ज काण्डों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिया गया।
- पीजी पोर्टल/सीपी ग्राम/ जन शिकायत कोषांग में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन ससमय करने हेतु निर्देशित किया गया।
- ईडीएआर/आईआरएडी पर प्रविष्टि की समीक्षा किया गया।
- नेटग्रिड आईटी समाधान परियोजना के तहत प्रदत गांडीवा और सुदर्शन आवेदन का अनुसंधान में उपयोग की समीक्षा किया गया।
- चरित्र/सेवा सत्यापन से संबंधित समीक्षा किया गया।
- सीसीटीएनएस लंबित आईआईएफ -1 to 6 और 8 to 11 की समीक्षा किया गया।
- ई-साक्ष्य :- (i) सीसीटीएनएस में वास्तविक समय/लाइव, संपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण डेटा प्रविष्टि, (ii)साक्ष्य संकलन हेतु ई-साक्ष्य एप के उपयोग की अद्यतन स्थिति। (iii) 07 वर्ष से अधिक के सजा वाले काण्डों में फोरेंसिक टीम द्वारा अविलंब साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक अनुसंधान की स्थिति। (iv) काण्डों का ससमय (60 एवं 90 दिन के भीतर) निष्पादित की स्थिति की समीक्षा की गई।
- डीसीबी शाखा में 01 जनवरी 2025 से 31 मई 2026 तक समर्पित निगरानी प्रस्ताव, सी0सी0ए0 प्रस्ताव एवं गुंडा पंजी में प्रविष्टि हेतु प्रस्ताव एवं पीआईटी एनडीपीएस के तहत कार्रवाई हेतु प्रस्ताव की समीक्षा किया गया।
- सड़क सुरक्षा के तहत वाहन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।
- अपने-अपने थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों को चयनित कर सीसीटीवी लगवाने हेतु निर्देशित किया गया है।
- आईएसएसओ लंबित कांडों की समीक्षा किया गया।
- जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया।
- यूडी कांडों की समीक्षा कर निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया।
- अवैध खनन के रोकथाम एवं अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी करने हेतु निर्देशित किया गया।
- आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर समीक्षा किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिया गया।

# दृष्टिपात

## बैंककर्मी के साथ मारपीट व छिनतई को लेकर पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत ग्राम लगनवां में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंककर्मी से मारपीट व छीनतई करने का मामला सामने आया है। इस बाबत साकीन न्यू बस स्टैंड वैशाली प्रेस गली झुमरी तिलैया निवासी शक्ति चौधरी पिता त्रिभुवन चौधरी ने गोरहर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जिसमें बताया है कि पांच जून की शाम लगभग 7.35 बजे विभिन्न गांवों में कलेक्शन कर अपनी मोटर साइकिल से बरकट्ठा बैंक लौट रहा था। इसी बीच लगनवां सोतीया पुलिया के समीप पहले से घात लगाए बैठे तीन अपराध कर्मी ने बाइक रोकवाकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। साथ ही मेरे मोबाइल फोन को पटककर तोड़ दिया और पैकेट से कलेक्शन के 11750 एवं बाइक की चाबी लेकर फरार हो गये। इस बाबत गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन किया जा रहा है।

## आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने पैदल मार्च निकालकर किया विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन




**भुरकुंडा।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने रविवार को हुरूमगढ़ा से भुरकुंडा तक विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का विरोध करते हुए भुरकुंडा जनता टॉकीज के समीप पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मार्च में शामिल सैकड़ों आदिवासी महिला-पुरुष झंडा-बैनर लेकर हुरूमगढ़ा से भुरकुंडा मेन रोड जनता टॉकीज तक पहुंचे। जहां प्रदर्शनकारियों ने आदिवासियों को वनवासी और सनातनी बताए जाने का विरोध करते हुए इसे उनकी पहचान और संस्कृति पर हमला बताया। सभा को संबोधित करते हुए आदिवासी संघर्ष मोर्चा के पतरातू प्रखंड संयोजक नरेश बड़ाइक, रामगढ़ जिलाध्यक्ष जयबीर हांसदा, देवानंद गोप, मनोज मुर्मू, दशाराम हेंब्रोम, ब्रह्मदेव मुर्मू , मनोज मांझी एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समुदाय की अपनी स्वतंत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान है। जिसे कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन की रक्षा, धर्म कोड की मान्यता और अपनी स्वायत्त पहचान के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी इतिहास, संस्कृति और अधिकारों को प्रभावित करने की साजिश की जा रही है। जिसके खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में सुनंदा देवी, गीता देवी, हीरा देवी, सुनीता देवी, बसंती देवी, शीला देवी, इंदु देवी, आयुषी मुर्मू, रीना हेंब्रोम, महक किस्कू, सीता सोरेन, प्रिंशी मुर्मू, अनीता सोरेन, सूरज मुर्मू, बबलू सोरेन, सचिन मुर्मू सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

## प्रहरी पहल के तहत नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी के विरुद्ध चला अभियान

**रामगढ़।** प्रहरी पहल के तहत 6 जून को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग तथा अन्य अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं पुलिस तथा आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य रामगढ़ पुलिस द्वारा सभी थाना/ओपी क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील स्थानों/मार्गों पर पैदल गश्ती की गई।


## डायन बताकर गाली-गलौज करने व मारपीट की धमकी को लेकर पीड़िता ने लगाई गुहार

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के एक गांव की महिला ने डायन बताकर उसके साथ गाली-गलौज करने, प्रताड़ित करने तथा मारपीट की धमकी देने को लेकर न्याय की गुहार लगाई है। इस सबंध में पीड़िता अनिता देवी ने थाना में आवेदन देकर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि गांव की ही एक महिला एवं उसकी बेटी अक्सर उसे डायन कहकर अपमानित करती हैं तथा झूठे आरोप लगाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है। आवेदन में कहा गया है कि आरोपित मां-बेटी उसके घर के पास पहुंचकर गाली-गलौज करने लगीं और उसकी बेटी की मौत के लिए भी उसे जिम्मेदार ठहराया, तथा कई घरेलू सामानों में भूत सौंपने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि गांव के लोगों द्वारा पहले भी मामले की जांच की जा चुकी है, बावजूद इसके आरोपित लगातार उसे परेशान कर रहे हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि मोबाइल फोन पर भी धमकी दी जाती है और जान-माल की क्षति पहुंचाने की बात कही जाती है।पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वीबीयू ने सेमेस्टर-III परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि की जारी, 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन

**बरही।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (वीबीयू) ने विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर-III परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अधिसूचना जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के अनुसार छात्र-छात्राएं 08 से 21 जून तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। यह अधिसूचना एफवाईयूजीपी सेमेस्टर-III (सत्र 2024-28, 2023-27), यूजी व्यावसायिक पाठ्यक्रम सेमेस्टर-III (सत्र 2024-27), एफवाईयूजीपी सेमेस्टर-III (सत्र 2022-26 विशेष) तथा यूजी सेमेस्टर-III (सत्र 2021-24 विशेष) के विद्यार्थियों पर लागू होगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से भरा जाएगा। सामान्य पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क 650 रुपये तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए 1550 रुपये निर्धारित किया गया है। 22 जून से विलंब शुल्क के रूप में 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त देय होगा। फॉर्म भरने के लिए विद्यार्थियों को पासपोर्ट आकार का फोटो एवं हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। साथ ही आंतरिक परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी है।

## तिलैया डैम में नहाने के दौरान इंजीनियर की डूबने से मौत, गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा



**बरही।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र स्थित बराकर नदी में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 32 वर्षीय इंजीनियर अविनाश शर्मा की डूबने से मौत हो गई। अविनाश बिहार के बोधगया निवासी थे और अपने छह दोस्तों के साथ तिलैया डैम घूमने आए थे। जानकारी के अनुसार घूमने के दौरान अविनाश अपने दो दोस्तों के साथ नदी में नहाने उतरे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज गहराई और पानी के बहाव के कारण वे लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही तिलैया डैम ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद युवक का शव नदी से बरामद किया गया। हादसे के बाद मृतक के दोस्तों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना एक बार फिर पर्यटन स्थलों और जलाशयों में सावधानी बरतने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि डैम, नदी और गहरे जलक्षेत्रों में नहाने या सेल्फी लेने के दौरान विशेष सतर्कता बरतें तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्यकर्ता निभाएं सक्रिय भूमिका

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संगोष्ठी सह एसआईआर विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव एवं महिला जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों, संविधान के मूल्यों और जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।जिला प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से न छूटे।

### तोरपा विधानसभा क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

# सात एंबुलेंस और तीन शव वाहन से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया आधार

- पहले मैं आपका बेटा हूं, उसके बाद विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और यादगार साबित हुआ, जब क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ी सौगात मिली। आजादी के बाद पहली बार बानो, रनिया, तोरपा और कर्रा प्रखंड के लोगों को एक साथ इतनी बड़ी संख्या में एम्बुलेंस और शव वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। तोरपा विधानसभा के विधायक सुदीप गुड़िया ने 7 एम्बुलेंस और 3 शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच एक बड़ी चुनौती रही है। सड़क और वाहन की कमी के कारण कई बार मरीजों को खटिया में उठाकर अस्पताल पहुंचाने की खबरें सामने आती रही हैं।



विशेषकर बानो प्रखंड का भौगोलिक क्षेत्र बड़ा होने के कारण लोगों को आपातकालीन सेवाओं के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।बानो प्रखंड को तीन एम्बुलेंस और एक शव वाहन मिला है। इनमें एक एम्बुलेंस स्वास्थ्य केंद्र, दूसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो और तीसरी जितुटोली मिशन को दी गई है। साथ ही बानो थाना को भी एक शव वाहन उपलब्ध कराया गया है। इससे दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक सुदीप गुड़िया अक्सर अपने कार्यक्रमों में कहते हैं, "पहले मैं आपका बेटा हूं, उसके बाद विधायक।" यही कारण है कि आज गांव-गांव में उनकी पहचान एक जनप्रतिनिधि के साथ-साथ लोगों के बीच रहने वाले नेता के रूप में बन रही है।वहीं, क्षेत्र में सड़क और पुल निर्माण के कारण आवागमन की स्थिति में भी बड़ा बदलाव आया है। कोयल-कारो क्षेत्र में बने उच्च स्तरीय पुलों ने नदियों को अब विकास में बाधा नहीं बनने दिया है। इससे तोरपा विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों के बीच दूरी कम हुई है और स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य सुविधाओं तक पहुंच पहले से अधिक आसान हुई है। यह पहल क्षेत्र के विकास और जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## गौवंशीय पशु तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

- न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने गौवंशीय पशु तस्करी से जुड़े एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। केरसई थाना कांड संख्या-31/2025, दिनांक 26 अक्टूबर 2025, के तहत दर्ज मामले में पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्राथमिकी अभियुक्त अमीर अंजर लंबे समय से फरार चल रहा है। इसके बाद न्यायालय से वारंट प्राप्त कर गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू की गई।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 जून 2026 को आरोपी को उसके वर्तमान निवास बनडेगा बस्ती, थाना बनडेगा ओपी सुंदरगढ़, ओडिशा से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, आरोपी गौवंशीय पशुओं की खरीद-बिक्री और अवैध तस्करी में संलिप्त था। वह पशुओं को वाहनों में लोड कर अवैध तरीके से परिवहन कराने का काम करता था। जब्त पिकअप वाहन नंबर ओआर16सी-0988) का मालिक भी वही बताया गया है। मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## करुणा और सेवा के मार्ग पर चलें : खाखा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आरसी चर्च सोगड़ा में रविवार को प्रथम परम प्रसाद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर पात्रिक की अगुवाई में विशेष पवित्र मिस्सा पूजा संपन्न हुई। उनके सहयोगी के रूप में उपस्थित फ़ा अलेक्सियूस, फ़ा ऑस्कर बेक ने भी मिस्सा बलिदान में सहभागिता निभाई। विशेष प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण कर अपने विश्वास जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय में प्रवेश किया। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष जोसिमा खाखा ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि परम प्रसाद ग्रहण करने के साथ बच्चों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे अपने जीवन में मसीही मूल्यों को अपनाएं तथा सत्य, प्रेम, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि यह दिन बच्चों के जीवन का एक महत्वपूर्ण और यादगार क्षण है। परम प्रसाद ग्रहण करना केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि प्रभु के साथ आत्मिक संबंध को और अधिक मजबूत बनाने का अवसर है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता, शिक्षकों और बुजुर्गों का सम्मान करें। नियमित रूप से प्रार्थना करें तथा शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपने जीवन में स्थान दें। आज के बच्चे ही कल के समाज और राष्ट्र के भविष्य हैं। यदि वे अच्छे संस्कारों, अनुशासन और ईश्वर के मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ेंगे तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जोसिमा खाखा ने अभिभावकों से भी बच्चों को धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा देने तथा उन्हें अच्छे नागरिक के रूप में तैयार करने का आह्वान किया। मौके प्रचार अनिल कुजूर प्रचार सिप्रियन कुंडी, सी मंजू, ललित तिर्की आदि उपस्थित थे।



## बनजोगा से चोरी की गई अपाचे मोटरसाइकिल बरामद, नाबालिग निरुद्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जलडेगा थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का सफल उद्भेदन करते हुए चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है तथा मामले में संलिप्त एक नाबालिग को निरुद्ध किया। जानकारी देते हुए जलडेगा थाना प्रभारी सकलदेव महतो ने बताया कि बनजोगा नीचे टोली निवासी सोमा टोपनो द्वारा अपनी टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (OD14N-3829) चोरी होने की लिखित शिकायत थाना में दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर जलडेगा थाना कांड संख्या 36/26 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की गई। इसी क्रम में कारीमाटी-खरवागढ़ा रोड स्थित कुकुरभूखा के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद बाइक से नंबर प्लेट हटा दी गई थी, जिसकी पहचान इंजन एवं चेसिस नंबर के आधार पर की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में संलिप्त एक नाबालिग को निरूद्ध किया एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे रविवार को किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने मामले में प्रयुक्त एक प्लास भी जब्त किया है।




## मंडल कार्यशाला की तैयारी को लेकर भाजपा सेवई मंडल की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सेवई में भारतीय जनता पार्टी मंडल की ओर से आगामी मंडल कार्यशाला की तैयारी एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों के निर्धारण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला कार्यकारिणी सदस्य अवध किशोर लौगढिया ने कहा कि किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी मंडल कार्यशाला को सफल बनाने के लिए अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।बैठक में मंडल अध्यक्ष श्रवण गोवंशी, उपाध्यक्ष जयमंगल यादव, महामंत्री विकास गोप एवं कृष्णा मांझी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और आगामी मंडल कार्यशाला को सफल बनाने का संकल्प लिया। अंत में संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और दायित्वों का समर्पण के साथ निर्वहन करने का निर्णय लिया गया।



### आदिवासी लोहरा समाज की पंचायत बैठक बीरू में संपन्न

## एकता और शिक्षा पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बीरू में रविवार को आदिवासी लोहरा समाज जिला सिमडेगा की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की एकता को मजबूत करना, संस्कृति संरक्षण, शिक्षा के विकास तथा सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने वर्तमान सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए सभी लोगों को संगठित होकर कार्य करना होगा तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना जरूरी है।बैठक में शिक्षा, सामाजिक विकास, युवा सहभागिता, महिला सशक्तिकरण और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने समाज हित में मिल-जुलकर कार्य करने और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष संदीप नाग, जिला उपाध्यक्ष आश्रित इन्द्वार, प्रदेश समिति सदस्य सह बीरू मुखिया गंगाधर लोहारा सहित कई पदाधिकारी और समाज के लोग मौजूद रहे। बैठक का समापन "जय सरना, जय आदिवासी लोहारा समाज" के उद्घोष के साथ हुआ।



### 35 बच्चों ने ग्रहण किया पहला परम प्रसाद

**जलडेगा।** प्रभु यीशु के शरीर एवं रक्त पर्व के पावन अवसर पर कैथलिक चर्च टाटी में आयोजित विशेष धर्मविधि के दौरान 35 बच्चों ने प्रथम बार परम प्रसाद ग्रहण किया। यह अवसर पूरे पल्ली समुदाय के लिए आध्यात्मिक उल्लास और आनंद का क्षण बन गया। प्रथम परम प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चों को इसके लिए विशेष धर्मशिक्षा प्रदान की गई थी। बच्चों को तैयार करने में पल्ली के सभी प्रचारकों एवं धर्म बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से पल्ली के मुख्य प्रचारक त्योफिल सुरीन ने अपना बहुमूल्य समय देकर बच्चों को धार्मिक रूप से तैयार किया, जिससे वे श्रद्धा और विश्वास के साथ पहला परम प्रसाद ग्रहण कर सकें। अपने संदेश में उन्होंने बच्चों एवं उपस्थित विश्वासियों को प्रभु यीशु को अपने जीवन में ग्रहण कर उनकी शिक्षा, प्रेम, क्षमा और भाईचारे के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## 37 बच्चों ने ग्रहण किया पहला परमप्रसाद संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड के साहुबेड़ा आरसी चर्च में रविवार को धार्मिक आस्था और उल्लास के बीच पहला परमप्रसाद संस्कार समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर बिमल जोजो के पावन हाथों से पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया तथा 37 बच्चे-बच्चियों ने पहला परमप्रसाद संस्कार ग्रहण किया।अपने संदेश में फादर बिमल जोजो ने कहा कि परमप्रसाद का अर्थ प्रभु यीशु मसीह के सच्चे मांस और लहू को अपने शरीर में ग्रहण करना है। उन्होंने कहा कि संस्कार ग्रहण करने के बाद बच्चों को ईश्वर के मार्ग पर चलकर समाज और कलीसिया की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को सच्चे मसीही जीवन जीने का संदेश दिया।

समारोह में बड़ी संख्या में ख्रीस्त विश्वासी शामिल हुए और बच्चों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर साहुबेड़ा पंचायत की मुखिया सुसाना जड़िया, पल्ली अध्यक्ष फ्रांसिस तोपनो, कामिल डांग, निर्मला होरो, मंगल तोपनो, प्रचार विजय कन्डुलना, पुष्पा हेरेंज, ब्रदर गण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### फर्जीवाड़ा | स्कॉलरशिप और एडमिशन के नाम पर फर्जीवाड़े का भंडाफोड़

# सिमडेगा में 600 से अधिक युवा हुए ठगी के शिकार

- धीरे-धीरे मामला बढ़ने पर इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में स्कॉलरशिप और बड़े विश्वविद्यालयों में एडमिशन दिलाने के नाम पर कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। इस मामले में 600 से अधिक युवाओं को निशाना बनाए जाने की बात कही जा रही है। घटना के सामने आने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, सिमडेगा के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के सभागार में जिले के सैकड़ों युवाओं को स्कॉलरशिप और बड़े विश्वविद्यालयों में एडमिशन दिलाने के नाम पर बुलाया गया था। आयोजन में बाहर से आए कुछ लोग युवाओं से 200-200 रुपये लेकर उन्हें एक सर्टिफिकेट दे रहे थे। इस दौरान मौजूद कुछ युवाओं और अभिभावकों को दिए जा रहे सर्टिफिकेट पर रजिस्टर्ड नंबर नहीं होने और पूरी प्रक्रिया संदिग्ध लगने लगी। शंका होने पर युवाओं ने सवाल उठाना शुरू किया, जिसके बाद मौके पर हंगामा हो गया। धीरे-धीरे मामला बढ़ने पर इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की गई।पीड़ित युवाओं ने आरोप लगाया कि उन्हें बेहतर शिक्षा और स्कॉलरशिप का झांसा देकर पैसे लिए गए। कई युवाओं ने कहा कि कार्यक्रम के बारे में उन्हें अलग-अलग माध्यमों से जानकारी दी गई थी और भरोसा दिलाया गया था कि उन्हें नामी संस्थानों में दाखिला मिलेगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओ सिमडेगा सुमंत तिर्की स्वयं मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने की बात कही। फिलहाल पुलिस युवाओं से पैसे लेने वाले चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।





## दृष्टिपात

### सांप के काटने से किशोर की मौत, मुखिया प्रीति बुढ़ ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत बिंतुका पंचायत के टुड़यू ग्राम कुटमा कोना में बीते 1 जून 2026 को सांप के काटने से बिरसा सिंह की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।शनिवार देर शाम बिंतुका पंचायत की मुखिया प्रीति बुढ़ ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को सहयोग स्वरूप सूखा राशन उपलब्ध कराया और दुख की घड़ी में हिम्मत बनाए रखने की बात कही।मुखिया प्रीति बुढ़ ने बताया कि तबीयत खराब होने के कारण वह पहले पीड़ित परिवार से मिलने नहीं पहुंच सकी थीं। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उन्होंने परिवार से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### हुरदा बाजार में सिलाई दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख



**बानो।** बानो प्रखंड के हुरदा बाजार स्थित मगन महतो की सिलाई दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दुकान में रखा सिलाई मशीन, कपड़े और अन्य सामान जलकर राख हो गए।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और पुलिस के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया, जिससे आसपास की दुकानों को आग की चपेट में आने से बचाया जा सका।आग लगने के बाद बाजार क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस घटना में दुकान मालिक मगन महतो को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### हथियार के बल पर बाइक लूट, अपराधी गिरदा ओपी क्षेत्र में बाइक जलाकर फरार



**बानो।** बानो प्रखंड के गिरदा ओपी क्षेत्र निवासी कुलदीप कोटवार की बाइक छह अपराधियों ने हथियार के बल पर उड़ीसा के पनियासाल में लूट ली। घटना के बाद अपराधियों ने बाइक को गिरदा ओपी क्षेत्र अंतर्गत उड़ीसा सीमा के पास लाकर जला दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप कोटवार अपने एक साथी के साथ बाइक से उड़ीसा से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पनियासाल के पास दो बाइक पर सवार छह अपराधियों ने उन्हें रोक लिया और हथियार के बल पर उनकी बाइक लूट ली। घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है।लूट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक को गिरदा थाना क्षेत्र के उड़ीसा रोड पर ले गए और उसे आग के हवाले कर दिया। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने गिरदा ओपी में मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मनरेगा व आवास योजना में अनियमितता का आरोप, बीएफटी को हटाने की मांग

**बानो।** बानो प्रखंड की रायकेरा पंचायत में कार्यरत बीएफटी सह रोजगार सेवक प्रभार बासुदेव साहू पर मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता और अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन उपायुक्त, उप विकास आयुक्त तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा कार्यों में मेट से प्रति योजना करीब तीन हजार रुपये वसूले जाते हैं। वहीं मस्टर रोल और जियो टैगिंग के नाम पर भी अतिरिक्त राशि मांगी जाती है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार राशि नहीं देने पर कार्यों में बाधा उत्पन्न की जाती है और मजदूरों के भुगतान में देरी होती है।आवेदन में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से जियो टैगिंग के लिए एक हजार रुपये मांगने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इन कथित अनियमितताओं से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लाभुकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित बीएफटी सह रोजगार सेवक को पंचायत से हटाने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। शिकायत की जांच के बाद ही आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

### वार्ड 7 की बीएलओ रिंकी कुमारी की याददाश्त और कार्यशैली की हो रही सराहना




**सिमडेगा।** मतदाता सूची से जुड़े कार्यों के दौरान वार्ड संख्या 7 की बीएलओ रिंकी कुमारी अपनी कार्यशैली और याददाश्त को लेकर चर्चा में हैं। क्षेत्र में परिवार मैपिंग जांच के दौरान उन्होंने एक परिवार के लगभग सभी सदस्यों दादा-दादी, माता-पिता और बच्चों के नाम सहजता से गिना दिए और बताया कि उनका कार्य पूरा हो चुका है।मौके पर मौजूद नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक रिंकू ने कहा कि रिंकी कुमारी को अपने क्षेत्र के लगभग हर मतदाता और परिवार की जानकारी याद रहती है, जो उनके कार्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उपस्थित लोगों ने भी उनकी स्मरण शक्ति और जिम्मेदारी निभाने के तरीके की सराहना की।रिंकी कुमारी वार्ड 7 क्षेत्र में बीएलओ के रूप में कार्यरत हैं। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष अन्य कर्मियों के साथ दरी पर बैठकर मैपिंग कार्य की निगरानी करते दिखे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में कोई पात्र व्यक्ति छूटे नहीं, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# चैनगडा में भक्तिभाव के साथ मंडा पूजा संपन्न, मेला में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

- दहकते अंगारों पर चले भोक्ता और सोक्ताईन, बनस झूला पर झूलकर भक्तों ने दिया आस्था का परिचय

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** श्रीश्री शिव मण्डा पूजा समिति चैनगडा के तत्वावधान में चैनगडा गांव में रविवार को मण्डा पूजा श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। मंडा मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष जुगेश बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंडा पूजा के दौरान दर्जनों दर्जनों भोक्ता और सोक्ताईनों ने दहकते अंगारों पर चलकर तथा बनस झूला पर झूलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा का परिचय दिया। शिवभक्ति में लीन श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर मेले में समां बांध दिया। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की तथा विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मंडा पूजा हमारी संस्कृति, परंपरा और लोक आस्था का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।

मंडा पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष भीम महतो, सचिव बिट्टू महतो, कोषाध्यक्ष हरीलाल महतो, संगठन मंत्री उदित महतो एवं रौशन मुंडा, उपाध्यक्ष भागीरथ महतो और दीपक तूरी, सह सचिव नरेश बेदिया तथा मीडिया प्रभारी नूतन महतो, सलाहकार समिति के गिरीशंकर महतो, सिकंदर करमाली, अजय महतो, तुलेश्वर उरांव, बालेश्वर प्रसाद, राजेंद्र बेदिया, भूषण बेदिया, शिवनारायण बेदिया, राजेश्वर बेदिया सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्य नरेश महतो, सेवक महतो, मुकेश महतो, तुलसी करमाली, सलीखा बेदिया, उमेश महतो, दिनेश करमाली एवं दिनेश उरांव का विशेष योगदान रहा। मौके पर द्वारिका महतो, रंजीत करमाली, मुकेश उरांव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# गंडकीदा गांव के एकलव्य विद्यालय चोरी कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र स्थित गंडकीदा गांव के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में 06 जून को हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गए सामान भी बरामद कर लिए हैं।

इस संबंध में रविवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रफायल मुर्मू ने पूरी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि विद्यालय से फर्नीचर और अन्य उपयोगी सामग्री की चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने विशेष जांच शुरू की।

जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने गंडकीदा गांव के जंजरासाई टोला निवासी राम हेंब्रम (38) और रासिका हेंब्रम (31) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की, जहां से चोरी गया सामान बरामद किया गया। बरामद सामग्री में नौ लोहे के बेड (प्लाई सहित),चार गद्दे और बजाज कंपनी के आठ पंखे शामिल हैं।

पुलिस ने सभी सामान जब्त कर लिया है और उसे विद्यालय प्रबंधन को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एसडीपीओ रफायल मुर्मू ने बताया कि घटना के शीघ्र उद्भेदन में पुलिस टीम की सक्रियता और तकनीकी जांच की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

इस कार्रवाई में एसडीपीओ रफायल मुर्मू के नेतृत्व में झींकपानी के इंस्पेक्टर वासुदेव मुंडा,कुमारडुंगी थाना प्रभारी सुनील कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक मिलन कर्माली, सहायक अवर निरीक्षक सोमाय टुडू, सुनील कुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत थाना मोहल्ला कोनरा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

# 52 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच, 50 लोगों का एक्स-रे व 2 बलगम नमूने लिए गए



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल बरही के तत्वावधान में थाना मोहल्ला कोनरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना था।

शिविर में कुल 52 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 16 पुरुष एवं 36 महिलाएं शामिल थीं। जांच के दौरान 50 लोगों का डिजिटल एक्स-रे किया गया तथा संदिग्ध मरीजों के 2 बलगम (स्पुटम) नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। इसके अलावा 44 लोगों की गैर-संचारी रोग (एनसीडी) संबंधी स्क्रीनिंग भी की गई। कार्यक्रम में अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ. अमन प्रसाद, सीएचओ सनावर प्रवीण, बिजेंद्र कुमार सहिया साथी निशि देवी, सहिया तबस्सुम खातून, सुनीता विश्वकर्मा, संयुक्ता सिंहा, सबिता देवी, शाजिया खातून, इशरत खातून, डाटा मैनेजर विक्रम कुमार, एक्स रे ऑपरेटर शैलेन्द्र कुमार, ऑपरेट सूरज कुमार, सहिया अनीता केसरी, सहानी बेगम, चालक शमसाद आलम सहित मुखिया यास्मीन तबस्सुम, वार्ड सदस्य सत्या देवी और उपमुखिया प्रतिनिधि मो इज़हार उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में लगातार शिविर लगाकर टीबी के संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है, ताकि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# वंदे भारत डिपो हादसा में टेक्नीशियन की मौत के बाद रेलवे स्टेशन पर धरना



नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटानगर रेलवे स्टेशन स्थित वंदे भारत एक्सप्रेस डिपो में करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसे टेक्नीशियन आशीष मांझी की मौत के बाद रविवार को परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। आशीष की मौत की खबर मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग रेलवे स्टेशन पहुंचे और मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी एवं दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

परसुडीह निवासी आशीष मांझी 30 मई की रात वंदे भारत ट्रेन की एसी प्रणाली की मरम्मत के दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए थे। गंभीर रूप से झुलसने के बाद उन्हें टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया था, जहां कई दिनों तक इलाज के बाद शनिवार शाम उनकी मौत हो गई। आशीष की मौत के बाद रविवार सुबह परिजन टाटानगर जीआरपी थाना भी पहुंचे और हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। परिजनों ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने मामले में शामिल सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। इस बीच,आशीष की ठेका कंपनी अमित इंजीनियर्स ने पहले ही रेल थाना, आरपीएफ और स्थानीय थाना को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि उचित इलेक्ट्रिकल आइसोलेशन और पावर शटडाउन सुनिश्चित किए बिना कर्मचारी को ट्रेन की छत पर काम करने भेजा गया था। कंपनी ने वंदे भारत इंचार्ज संजीत सिंह,एई संदीप राव,जेई संजू मिंज और फाल्गुनी राव सहित संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

धरने के दौरान स्टेशन परिसर में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर आरपीएफ,जीआरपी और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने और जांच पूरी होने तक दोषियों को बख्शे नहीं जाने की मांग दोहराई। फिलहाल आशीष मांझी का शव टीएमएच में रखा गया है। परिजनों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक मुआवजा,परिवार के एक सदस्य को नौकरी और दोषियों पर कार्रवाई को लेकर लिखित आश्वासन नहीं मिलता,तब तक वे पोस्टमार्टम प्रक्रिया की अनुमति नहीं देंगे।

मृतक के परिजनों का कहना है कि आशीष परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे और उनकी असमय मौत से परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन और रेलवे अधिकारी परिजनों से लगातार वार्ता कर समाधान निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

हजारीबाग जिला प्रशासन की पहल

# दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे विभिन्न उपकरण

- दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण योजना, 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** जिला प्रशासन हजारीबाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग कल्याणार्थ योजना एवं अन्य मदों के तहत जिले के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला समाज कल्याण कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार पात्र दिव्यांगजन 15 जुलाई 2026 तक अपना आवेदन संबंधित सीडीपीओ कार्यालय अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, हजारीबाग में जमा कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, सामान्य ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक, हियरिंग एड, ब्लाइंड स्टिक, स्मार्ट केन स्टिक, ज्योति एआई ग्लास, सीपी चेयर, कैलिपर्स तथा आर्टिफिशियल लेंस समेत अन्य उपकरण शामिल हैं।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवेदन के साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। पात्र लाभुकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने की अपील की गई है ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। प्रशासन का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, सशक्त और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, हजारीबाग द्वारा जारी इस जनहित सूचना के माध्यम से जिले के सभी पात्र दिव्यांगजनों से योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

# धनबाद में कुएं से मिली 4 संदिग्ध बोरियां, जानवरों के अवशेष बरामद होने से चर्चा तेज

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के निरसा थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर पंचायत स्थित डांगापाड़ा गांव में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कुएं से तेज दुर्गंध आने की सूचना पर जांच की गई। कुएं के अंदर चार संदिग्ध बोरियां मिलीं, जिन्हें बाहर निकालने पर उनमें जानवरों के अवशेष पाए गए। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस ने सभी बोरियों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और अवशेषों की पहचान के लिए आवश्यक परीक्षण कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार डांगापाड़ा निवासी बादल रविदास के नीलकुठी मोड़ के पास स्थित आम बागान में एक कुआं है। रविवार सुबह कुएं की ओर से तेज दुर्गंध आने लगी। बदबू का कारण जानने के लिए जब बादल रविदास वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुएं के अंदर चार बोरियां पड़ी हुई हैं, जिनसे दुर्गंध निकल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत इसकी सूचना निरसा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कुएं से चारों बोरियों को बाहर निकलवाया। बोरियों को खोलने पर उनमें जानवरों के अवशेष मिले। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। कुछ लोगों ने आशंका जताई कि बरामद अवशेष प्रतिबंधित मांस या किसी प्रतिबंधित जानवर के हो सकते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा मंच ने जरूरतमंदों के बीच भोजन का किया वितरण




नवीन मेल संवाददाता

**भुरकुंडा।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने सैंकड़ों गरीब, जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच भोजन वितरण किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि भोजन वितरण का कार्य 3 जुलाई 2016 दिन रविवार से शुरू हुआ था, जो निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा जरूरतमंदों की सेवा का यह कार्य जन सहयोग के माध्यम से पिछले 10 वर्षों से लगातार जारी है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, जगतार सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, जितेंद्र मंडल, शुक्रा करमाली, गौरी शंकर महतो, लखन राम, लालजी गिरी, मो. शाहीद सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

# विस्थापित ग्रामीणों ने 10 जून से बलकुदरा छाई डैम नंबर-1 का कार्य ठप करने का किया ऐलान

- दी आंदोलन की चेतावनी, मांगें पूरी होने तक ऐश माउंट निर्माण कार्य अनिश्चितकालीन बंद रखने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों ने छाई डैम नंबर-1 में चल रहे ऐश माउंट निर्माण कार्य को 10 जून से अनिश्चितकालीन बंद करने का निर्णय लिया है। बलकुदरा,जयनगर, रसदा एवं गेगदा गांव के ग्रामीणों ने कहा कि कई बार चेतावनी और मांगों से अवगत कराने के बावजूद पीवीयूएनएल प्रबंधन और जिला प्रशासन ने उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की है। रविवार को आहुत ग्रामीणों की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती, तब तक छाई डैम नंबर-1 में चल रहे ऐश माउंट निर्माण कार्य को बंद रखा जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रबंधन पर मनमानी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विस्थापित एवं प्रभावित परिवारों के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। बैठक की अध्यक्षता बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा और संचालन जयनगर पंचायत की मुखिया हीरा देवी ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति, लालू महतो, अनिकेत सोनी, अर्जुन सिंह, पंचम साव, जुमन अंसारी, दिनेश मुंडा, कुलदीप यादव, सनोज उरांव, शंकर प्रजापति, संदीप मुंडा, जगन्नाथ गंझू, चंदन महतो, मेघा प्रजापति, अमित मुंडा, दिलीप सोनी समेत चारों गांवों के ग्रामीण मौजूद थे।

# एकल अभियान दक्षिण झारखंड संभाग का ग्राम तीर्थ यात्रा कार्यक्रम संपन्न

**भुरकुंडा।** एकल अभियान दक्षिण झारखंड संभाग के अंतर्गत भाग रांची, अंचल रामगढ़ एवं संच पतरातु द्वारा संचालित नेतुवा विद्यालय में रविवार को ग्राम तीर्थ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पतरातु डैम स्थित टापू में आयोजित हुआ, जिसमें बहावलपुरी समाज रांची के पदाधिकारी एवं सदस्य विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार ढोल-नगाड़ों, तिलक-चंदन एवं पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने ओंकार, गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर रांची से आए समाज के प्रतिनिधियों ने आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व की जानकारी दी तथा बच्चों को योग, व्यायाम, आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों एवं ग्राम तीर्थ यात्रियों के बीच चना-सत्तू का जलपान भी कराया गया। रांची चौप्टर के अध्यक्ष अंचल किंगर ने एकल अभियान की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे समाज और राष्ट्र निर्माण का ईश्वरीय कार्य बताया। उन्होंने ग्रामीणों से एकल अभियान से जुड़कर शिक्षा, संस्कार और ग्राम विकास के कार्यों में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बहावलपुरी समाज कृष्णा कॉलोनी रांची के अध्यक्ष लक्ष्मण दास मिढ़ा, सचिव मुकेश कुमार बजाज, मुख्य संरक्षक डॉ. सतीश मिढ़ा, संरक्षक भगवान सिंह वेदी, उपाध्यक्ष अश्विनी सुखीजा, सह सचिव मोहन खिरवा, सदस्य कवलजीत मिढ़ा एवं सुशील पपनेजा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 5 दिवसीय समर कैंप का समापन, प्रतिभागियों को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पेट्रोल पंप स्थित अंबेडकर स्थल में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। शिविर में बच्चों को खेल, योग एवं कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष रीता देवी उपस्थित रहीं। शिविर का संचालन प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि प्रशिक्षिका आस्था सिंह ने बच्चों को कराटे एवं योग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह के दौरान सफल प्रतिभागियों को रीता देवी द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में आस्था सिंह, स्मृति मुंडा, रेयांश राज एवं अदिति गौतम शामिल रहे। वहीं सिल्वर मेडल पाने वालों में खुशी कुमारी, शिवांश राज, भूमि करमाली, सान्वी कुमारी, अनामिका, सिमरन टोप्पो एवं वैष्णवी कुमारी सहित अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रीता देवी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद भी जरूरी है। खेलो से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है। प्रशिक्षक कंचन दास ने बताया कि पांच दिवसीय समर कैंप के दौरान पहले दिन कबड्डी, दूसरे दिन खो-खो, तीसरे दिन योग, चौथे दिन कराटे तथा पांचवें दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं योगाभ्यास के साथ शिविर का समापन किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत कुमार, कमल सिंह, अनुज कुमार, पूनम कुमारी सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

गृहणियों की पहल | सुदरवर्ती कटकमसांडी प्रखंड की महिला किसानों ने मिश्रित खेती की शुरुआत

# हजारीबाग में मिश्रित खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रही महिलाएं

- एक फसल खराब होने पर दूसरे से हो जाती है नुकसान की भरपाई

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** बदलते समय में खेती का तरीका भी बदल रहा है। पहले एक समय में एक बार में सिर्फ एक ही फसल की खेती होती थी, लेकिन अब मिश्रित खेती होने लगी है। हजारीबाग में भी कुछ महिला किसान मिश्रित खेती कर रही हैं। अर्थात एक ही खेत में सब्जियां, फल और फूल की खेती की गई है, ताकि खेती में अधिक मुनाफा हो सके। हजारीबाग कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां के किसान हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, ताकि वे आर्थिक रूप से सबल हो सकें। इन दिनों हजारीबाग के सुदरवर्ती कटकमसांडी प्रखंड की महिला किसानों ने मिश्रित खेती शुरू की है। हालांकि पहले के समय में एक बार में एक ही फसल की खेती होती थी। इससे फसल बर्बाद होने पर किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता था, लेकिन मिश्रित खेती करने से नुकसान नहीं होता है।

### मिश्रित खेती के लाभ

वर्तमान में महिला किसानों ने खेत में टमाटर के साथ करेला, कद्दू ,भिंडी, खीरा की खेती की है। इसके अलावा उसी खेत में फलों और फूलों की भी खेती की है। मिश्रित खेती का लाभ यह है कि एक फसल खराब हुआ तो उसकी भरपाई दूसरे फसल से हो जाती है। यही कारण है की मिश्रित खेती आज के समय में छोटे किसानों के लिए फायदा का माध्यम बन गया है।

### क्या कहा किसानों ने

मिश्रित खेती करने वाली महिला किसान बताती हैं कि पहले एक बार में खेत में एक ही फसल की खेती करते थे। जब से मिश्रित खेती करना शुरू किया है तो इसका लाभ मिल रहा है। स जियों के साथ-साथ फल की खेती भी कर रहे हैं। जैसे पपीता, अमरूद, नाशपाती आदि। इससे दोहरा लाभ हो रहा है। स जियों के साथ-साथ फल भी बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। गौरतलब हो कि छोटे किसानों के लिए मिश्रित खेती एक अच्छा विकल्प बनकर उभरा है। जहां किसान स जी के साथ फल और फूल की खेती कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

# 100 साल के रेडियो और 90 साल की आकाशवाणी का भविष्य

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

23 जुलाई 1927 को भारत में पहला रेडियो प्रसारण, इंडियन ब्रॉडकॉस्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। 8 जून, 1936 को, इंडियन स्टे ट ब्रॉडकॉस्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो-एआईआर कर दिया गया 'आकाशवाणी' शब्द का प्रयोग सबसे पहले 1935 में मैसूर के प्रोफेसर एमवी गोपालस्वामी ने अपने निजी रेडियो स्टेशन के लिए किया था। राष्ट्रकवि रवींद्रनाथ टैगोर ने कलकत्ता रेडियो सेवा के उद्घाटन के लिए एक कविता लिखी थी, जिसमें उन्होंने आकाश से आने वाली वाणी के लिए 'आकाशवाणी' शब्द गढ़ा था। स्वतंत्रता के बाद, 1956 में ऑल इंडिया रेडियो को आधिकारिक तौर पर हिंदी नाम 'आकाशवाणी' दिया गया। 1997 में प्रसार भारती के गठन के बाद, इसे केवल 'आकाशवाणी' के रूप में मान्यता दी गई है।लोक प्रसारक, प्रसार भारती अपने आदर्श वाक्य – 'बहुजन हिताय: बहुजन सुखाय' को जीवित रखते हुए अपने श्रोताओं ( आधिकारिक वेबसाइट में दर्शकों) को सूचित, शिक्षित और मनोरंजन करने की सेवा कर रहा है। दुनिया के सबसे बड़े प्रसारण संगठनों में से एक, देश भर में स्थित 470 प्रसारण केंद्र शामिल हैं, जो लगभग 92% को कवर करते हैं। देश का क्षेत्रफल और कुल जनसंख्या का 99.19%। स्थलीय रूप से, आकाशवाणी 23 भाषाओं और 179 बोलियों में प्रोग्रामिंग शुरू करती है। दुनिया के पिछले सौ से अधिक वर्षों की मधुर स्मृतियों में संगीत और सूचनाओं का सबसे सस्ता व सशक्त माध्यम रेडियो रचा-बसा है। तकनीक और आधुनिकता की आंधी में इसके उड़ जाने की संभावना थी, पर आश्चर्यजनक ढंग से यह न सिर्फ अपना अस्तित्व बचाए हुए है, बल्कि कहीं-कहीं पहले से भी ज्यादा उपयोगी सिद्ध हुआ है। डिजिटल बन कर मोबाइल फोन या हेयर बैंड से लेकर गाड़ियों में पहुंच गया है। रेडियो को जीवनदान असली अर्थों में स्मार्ट फोन ने दिया है। दुनिया के सबसे बड़े प्रसारण तंत्र में से एक आकाशवाणी ने भी लगभग अपने पूरे प्रसारण को डिजिटल कर न्यूज ऑन एआईआर एप पर उपलब्ध कराकर क्रांति ला दी है। कला-संस्कृति को लेकर पुरातनपंथी और पेशेवर के बजाय सरकारी कामकाज की शैली के कारण आकाशवाणी राजस्व के मामले में पिछड़ा है। ऊपर से नीतिगत निर्णय भी गलत लिए गए हैं, जिनमें सर्वाधिक लोकप्रिय विविध भारती से समाचार बुलेटिनों को सीमित करना और प्रशिक्षित पेशेवर के बजाय अनाड़ी उद्घोषकों का पैनल और मॉनिटरिंग की लचर व्यवस्था जैसे अव्यवहारिक निर्णय शामिल हैं। भारत में लगभग 480 से अधिक कम्युनिटी रेडियो स्टेशन भी हैं जो स्थानीय भाषाओं में प्रसारण करते हैं तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। दक्षिण भारत में कृषि क्रांति लाने में रेडियो राइस की बहुत बड़ी भूमिका रही। विभिन्न जागरूकता अभियानों, खास तौर पर पल्स पोलियो, टीबी उन्मूलन और स्वच्छता अभियान, में बहुत बड़ी भूमिका रही तथा वैसी जगहों तक इसकी पहुंच बनी, जहां किसी अन्य माध्यम का पहुंचना संभव नहीं था। इन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के लिए रेडियो का चयन किया है। पश्चिमी देशों ने रेडियो का अधिक सदुपयोग किया है। छोटे कमरों में सफलतापूर्वक पूरा रेडियो स्टेशन चलाए जा रहे हैं, जिन्हें बहुत आसानी से लाइसेंस भी मिल जाता है और खर्च भी मामूली है। एनजीओ, विश्वविद्यालय, धार्मिक संस्थाएं और भाषाएं सिखाने वाली संस्थाएं तथा मौसम सूचनाएं देने वाली संस्थाएं इसका उपयोग करती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 2021 में कनाडा में 961 रेडियो स्टेशन थे, जिनमें 10 हजार से अधिक लोग काम करते थे। कभी पोस्टकार्ड से की गयी फरमाइश झुमरी तलैया से लेकर भाटापारा और कितनी ही ऐसी छोटी जगहों और अनजान लोगों को देश-विदेश में मशहूर कर देती थी। कई सामान्य पृष्ठभूमि के लोग ब्रांड की तरह मशहूर हो गये थे। टीवी और इंटरनेट की चमक के साथ फीके होते रेडियो से जुड़े ऐसे हजारों दीवाने श्रोताओं के बीच भी सबसे सस्ते मनोरंजन और प्रसिद्धि का दौर लगा अब थम गया है, पर अब भाग-दौड़ की जीवन शैली ने टीवी से जुड़ाव कम कर दिया गया है और धीरे-धीरे विदेशों की तरह इसका स्थान एफएम रेडियो और इसके इंटरनेट संस्करण ने लेना शुरू कर दिया है। अब फरमाइश भी मैसेज और ईमेल से हो रही है। दुर्गम स्थानों, सीमाओं पर बसे लोगों या जवानों से लेकर विदेशों तक में बसे भारतीय गीतों और समाचारों के लिए जुड़ते हैं। हम हैं रेडियो के दीवाने, रेडियो दोस्त रांची, देशप्रेमी रेडियो, भारतीय श्रोता ग्रुप, ओल्ड रेडियो लिस्नर्स ग्रुप और जाने कितने लोकल से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रोताओं के व्हाट्सएप ग्रुप ने छोटे शहरों से लेकर विदेशों में बसे रेडियो प्रेमियों को जोड़ रखा है। इनमें से बहुत से ऐसे हैं, जो परदेश में भी अपने गांव, कस्बे या शहर की मिट्टी की खुशबू उन फरमाइशी गीतों के साथ अपने नाम के ऑडियो क्लिप में महसूस करते हैं। आज भी खाली पदों पर कला-संस्कृति को समर्पित पेशेवर क्षमतायुक्त लोगों की बहाली और प्रशिक्षण से बदलाव संभव है न कि मशीनों के नवीकरण से।

विचार प्रवाह

"चिकित्सकों को भौतिक पदार्थों के लिए निर्धारित ईश्वरीय नियमों के अनुसार रोग निवारण का कार्य करना चाहिए," श्रीयुक्तेश्वर कहते थे। पर वे मानसिक उपचार की श्रेष्ठता की प्रशंसा करते थे और प्राय: कहा करते थे: "ज्ञान ही सर्वोच्च परिष्कारक है।" **- श्री श्री परमहंस योगानंद, 'योगी कथामृत'**

# नए भारत के दिल की धड़कनों में बसते हैं बिरसा

आज की बात




रंजना चोपड़ा
सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय

> बिरसा मुंडा के सिद्धांत आज भी नए भारत की नीतियों, शासन और आकांक्षाओं को आकार दे रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा की विरासत देश भर में जनजातीय समुदायों के गीतों, आख्यानों, सामूहिक यादों में लंबे समय से जिंदा है

भारत जब अपने स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों को याद करता है तब छोटानागपुर के जंगलों से एक नाम अपनी दृढ़ नैतिक ताकत के साथ उभरता है। यह नाम भगवान बिरसा मुंडा का है जिन्हें 'धरती आबा' यानी भूमि के रक्षक के रूप में पूजा जाता है। वह एक ऐतिहासिक हस्ती से आगे बढ़ कर गरिमा, प्रतिरोध और जनजातीय आत्मसम्मान के जीवंत प्रतीक भी हैं। उनकी सोच थी कि जनजातीय पहचान की रक्षा की जाए, समानता सार्थक हो और विकास आम जन तक न्याय के साथ पहुंचे। उनका यह सिद्धांत अब भी विकसित भारत की ओर देश की यात्रा को निर्देशित करता है। राष्ट्र ने पिछले 12 वर्षों में समावेशी विकास पर नए सिरे से बल दिया है। बिरसा मुंडा के सिद्धांत आज भी नए भारत की नीतियों, शासन और आकांक्षाओं को आकार दे रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा की विरासत देश भर में जनजातीय समुदायों के गीतों, आख्यानों, सामूहिक यादों में लंबे समय से जिंदा है। माननीय प्रधानमंत्री ने 2021 में बिरसा मुंडा के जन्म दिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर उनकी विरासत को राष्ट्रीय मान्यता दी। इस मान्यता को और गहराई देते हुए बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष मनाया गया। इस दौरान जनजातीय गौरव और विरासत के जश्न में समूचे राष्ट्र में 2 लाख से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनकी पहुंच 3 करोड़ से अधिक नागरिकों तक रही।

देश भर में, इन आयोजनों ने जनजातीय जीवन की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित किया। नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव और केरल के जनजातीय साहित्यिक महोत्सव से लेकर, झारखंड के राष्ट्रीय जनजातीय फिल्म महोत्सव और तेलंगाना की 'कैनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप' (डोंगी चालन प्रतियोगिता) तक, इन कार्यक्रमों ने जनजातीय संस्कृति, रचनात्मकता, खेल और लोककथाओं को राष्ट्रीय पटल पर खड़ा किया। कुल मिलाकर, इनमें अलग-अलग संस्कृतियों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले 11 लाख से अधिक जनजातीय नागरिकों की भागीदारी देखी गई। ये आयोजन इस बात की घोषणा थे कि आधुनिक भारत को आकार देने में जनजातीय विरासत एक जीवंत और सक्रिय शक्ति है। जनजातीय सशक्तिकरण और समावेशन की दिशा में पिछले बारह वर्षों के निरंतर और केंद्रित राष्ट्रीय प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026' इस गति को चार विषयगत सप्ताहों के माध्यम से आगे ले जा रहा है, जो मिलकर जनजातीय विकास के संपूर्ण आयाम को दर्शाते हैं। विशेष रूप से इसका तीसरा सप्ताह भारत के भविष्य से जुड़े एक बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न पर केंद्रित है: हम उन व्यक्तियों और समुदायों को कैसे पहचानें जिन्होंने इस राष्ट्र को आकार दिया और हम आने वाली पीढ़ी को उस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कैसे सशक्त बनाएं? इस प्रश्न का उत्तर तलाशने की शुरुआत उन अनेक जनजातीय नायकों को पहचान देने से होती है, जिनका योगदान बहुत लंबे समय तक मुख्यधारा के ऐतिहासिक आख्यानों से गायब रहा। देश के जनजातीय क्षेत्रों में, शिक्षकों, कलाकारों, पारंपरिक चिकित्सकों और समाज सुधारकों की पीढ़ियों ने इन समुदायों को संजो कर रखा है और उनकी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखा है। उनकी कहानियाँ भारत की राष्ट्रीय स्मृति में एक सही और न्यायसंगत स्थान की हकदार हैं और उनके इन योगदानों को दस्तावेजों में दर्ज करने तथा उन्हें याद रखने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। देश भर के जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) मौखिक इतिहास का दस्तावेजीकरण करने, स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को रिकॉर्ड करने और जनजातीय भाषाओं व सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के प्रयास में एक केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में, 26 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 29 जनजातीय अनुसंधान संस्थान इस कार्य में जुटे हुए हैं, जिसके तहत 222 जनजातीय भाषाओं में 355 का प्रारंभिक दस्तावेजीकरण किया जा चुका है। ये प्रयास भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य सांस्कृतिक ज्ञान को संजोकर रखने में मदद कर रहे हैं।

राष्ट्रीय विमर्श में जनजातीय आवाज़ों को फिर से स्थापित करने का प्रयास 'जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों' के माध्यम से भी आकार ले रहा है, जिनकी परिकल्पना स्मृति और पहचान के स्थलों के रूप में की गई है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदायों की भूमिका को सम्मानित करने के लिए 10 राज्यों में ऐसे 11 संग्रहालयों को मंज़ूरी दी है। इनमें से चार संग्रहालयों का उद्घाटन पहले ही किया जा चुका है, जिनमें रांची में भगवान बिरसा मुंडा और नवा रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह को समर्पित संग्रहालय शामिल हैं। इन संस्थानों के जरिए जनजातीय वीरों की गाथाओं के दस्तावेजीकरण और उन पर आधारित कार्यक्रमों के आयोजन से इन्हें भारत की सामूहिक ऐतिहासिक याद में स्थाई रूप से पिरोया जा रहा है। अतीत को सम्मानित करने के साथ ही, यह यात्रा स्वाभाविक रूप से वर्तमान पीढ़ी को सशक्त बनाने की ओर बढ़ती है। यह बदलाव उन जनजातीय छात्रों की बढ़ती संख्या में सबसे स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जिन्हें मंत्रालय के छात्रवृत्ति कार्यक्रमों का लाभ मिल रहा है। अकेले चालू वर्ष में ही, पांच छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत 26,01,979 जनजातीय छात्रों को सहायता प्रदान की गई है, जिसके लिए कुल 3825.54 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इनमें से कई छात्र अपने परिवारों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति हैं, जो न केवल अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं को, बल्कि पूरे समुदाय की आशाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष बात यह है कि वर्तमान छात्रवृत्ति लाभार्थियों में से 56% से अधिक महिलाएं हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का विस्तार भी शिक्षा तक पहुँच और अवसरों के प्रति इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वीकृत ईएमआरएस संस्थानों की संख्या वर्ष 2013-14 के 167 से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 723 हो गई है, जो 330% से अधिक की वृद्धि है - जबकि इसी अवधि के दौरान पहले से चल रहे स्कूलों की संख्या 123 से बढ़कर 499 हो गई है। छात्रों के नामांकन में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो 0.34 लाख से बढ़कर 1.56 लाख छात्र हो गई है। जनजातीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करके, ईएमआरएस संस्थान मजबूत शैक्षिक नींव तैयार करने और देश भर के जनजातीय बच्चों के लिए अवसरों का विस्तार करने में मदद कर रहे हैं। ये आंकड़े केवल योजनाओं के विस्तार को ही नहीं दर्शाते; बल्कि ये एक बड़े संरचनात्मक बदलाव का प्रतिनिधित्व करते हैं। छात्रवृत्तियाँ और फेलोशिप वास्तव में आत्मविश्वास, प्रतिनिधित्व और नेतृत्व में किया जाने वाला निवेश हैं। हमारी प्रतिबद्धता अडिग है: किसी भी आदिवासी छात्र को भौगोलिक स्थिति, पृष्ठभूमि या शिक्षण संस्थानों तक सीमित पहुँच के कारण अवसरों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।



# डैमोग्राफी बदलाव भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

अलग बात



मनोज अग्रवाल

जनसांख्यिकीय बदलाव के कारणों के अध्ययन, अवैध प्रवासन की जांच और समाधान हेतु भारत सरकार ने हाल ही में जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में एक हाई-लेवल कमेटी का गठन किया है। यह समिति राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर रही है। इसके अतिरिक्त, डेमोग्राफिक डिविडेंड (जनसांख्यिकीय लाभांश) का लाभ उठाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए मुख्य कदम निम्नलिखित हैं। डीसीयुवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए स्किल इंडिया मिशन और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना चलाई जा रही है। रोजगार और उद्यमिता और मुद्रा योजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिक्षा : नई शिक्षा नीति 2020 के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा रही है। आपको बता दें डेमोग्राफिक चेंज पर केंद्र सरकार ने हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में डेमोग्राफिक चेंज और घुसपैठ बड़ा मुद्दा था। इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार का घेराव किया था। इसी आधार पर भाजपा ने विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को मात दी और पूर्व बहुमत से सत्ता हासिल की। ऐसे में अब केंद्र सरकार द्वारा डेमोग्राफिक चेंज पर हाई लेवल कमेटी गठित करना अहम माना जा रहा है। डेमोग्राफिक चेंज पर केंद्र सरकार ने हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार (26 मई 2026) को इसकी घोषणा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से किसी भी राष्ट्र के वर्तमान व भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डेमोग्राफिक चेंज पर 'हाई लेवल कमेटी' बनाने की घोषणा की थी। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है। जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (रिटायर्ड आईएएस), बालाजी श्रीवास्तव (रिटायर्ड आईपीएस) और डॉ। शमिका रवि समिति के सदस्य होंगे। संयुक्त सचिव (फॉरेनर्स-।), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।' पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में डेमोग्राफिक चेंज और घुसपैठ बड़ा मुद्दा था। इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार का घेराव किया था। इसी आधार पर बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को मात दी और पूर्ण बहुमत से सत्ता हासिल की। ऐसे में अब केंद्र सरकार द्वारा डेमोग्राफिक चेंज पर हाई लेवल कमेटी गठित करना अहम माना जा रहा है। आपको याद हो कि पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2025 कहा था कि भारत अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए जनसांख्यिकीय मिशन शुरू करेगा। उन्होंने लोगों को अवैध घुसपैठ के माध्यम से देश की जनसांख्यिकी को बदलने की सोची-समझी साजिश के बारे में चेतावनी दी और कहा कि कोई भी राष्ट्र घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय जनसांख्यिकीय मिशन की घोषणा की। उनहोने कहा था आज देश के सामने एक चिंता, एक चुनौती के संबंध में आगाह करना चाहता हूं। षड्यंत्र के तहत, सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है। एक नए संकट के बीच बोए जा रहे हैं और यह घुसपैठिए, मेरे देश के नौजवानों के रोजी-रोटी छीन रहे हैं। यह घुसपैठिए मेरे देश की बहन बेटियों को निशाना बना रहे हैं, यह बर्दाश्त नहीं होगा। यह घुसपैठिए भोले भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। यह देश सहन नहीं करेगा और इसलिए मेरे प्यारे देशवासियों जब डेमोग्राफी परिवर्तन होता है, सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी में परिवर्तन होता है, तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संकट पैदा होता है। देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए यह संकट पैदा करता है। सामाजिक तनाव के बीज बो देता है और कोई देश अपना देश घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता है। दुनिया का कोई देश नहीं कर सकता है, तो हम भारत को कैसे कर सकते हैं हमारे पूर्वजों ने त्याग और बलिदान से आजादी पाई है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## अगली बारी तुम्हारी है



डॉ सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

घर के उस उजड़े हुए उसारे में जहाँ बारात के बाद का कबाड़ और टूटी कुर्सियाँ अपना बुढ़ापा काटती हैं वहीं वह अपनी अंतिम साँसें गिन रही थी। वह जो कभी पूरे घर की इज्जत को अपने सीने से बुहारकर चमकाती थी आज खुद एक फटे चीथड़े की तरह दीवार के सहारे दुबकी पड़ी थी। उसकी सींकें ऐसे बिखरी थीं जैसे किसी अधेड़ बाप की ढहती हुई उम्मीदें हों। ठीक मेरे जैसी हालत थी उसकी। जब तक रीढ़ में दम था घर भर का कूड़ा ढोते रहे सबको साफ-सुथरा कोना देते रहे और जब खुद की रीढ़ टूट गई तो कोने की कालिख ने हमें अपनी गोद में समेट लिया। दुनिया का दस्तूर भी यही है कि जब तक तुम किसी के काम के हो तब तक तुम चौखट के देवता हो और काम निकलते ही तुम उसी चौखट के बाहर फेंके जाने वाले कबाड़ बन जाते हो। वह धूल से सनी हुई सींकें देखकर मुझे अपना ही बीता हुआ कल याद आ रहा था जब लोग पैर छूते थे और आज पैर मार कर आगे बढ़ जाते हैं। रात के सन्नाटे में जब पूरा घर मखमली गद्दों पर सो रहा था तब उस कोने से एक अजीब सी सरसराहट गूँज उठी। ध्यान से सुना तो वह कोई रोना नहीं था बल्कि एक सूखी सींक का दूसरी टूटी सींक से टकराने का सन्नाटा था। मैंने खिड़की से झाँककर देखा तो मालकिन हाथ में एक चमचमाता हुआ प्लास्टिक का वैक्यूम क्लीनर लिए खड़ी थीं। उन्होंने उस पुरानी जर्जर सींकों के बंडल को पैर से ढकेला और एक झटके में कूड़े वाली गाड़ी में फेंक दिया। जाते-जाते वह झाड़ू अपनी बची-खुची धूल मेरे चेहरे पर छोड़ गई जैसे कह रही हो कि आज मेरी बारी है कल तुम्हारी होगी। तभी अंदर से मालकिन की तेज आवाज आई। "अरे सुनो जी अब इस बूढ़े नौकर को भी हटाओ बहुत कचर कचर करता है घर में जगह घेर रखी है" यह सुनकर मेरे पाँव तले की जमीन खिसक गई क्योंकि वह झाड़ू तो चली गई थी पर जाते-जाते वह मेरी ही नियति का आईना मेरे सामने छोड़ गई थी।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## नि:स्वार्थ सेवा



स्वामी चिन्मयानंद

जिस जीवन में किसी महान योजना, किसी सुन्दर कार्यक्रम, कोई महान आदर्श की प्राप्ति के लिए काम करने का उत्साह नहीं होता वह जीवन वस्तुतः खोखला, दुःखमय और असहनीय है। हमारे अन्तरात्मा की प्रेरक शक्ति तभी जाग्रत होती है जब हमारी दृष्टि के सामने किसी महान आदर्श का दिव्य प्रकाश स्तम्भ चमकता दिखाई देता है और हमारे हाथ तथा हमारा हृदय उसे प्राप्त करने के लिए विचार और कार्य करते हुए ऊपर उठते जाते हैं। प्रसन्नतापूर्वक निस्वार्थ भाव से और समर्पण भाव के साथ कार्य करते रहने से हमारा जीवन समग्र रूप से विकसित होता है। जिस समाज के लोग इसकी उपेक्षा करते हैं वह समाज दरिद्रता और दुःख, पाप और रोग, भय और चिन्ता, युद्ध और विनाश में अवश्य पड़ते हैं। ये सब समस्यायें अपने आप बुलाई जाती हैं। आलसी और स्वार्थी मनुष्यों का समाज उन्हें वरवश आमंत्रित करता है। विनम्र सेवा भाव से प्रसन्नता के साथ और स्वार्थरहित बुद्धि से कार्य करना स्वयं सब से बड़ा धर्म है। यही जीने योग्य सर्वोत्कृष्ट आध्यात्मिक जीवन है। प्रसन्न रहने के लिए हमारे पास आनन्द का कोई अक्षय स्रोत होना चाहिए। अपने आस-पास पीडित और दुखी संसार की सेवा के द्वारा परमात्मा की सेवा करने से जो भक्तिभाव की अन्तश्चेतना उत्पन्न होगी वही हमारे अक्षय सुख का स्रोत बन सकती है। शुद्ध प्रेम के द्वारा किया गया कार्य ही सन्तोष का पुरस्कार प्रदान करता है। ईश्वर के चरणों में प्रेम उत्पन्न होने पर और उसी की सेवा हेतु कार्य करने पर हमारे अन्दर स्वार्थ या अहंकार उत्पन्न नहीं हो सकता। अहंकार का पर्दा हटते ही हम अपने अन्दर आत्मानुभूति के निकट पहुँच जाते हैं। इसलिए समर्पण की भावना हमें अपने जीवन को उन्नत बनाने में सहायक होती है।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




# नरेंद्र मोदी के नाम दर्ज होने जा रहा एक नया रिकॉर्ड

देश की बात



महेंद्र तिवारी

भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है। यहां जनता समय-समय पर अपने नेताओं का चयन करती है और सत्ता परिवर्तन के माध्यम से लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाती है। स्वतंत्रता के बाद से देश ने अनेक प्रधानमंत्रियों को देखा, लेकिन कुछ नेता ऐसे रहे जिन्होंने केवल शासन नहीं किया बल्कि भारतीय राजनीति की दिशा और स्वरूप को भी गहराई से प्रभावित किया। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं के बाद यदि किसी प्रधानमंत्री ने सबसे अधिक प्रभाव छोड़ा है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। 10 जून 2026 का दिन इसी कारण राजनीतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे रिकॉर्ड के साथ चर्चा के केंद्र में होंगे जो भारतीय राजनीति में उनके लंबे और प्रभावशाली सफर का प्रतीक माना जा रहा है। नरेंद्र मोदी ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय भाजपा ने लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया था। यह जीत इसलिए ऐतिहासिक थी क्योंकि लगभग 30 वर्षों बाद किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिला था। उस दौर में देश भ्रष्टाचार, आर्थिक सुस्ती और राजनीतिक अस्थिरता जैसे मुद्दों से जूझ रहा था। जनता एक ऐसे नेतृत्व की तलाश में थी जो निर्णायक दिखाई दे और देश को नई दिशा दे सके। नरेंद्र मोदी ने विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व के नारों के साथ चुनाव अभियान चलाया और जनता ने उन्हें भारी समर्थन दिया। 2014 की जीत केवल एक चुनावी विजय नहीं थी बल्कि भारतीय राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत थी। लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रहने वाली कांग्रेस पार्टी पहली बार इतनी कमजोर स्थिति में पहुँच गई। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय राजनीति की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी। नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व इस परिवर्तन का मुख्य केंद्र बन गया। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पहचान पहले से ही एक विकासवादी नेता की बन चुकी थी और उसी छवि को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार मिला। इसके बाद 2019 का लोकसभा चुनाव आया। सामान्यतः किसी सरकार के 5 वर्षों के बाद सत्ता विरोधी लहर देखी जाती है, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पहले से भी अधिक सीटें जीत लीं। इस विजय ने यह स्पष्ट कर दिया कि मोदी केवल एक लोकप्रिय नेता नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व बन चुके हैं। 2019 की जीत के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हुई। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, तीन तलाक कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उनकी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जिनका व्यापक राजनीतिक प्रभाव पड़ा। 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह उपलब्धि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। लगातार तीन बार सत्ता में लौटना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आसान नहीं होता। इसके लिए केवल चुनावी रणनीति ही नहीं बल्कि व्यापक जनसमर्थन, मजबूत संगठन और प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि मोदी की तीसरी पारी को भारतीय राजनीति के बड़े घटनाक्रमों में गिना जाता है। 10 जून 2026 को नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन को लेकर चर्चा इसलिए तेज है क्योंकि वे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने रहने वाले नेताओं की सूची में और अधिक मजबूत स्थिति प्राप्त करेंगे। भारतीय राजनीति में लंबे कार्यकाल का विशेष महत्व माना जाता है क्योंकि लोकतंत्र में जनता हर चुनाव में सरकार को बदलने का अधिकार रखती है। ऐसे में यदि कोई नेता लगातार वर्षों तक जनता का समर्थन बनाए रखता है तो यह उसकी राजनीतिक क्षमता और जनस्वीकार्यता को दर्शाता है। स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू लगभग 16 वर्ष 286 दिन तक लगातार प्रधानमंत्री रहे। यह रिकॉर्ड आज भी सबसे लंबा लगातार प्रधानमंत्रित्व माना जाता है। नेहरू ने 15 अगस्त 1947 से लेकर 27 मई 1964 तक देश का नेतृत्व किया। उनके सामने विभाजन की त्रासदी, आर्थिक कमजोरी, संस्थाओं के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय पहचान जैसी अनेक चुनौतियाँ थीं। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव मजबूत करने, सार्वजनिक क्षेत्र के विकास और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया। आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता है। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी ऐसे समय में प्रधानमंत्री बने जब भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका था। उनके सामने चुनौती थी कि भारत को आर्थिक, सामरिक और तकनीकी दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाया जाए। मोदी ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और मजबूत नेतृत्व को अपनी राजनीति का मुख्य आधार बनाया। उन्होंने विदेश नीति में भी सक्रियता दिखाई। अमेरिका, फ्रांस, रूस, जापान और खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों को नई गति मिली। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली दिखाई देने लगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

सोच समझकर आहुति, देना उनके साथ।
जल सकते हैं यज्ञ में, वहां तुम्हारे हाथ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वासुदेव के पांच स्वरूप विराजमान, अर्जुन के सारथी रूप में बिना अस्त्र-शस्त्र

**एजेंसी। चेन्नई**

सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास को भगवान विष्णु का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस पवित्र माह में श्रीहरि नारायण की पूजा, भक्ति और दर्शन करने से कई गुना अधिक पुण्य फल प्राप्त होता है। यही कारण है कि देशभर के विष्णु मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे ही प्राचीन और अत्यंत पूजनीय मंदिरों में से एक है चेन्नई का श्री पार्थसारथी मंदिर, जो भगवान विष्णु के श्रीकृष्ण स्वरूप को समर्पित है।



तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के त्रिपलीकेन क्षेत्र में स्थित यह मंदिर वैष्णव परंपरा के प्रमुख तीर्थस्थलों में गिना जाता है। इसकी गणना 108 दिव्य देशमों में की जाती है, जिनका उल्लेख तमिल संतों द्वारा रचित पवित्र ग्रंथों में मिलता है। माना जाता है कि यहां भगवान विष्णु स्वयं भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न स्वरूपों में विराजमान हैं।

## द्रविड़ वास्तुकला से समृद्ध है श्री पार्थसारथी मंदिर

मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथाएं भी इसकी महिमा को और बढ़ाती हैं। मान्यता है कि राजा सुमति ने भगवान विष्णु से उनके पार्थसारथी स्वरूप के दर्शन की इच्छा व्यक्त की थी। तब भगवान ने उन्हें इसी स्थान पर आने का निर्देश दिया। कहा जाता है कि यह क्षेत्र कभी तुलसी के घने वन और सुंदर पुष्पों से भरे सरोवरों से घिरा हुआ था। धार्मिक मान्यता के अनुसार सप्त ऋषियों सहित कई महान ऋषियों ने इसी स्थान पर तपस्या की थी। इसी कारण यह क्षेत्र आध्यात्मिक साधना और भक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

'पार्थसारथी' नाम का अर्थ है अर्जुन के सारथी। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध के दौरान अर्जुन के रथ का संचालन किया था, उसी स्वरूप को यहां विशेष रूप से पूजा जाता है। मंदिर की सबसे अनोखी विशेषता यह है कि यहां भगवान कृष्ण को मूंछों वाले स्वरूप में दर्शाया गया है। साथ ही उनके हाथों में कोई अस्त्र-शस्त्र नहीं दिखाई देता, जो इस मंदिर को अन्य विष्णु मंदिरों से अलग बनाता है।

इस प्राचीन मंदिर का निर्माण पल्लव शासकों के समय माना जाता है। बाद के वर्षों में चोल और विजयनगर राजाओं ने भी इसके विकास और विस्तार में योगदान दिया। मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के पांच प्रमुख स्वरूपों की पूजा की जाती है। इनमें पार्थसारथी (श्रीकृष्ण), योग नरसिंह, श्रीराम, गजेंद्र वरदराज और रंगनाथ स्वरूप शामिल हैं। यही वजह है कि यह मंदिर वैष्णव श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है।

# भारत-इंडोनेशिया के विदेश मंत्रियों की बैठक में दोस्तों वाला मजाक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज का खूबसूरत रविवार यह दिखाता है कि हम अपने द्विपक्षीय संबंधों को कितनी अहमियत देते हैं... इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगिओनो के इस बयान ने भारत-इंडोनेशिया के रिश्तों की गर्मजोशी को बयां किया। साथ ही विदेश मंत्रियों की बैठक में एक दोस्ताना हंसी मजाक वाला माहौल बना दिया। बैठक के दौरान इंडोनेशियाई विदेश मंत्री ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं हमेशा भारत आने का कोई न कोई बहाना ढूंढता रहता हूं।' उनके इस बयान पर भी मौजूद लोगों के बीच हल्का-फुल्का माहौल बन गया। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी चुटीले अंदाज में जवाब दिया, जिससे इंडोनेशियाई विदेश मंत्री हंस पड़े। दोनों नेताओं के बीच हुई यह दोस्ताना बातचीत सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गई और कूटनीतिक बैठकों के बीच सहज माहौल की झलक देखने को मिली। बैठक में सुगियोनो ने कहा कि दोनों पक्ष प्रधानमंत्री मोदी के इंडोनेशिया दौरे की तैयारियों पर भी चर्चा कर रहे हैं ताकि जकार्ता में उनका स्वागत भव्य और सफल तरीके से किया जा सके।

उन्होंने भारत सरकार की ओर से उन्हें और उनके प्रतिनिधिमंडल को दिए गए गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए भी धन्यवाद दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि हाल ही में वह नई दिल्ली आए थे और एक बार फिर भारत आकर उन्हें खुशी हो रही है। इंडोनेशियाई विदेश मंत्री ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि वह हमेशा भारत आने का कोई न कोई बहाना ढूंढते रहते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनका यह दौरा भारत और इंडोनेशिया के बीच बढ़ती नजदीकियों को और मजबूत करेगा और दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मददगार साबित होगा।

## आकाशवाणी के 90 वर्ष

# विश्वसनीयता ही साख है : राजीव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आकाशवाणी ने 8 जून, 2026 को अपनी गौरवशाली यात्रा के 90 वर्ष पूरे किए। आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने हिंदुस्तान समाचार के संजीव कुमार से कहा कि यह यात्रा सिर्फ



आकाशवाणी या प्रसार भारती या फिर उसके कर्मचारियों-अधिकारियों, तकनीशियनों और प्रोग्राम बनाने वालों के लिए ही गर्व का क्षण नहीं है, बल्कि देश के लिए गौरव की बात है। खास बात यह है कि देश के लोगों ने भी आकाशवाणी को अपना हमसफर माना। इसे प्यार किया और सराहा है। 1956 में पंडित नरेंद्र शर्मा के सुझाव पर इसका नाम 'आकाशवाणी' रखा गया। जब 'ऑल इंडिया रेडियो' की स्थापना हुई थी, तब आज की तरह अखबार ना तो चमकीले थे और न ही उनकी छपाई आज की तरह सुरूचिपूर्ण थी। ऐसे में बुनियादी रूप




से तकनीक प्रधान रेडियो माध्यम का आना लोगों के लिए पहले कौतूहल का विषय बना। आकाशवाणी का ध्येय है, जल्दीबाजी में गलत समाचार देने के बजाय सही और सटीक समाचार प्रसारित किए जाएं। समाचारों के चयन में इस बात का हम हमेशा ध्यान रखते हैं। जब तक समाचार की पुष्टि नहीं हो जाती, उसे आकाशवाणी प्रसारित नहीं करता। विश्वसनीयता ही हमारी साख है। वैसे हर प्रसारण में भी हम इस तथ्य का ध्यान रखते हैं।हमारी कोशिश एफएम नेटवर्क का विस्तार, स्टूडियो का आधुनिकीकरण और संसाधनों का समुचित उपयोग करने की है।

पिछले वर्ष एक महत्वपूर्ण पहल के जरिए रेडियो स्टेशनों को प्रादेशिक चैनलों के रूप में फिर से संगठित किया गया है। साथ ही प्रादेशिक चैनल प्रमुखों को प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण पहल के जरिए प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों का विकेंद्रीकरण किया गया है। इसका उद्देश्य रेडियो स्टेशनों को स्थानीय जरूरतों के हिसाब से कार्यक्रम निर्माण के लिए अधिक स्वायत्तता देना है,

ताकि प्रादेशिक चैनल स्थानीय आकांक्षाओं को पूरा कर सकें और वित्तीय रूप से ज्यादा सक्षम हो सकें। इसके अलावा आकाशवाणी के पास ऑडियो का एक बहुत समृद्ध संग्रह है, जिसमें अनेक प्रसिद्ध कलाकारों की संगीत रिकॉर्डिंग, महत्वपूर्ण व्यक्तियों के इंटरव्यू और देश के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर कमेंट्री आदि शामिल हैं।

## उ.कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर समझौते का सवाल नहीं

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने देश के परमाणु हथियार कार्यक्रम पर किसी समझौते की संभावना से इनकार कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सख्त मैसेज देते हुए उत्तर कोरिया की सीनियर अधिकारी किम यो ने कहा कि परमाणु शक्ति के रूप में हमारी स्थिति पर कोई बातचीत नहीं होगी। हम अमेरिका को बताना चाहते हैं कि उत्तर कोरिया किसी भी तरह की धमकी बर्दाश्त नहीं करेगा।

# ओडिशा का सरकारी इंजीनियर निकला धनकुबेर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओडिशा विजिलेंस ने शनिवार को कंधमाल जिले के बालीगुडा में इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी के एक असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से जुड़ी नौ जगहों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। सूत्रों के मुताबिक, विजिलेंस का टेक्निकल विंग पता लगाई गई इमारतों और प्लॉट की माप और मूल्यांकन कर रहा है। छापेमारी के दौरान, भ्रष्टाचार-रोधी एजेंसी के कर्मचारियों ने आरोपी से



2,66,400 रुपये नगद, भारी मात्रा में सोने-चांदी के गहने, अलग-अलग बैंकों में दो लॉकर और बैंक डिपॉजिट भी ज़ब्त किए, जिनकी गिनती की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि उसकी अवैध संपत्ति की सही कीमत का पता मूल्यांकन के बाद ही चलेगा। सूत्रों ने बताया कि विजिलेंस की टेक्निकल विंग मिली इमारतों और प्लॉट की माप और मूल्यांकन कर रही है। सूत्रों के अनुसार, उनकी अवैध संपत्ति की सही कीमत का पता मूल्यांकन के बाद ही चलेगा। एक साथ कई जगहों पर तलाशी लेने के लिए दो अतिरिक्त एसपी, पांच डीएसपी, छह इंस्पेक्टर और दूसरे सहयोगी कर्मचारियों को काम पर लगाया गया।

# टूटे विक्रमशिला सेतु की मरम्मत डीआरडी ने की, यातयात बहाल

**एजेंसी। भागलपुर**

बिहार के भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पर क्षतिग्रस्त हिस्से के कारण बाधित



हुई आवाजाही को बहाल करने के लिए सीमा सड़क संगठन ने चार बेली ब्रिज का निर्माण कर कनेक्टिविटी को पुनर्स्थापित कर दिया है। इस उपलब्धि पर बीआरओ के चीफ प्रोजेक्ट ब्रिगेडियर अमित सक्रे ने रक्षा मंत्रालय, बिहार सरकार, जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया। ब्रिगेडियर अमित सक्रे ने बताया कि 3 मई 2026 को विक्रमशिला सेतु पर एक स्पैन गिर गया था, जबकि तीन अन्य स्पैन विस्थापित हो गए थे। जिम्मेदारी रक्षा मंत्रालय की ओर से बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन को सौंपी गई। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हमने तेजी से कार्रवाई की और 6 मई को अपनी रेकी और प्लानिंग टीम को यहां तैनात किया।

# महागठबंधन की बैठक में 23 दल ही शामिल होंगे : जयराम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में सोमवार को इंडिया ब्लॉक गठबंधन की बैठक होने वाली है।



इस बैठक में 23 राजनीतिक दलों ने भाग लेने की इच्छा जाहिर कर दी है, लेकिन कुछ दलों ने बैठक से दूरी बनाई है। आम आदमी पार्टी, जो कभी गठबंधन का हिस्सा थी, माना जा रहा था कि इस बैठक में शामिल होगी, लेकिन बैठक से दूरी बना ली है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि इंडिया बलॉक गठबंधन बनाने वाली पॉलिटिकल पार्टियों से मेरी दिल से गुजारिश है कि मेरी सोच के हिसाब से कांग्रेस देश भर में रीजनल और छोटी पार्टियों को कमजोर करने के लिए भाजपा के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि भाजपा और कांग्रेस बारी-बारी से देश पर राज कर सकें। कांग्रेस के ऐसे दोहरे रवैये की वजह से आम आदमी पार्टी ने गठबंधन से दूरी बनाने का फैसला किया है अगर कांग्रेस ही इसे लीड करता रहा। दूसरी ओर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इंडिया ब्लॉक गठबंधन की बैठक को लेकर कहा कि 23 राजनीतिक दलों ने सोमवार 8 जून को दोपहर 12 बजे नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में होने वाली इंडिया ब्लॉक गठबंधन की बैठक में भाग लेने की पुष्टि की है। कुछ दलों ने अपने-अपने कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई है।

## दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में लगी आग 8 को सुरक्षित निकाला

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में रविवार को एक रिहायशी इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान चलाकर इमारत में फंसे आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। फायर विभाग के अनुसार, दोपहर करीब 3:38 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना हुईं। आग न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित सी-600 नंबर की बिल्डिंग के ऊपरी ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण एसी में शॉर्ट सर्किट और उससे जुड़े घरेलू सामान को माना जा रहा है।

## टीएमसी की केएमसी के साथ बैठक रद्द

# अब दिल्ली पर होगी ममता की नजर

**एजेंसी। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ने रविवार को कोलकाता



नगर निगम (केएमसी) में अपनी पार्टी के पार्षदों के साथ होने वाली अहम बैठक रद्द कर दी। उन पार्षदों को मीटिंग रद्द होने की सूचना पहले ही भेज दी गई है, जिन्हें रविवार को कोलकाता के पूर्वी बाहरी इलाके में पार्टी के राज्य मुख्यालय, तृणमूल भवन में मौजूद रहने के लिए कहा गया था। हालांकि, पार्षदों ने मीटिंग रद्द होने की कोई वजह नहीं बताई है। यह भी पता चला है कि ममता बनर्जी सोमवार को विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक की मीटिंग में शामिल होने के लिए नई दिल्ली जाने वाली हैं। उनके भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी शनिवार को ही नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। केएमसी पार्षदों के साथ रविवार की मीटिंग को अहम माना जा रहा था, क्योंकि पश्चिम बंगाल के पूर्व म्युनिसिपल अफेयर्स और अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्टर और केएमसी के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम ने इस्तीफा दे दिया है।

### सरकार ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

इसमें उनसे यह बताने को कहा गया है कि मेयर के इस्तीफे के बाद केएमसी में तृणमूल कांग्रेस के कंट्रोल वाले बोर्ड को क्यों भंग नहीं किया जाना चाहिए। मौजूदा केएमसी बोर्ड संकट से जूझ रहा है, न सिर्फ हकीम के मेयर पद से इस्तीफे की वजह से, बल्कि बोर्ड के कुछ अन्य चुने हुए प्रतिनिधियों के इस्तीफे की वजह से भी, जिनमें एक सदस्य (मेयर-इन-काउंसिल) और कुछ बोरो चेयरमैन शामिल हैं। यह नोटिस टीएमसी के कंट्रोल वाले बोर्ड के बने रहने को लेकर कानूनी पेचीदगियों के बीच भेजा गया है। केएमसी चेयरपर्सन माला रॉय और राज्य के म्युनिसिपल अफेयर्स और अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के बीच इस मुद्दे पर बहस और जवाबी बहस हुई थी।

## आरएसएस — तीन दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

# शिक्षा वर्ग के दौरान स्वयंसेवकों का करेंगे मार्गदर्शन

- सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों तथा समाज के बीच संगठन की पहुंच बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विचार साझा करेंगे

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन राव भागवत शनिवार दोपहर अपने तीन दिवसीय बिहार प्रवास पर पटना पहुंचे। पटना हवाई अड्डे पर उनका स्वागत प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित संघ और



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किया।

पटना पहुंचने के बाद डॉ. भागवत शाम को मुंगेर के लिए रवाना होंगे, जहां वे 7 जून से 9 जून तक आयोजित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान उनका प्रमुख कार्यक्रम मुंगेर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज परिसर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होना है। संघ के इस प्रशिक्षण वर्ग में बिहार सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 700 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

संघ शिक्षा वर्ग को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों में माना जाता है। इस वर्ग में स्वयंसेवकों को संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन, सामाजिक दायित्वों और राष्ट्र जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाता है। डॉ. भागवत अपने प्रवास के दौरान स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे और उनसे संवाद भी करेंगे।

संघ प्रमुख अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को संघ की विचारधारा, संगठन के आगामी कार्यक्रमों और शताब्दी वर्ष के आयोजनों के संबंध में जानकारी देंगे। साथ ही वे राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में स्वयंसेवकों की भूमिका, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संगठन की पहुंच बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विचार साझा करेंगे।

### पदाधिकारियों के भी बैठक कर सकते है

इसी क्रम में स्वयंसेवकों को अधिक सक्रिय भूमिका निभाने, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संवाद बढ़ाने तथा सेवा गतिविधियों को विस्तार देने पर भी जोर दिया जाएगा। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान डॉ. भागवत संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर सकते हैं, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, विस्तार योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा किए जाने की संभावना है। हालांकि आधिकारिक तौर पर बैठक के विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी साझा नहीं की गई है।

## दृष्टिपात

### तृणमूल पार्षद को नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में किया गया गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केएमसी) के तृणमूल कांग्रेस काउंसलर मोहम्मद जसीमुद्दीन को नाबालिग से छेड़छाड़ और परेशान करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही राज्य में सरकार बदलने के बाद से कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कुल आठ तृणमूल कांग्रेस काउंसलर अलग-अलग आरोपों में गिरफ्तार हो चुके हैं। जसीमुद्दीन सेंट्रल कोलकाता के जोड़ासांको इलाके में वार्ड नंबर 39 का तृणमूल काउंसलर है। उसे दोपहर में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस और सेंट्रल फोर्स सुबह से ही उसके घर पर थी। आरोप है कि तृणमूल नेता दरवाजा नहीं खोल रहा था। लगभग छह घंटे इंतजार करने के बाद, पुलिस ने बाहर से दरवाजा खोला, अंदर घुसी और जसीमुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। पूरी घटना को लेकर इलाके में तनाव है। उसके समर्थक बाहर प्रोटेस्ट कर रहे हैं, जबकि भाजपा समर्थक भी प्रोटेस्ट में शामिल हो गए हैं और गिरफ्तार काउंसलर पर अंडे फेंक रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, जसीमुद्दीन के खिलाफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पोक्सो) एक्ट, 2012 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।



### चारधाम यात्रा की व्यवस्था गड़बड़, सरकार बिना नीति के करती है काम: हरीश रावत

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने राज्य सरकार की नीतियों को गलत बताया। उन्होंने चार धाम यात्रा की तैयारी और व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह अस्पष्ट है और कोई साफ नीति नहीं अपना रही है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, "चारधाम यात्रा की व्यवस्था पहले ही गड़बड़ा चुकी है। सरकार खुद इस बात को लेकर साफ नहीं है कि कौन सी नीति अपनाई जाए। कभी वह क्षमता (कैरिंग कैपेसिटी) की बात करती है तो कभी और अधिक तीर्थयात्रियों को बुलाती है। कभी ऑनलाइन बुकिंग की बात होती है तो कभी ऑफलाइन बुकिंग की। कुल मिलाकर, कोई साफ नीति नहीं है।"उन्होंने पर्यटन उद्योग की स्थिति पर चिंता जताई। रावत ने कहा कि यह वह समय है जब पर्यटन अपने चरम पर होना चाहिए था, लेकिन पर्यटकों की संख्या उम्मीद के मुताबिक नहीं पहुंच रही है। इससे होटल उद्योग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे होटलों के लिए छोटा राहत पैकेज घोषित करें, जिसमें टैक्स में छूट शामिल हो। दिल्ली के मालवीय नगर में हाल ही में लगी आग की घटना का जिक्र करते हुए हरीश रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।



### नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा, एनटीए ने एग्जाम सिटी की अग्रिम सूचना जारी की

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए एग्जाम सिटी की अग्रिम सूचना स्लिप जारी कर दी है। अब उम्मीदवार अपने आवेदन संख्या और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर यह देख सकते हैं कि उनका परीक्षा केंद्र देश के किस शहर में निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह परीक्षा का एडमिट कार्ड नहीं है। एजेंसी के मुताबिक, यह केवल उस शहर की जानकारी देने वाला दस्तावेज है, जहां उम्मीदवार का परीक्षा केंद्र तय किया गया होगा। बता दें कि नीट यूजी 2026 री-एग्जाम का आयोजन रविवार 21 जून की दोपहर को किया जाएगा। यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक पेन-एंड-पेपर मोड में की जाएगी। परीक्षा देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित होगी। नीट-यूजी देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा है। हर वर्ष लाखों छात्र इस परीक्षा में हिस्सा लेते हैं।

### खान ग्लोबल स्टडीज सेंटर की अग्नि सुरक्षा जांच में कई खामियां मिलीं

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के चर्चित शिक्षक खान सर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस बीच, खान ग्लोबल स्टडीज सेंटर की फायर सेफ्टी की जांच के दौरान कई कमियां पाई गई हैं। अब कोचिंग संस्थान को नोटिस भेजा गया है। वैसे, मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद कई कोचिंग संस्थानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी फायर सेफ्टी की जांच की गई है। बिहार फायर सर्विस के कमांडेंट रितेश कुमार पांडेय ने बताया कि मई में भी कोचिंग संस्थान का निरीक्षण किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि अग्निशमन सेवा अधिनियम के तहत कई आवश्यक सुरक्षा प्रावधान संस्थान में मौजूद नहीं थे। उन्होंने बताया कि इमारत में सिर्फ एक सीढ़ी बनी हुई है, जो सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं है। बताया गया कि सर्विस ने स्पष्ट किया है कि बड़ी संख्या में छात्र प्रतिदिन इस संस्थान में अध्ययन के लिए आते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग ने कोचिंग प्रबंधन को 7 से 10 दिनों के भीतर सभी आवश्यक सुधार पूरे करने का निर्देश दिया है।


### काशी में मांस-मछली की बिक्री पर रोक के फैसले का संतों ने किया स्वागत

**अयोध्या।** वाराणसी नगर निगम द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर के 2 किलोमीटर के दायरे में मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाने के फैसले पर संतों ने प्रतिक्रिया दी और अयोध्या में भी इसी तरह की पाबंदियां लगाने की मांग की। सीताराम दास महाराज ने कहा, "वाराणसी नगर निगम द्वारा लिया गया यह फैसला अत्यंत सराहनीय है। मैं दिल से उनका आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने काशी विश्वनाथ की पावनता, पौराणिकता, शुद्धता और सुचिता को बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया है। यह वास्तव में प्रशंसनीय निर्णय है। इसके लिए संपूर्ण हिंदू समाज उनकी सराहना कर रहा है, और साधु-संत भी इस फैसले के समर्थन में खड़े हैं।"उन्होंने कहा, "पूरे भारतवर्ष में जितने भी तीर्थ और पवित्र स्थल हैं, उनकी सुचिता और पवित्रता हमारे सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गई है। किसी भी धार्मिक कार्य की पूर्णता के लिए उससे जुड़ी पवित्रता और शुद्धता आवश्यक होती है।



### उपराज्यपाल सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर के सभी 20 जिलों में नशा-विरोधी पदयात्रा पूरी की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को पुंछ जिले में नशा-विरोधी पदयात्रा में शामिल होकर केंद्र शासित प्रदेश के सभी 20 जिलों में चल रही 'पदयात्रा' पूरी की। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल सिन्हा पुंछ में 'नशा-मुक्त जम्मू-कश्मीर' अभियान और पदयात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि पदयात्रा ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी 20 जिलों को कवर कर लिया है और इसका उद्देश्य स्पष्ट है: जम्मू-कश्मीर की धरती को नशे के प्रकोप से मुक्त करना और नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकवाद को खत्म करना। अगले 43 दिनों तक, प्रत्येक नागरिक, पंचायत और वार्ड को नशीले पदार्थों के तस्करों और दलालों को निशाना बनाने, जागरूकता फैलाने और पुनर्वास में तेजी लाने के लिए एकजुट होना होगा।



# मेरा सपना ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतना है : रितु मंडल

## प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने के बाद बोलीं

**एजेंसी । अहमदाबाद**

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के एक छोटे से गांव के राजमिस्त्री की बेटी रितु मंडल ने अहमदाबाद में आयोजित प्रथम वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। 20 साल की रितु के इस प्रदर्शन ने उन्हें ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने और पदक जीतने के उनके सपने के और करीब ला दिया है। रितु सफलता उनके सालों की कड़ी मेहनत, त्याग और दृढ़ संकल्प का नतीजा है। रितु प्रदर्शन के देखने के लिए उनके माता-पिता और बड़े भाई अहमदाबाद में मौजूद थे। जब उन्होंने रितु को कंधों पर तिरंगा लपेटकर अपनी जीत का जश्न मनाते देखा, तो वे भावुक हो गए। यह समय रितु के लिए भी बेहद भावुक था। रितु ने साई मीडिया से बातचीत में कहा, "मेरे पिता मेसन (राजमिस्त्री) का काम करते हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद मेरे परिवार ने हमेशा मेरे सपनों का साथ दिया। मैंने सालों तक योगासन का प्रशिक्षण लिया और कड़ा अभ्यास किया। मेरी उम्र के दूसरे लोग अलग-अलग काम कर रहे थे। मेरे सामने चुनौतियां थीं, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। मुझे अपने लक्ष्य पर भरोसा था। उन्होंने कहा, "मेरे भाई को योगासन से बहुत लगाव है और वह चाहते हैं कि मैं इस खेल में सबसे ऊंचाई तक पहुंचूं। शायद इसलिए क्योंकि वह खुद योगासन एथलीट थे लेकिन हालात की वजह से आगे नहीं बढ़ पाए। वह मुझमें काबिलियत देखते हैं और मुझे बेहतर करने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहते हैं। रितु ने मुस्कराते हुए कहा, "मेरे भाई ने मुझसे कभी नहीं कहा कि 'तुम सबसे अच्छी एथलीट हो' या 'तुम परफेक्ट हो।' अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी वे मुझसे कहते हैं, 'बहुत बढ़िया, लेकिन अभी भी सुधार की गुंजाइश है। सुधार करती रहो। तुम्हें अभी बहुत आगे जाना है।' उनकी यही बात मुझे बहुत अच्छी लगती है। वे मेरे लिए हमेशा अच्छा चाहते हैं। उनका सपना है कि मैं भारत का प्रतिनिधित्व करूं और सबसे ऊंचे स्तर पर मेडल जीतूं।" इसके अलावा, रितु ने अपने माता-पिता के सहयोग और त्याग को अपनी सफलता का श्रेय दिया।

वर्ल्ड स्टेज पर अपनी पहचान बनाने से पहले, रितु नेशनल लेवल की प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल कर चुकी थीं। उन्होंने चेन्नई में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' और असम में 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' दोनों में कांस्य पदक जीते। इन प्रदर्शनों से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला करने का आत्मविश्वास मिला। अहमदाबाद में उन्होंने दिखाया कि वे कितनी आगे आ चुकी हैं। दुनिया भर के बेहतरीन योगासन एथलीट्स का सामना करते हुए, रितु ने शानदार प्रदर्शन किया। संतुलन, लचीलापन, ताकत और सटीकता का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीते। वे 'वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप' में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। अहमदाबाद में मिली बड़ी कामयाबी के बावजूद रितु का मानना है कि उनका सफर अभी शुरू हुआ है।




### दो स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी

- विश्व योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं
- संतुलन, लचीलापन और सटीक प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित किया
- एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और ओलंपिक में योगासन को शामिल करने की इच्छा जताई
- भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतना सबसे बड़ा सपना बताया

### परिवार की आंखों में छलके खुशी के आंसू

- अहमदाबाद में मौजूद माता-पिता और भाई ने जीत का जश्न देखा
- तिरंगा ओढ़कर जीत का जश्न मनाते देख भावुक हुआ परिवार

## एनटीएचए के दो खिलाड़ियों ने भारत को दिलाया अंडर-18 एशिया कप का स्वर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**



**पूर्वी सिंहभूम ।** जापान के काकामिगाहारा में आयोजित पुरुष अंडर-18 एशिया कप हॉकी 2026 में भारत की ऐतिहासिक स्वर्णिम सफलता में जमशेदपुर की नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) के दो कैडेटों ने अहम भूमिका निभाई। अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने फाइनल में मेज़बान जापान को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में भारत अपराजित रहा और उसने एशिया की मजबूत टीमों को मात देते हुए अपना दबदबा कायम रखा। टूर्नामेंट में आशीष तानी पूर्ति सबसे बड़े सितारे बनकर उभरे। उन्होंने 13 गोल दागकर प्रतियोगिता के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी का सम्मान हासिल किया। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों मुकाबलों में लगातार हैट्रिक लगाकर उन्होंने अपनी असाधारण क्षमता का परिचय दिया। जापान के खिलाफ खिताबी मुकाबले में उनके तीन गोलों ने भारत की जीत सुनिश्चित की, जिसके लिए उन्हें फाइनल का प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं मिडफील्ड में प्रेमचंद सोय ने अपनी बेहतरीन खेल समझ, तेज पासिंग और आक्रामक रणनीति से भारतीय टीम को मजबूती प्रदान की। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में टीम के खेल की गति नियंत्रित की और कई महत्वपूर्ण अवसर तैयार किए। चीनी ताइपे के खिलाफ उनका गोल भी भारत की सफलता में निर्णायक साबित हुआ। इस उपलब्धि पर रविवार को एनटीएचए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल अकादमी बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी भविष्य में भारतीय सीनियर टीम में भी देश का नाम रोशन करेंगे।

## करा‍टे प्रशिक्षण शिविर एवं ग्रेडिंग संपन्न, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की तैयारी तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तत्वावधान में रांची प्रेस क्लब में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह कराटे ग्रेडिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में रांची के विभिन्न विद्यालयों एवं क्लबों के कराटे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता को उन्नत करना तथा आगामी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें तैयार करना था। शिविर में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह राष्ट्रीय प्रशिक्षक रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने खिलाड़ियों को उन्नत मुकाबला तकनीक एवं काता का विशेष प्रशिक्षण दिया। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को विश्व कराटे महासंघ के नवीन नियमों और प्रतियोगिता प्रणाली की विस्तृत जानकारी भी दी। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों की कराटे ग्रेडिंग भी आयोजित की गई, जिसमें श्वेत बेल्ट से भूरे बेल्ट तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के आधार पर इरा सोनल खलखो, चेरिल जीवी हेंब्रोम, रित्सिका अन्वी, खुशी कुमारी तथा साहिल कुमार महतो को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि खिलाड़ियों की तकनीकों को और अधिक उन्नत बनाने तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को देखते हुए खिलाड़ियों की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, उमाशंकर महतो एवं अंजली कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रेडिंग में सफल खिलाड़ियों में पीली बेल्ट वर्ग में अर्चित भारद्वाज, टर्मन कुमार, आर्य सिंह, युवराज सिंह, अविराज सिंह, वेदांग सिंह एवं आशीष महतो शामिल रहे। नारंगी बेल्ट में अनन्या तिरु, निशा कुमारी एवं अर्चना कुमारी सफल रहीं। हरी बेल्ट में यामी मुंडा, सपना महतो, खुशी कुमारी, उन्नति मुंडा एवं काव्य वर्मा ने सफलता प्राप्त की। नीली बेल्ट में आव्य तिरू एवं अश्विनी खलखो शामिल रहे।

बैंगनी बेल्ट वर्ग में इरा सोनल खलखो, भवानी कुमारी, अंजलि कुमारी, नैना कुमारी, खुशी कुमारी एवं चंदा कुमारी सफल रहीं।

### विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर, चाकू हमले से बचाव की तकनीकें सिखाई गईं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रविवार को डोरंडा कॉलेज कराटे प्रशिक्षण केंद्र में एक दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का संचालन फेडरेशन के मुख्य प्रशिक्षक एवं मुख्य तकनीकी निदेशक हांशी मानस सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में फेडरेशन के तकनीकी निदेशक एवं डोरंडा कॉलेज कराटे प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य प्रशिक्षक शिहान रंजीत मेहता ने नीली बेल्ट, बैंगनी बेल्ट, भूरी बेल्ट तथा काली बेल्ट की महिला खिलाड़ियों को आत्मरक्षा संबंधी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को चाकू से होने वाले अचानक हमलों से बचाव, हमलावर को नियंत्रित करने तथा विभिन्न आपात परिस्थितियों में प्रभावी आत्मरक्षा की तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

## बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों को रोटरी क्लब ऑफ रांची ने जर्सी और खेल सामग्री दी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रोटरी क्लब ऑफ रांची ने महुआ टोली, ओरमांझी स्थित सचिन तेंदुलकर के युवा फाउंडेशन की बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री वितरण एवं प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने खिलाड़ियों के साथ समय बिताया एवं विभिन्न खेलों में भाग लिया। सदस्यों ने उनके अनुभवों एवं उपलब्धियों को भी जाना। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल, शिन गार्ड, जोड़ी मोजे, पानी की बोतलें तथा शोर्ट, वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त फ्रांस के रोटरी क्लब कॉसाद मिडी क्वेर्सी से प्राप्त 700 जर्सियां युवा फाउंडेशन को दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों में कई ऐसी प्रतिभाशाली बालिकाएं थीं, जिन्होंने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियों एवं संघर्ष की कहानियों ने उपस्थित रोटेरियनों को अत्यंत प्रेरित किया। इस अवसर पर शिखा गुप्ता ने खिलाड़ियों के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सामाजिक शिष्टाचार पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया, जिसे खिलाड़ियों ने बहुत सराहा। रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब केवल खेलों को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इन बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास के क्षेत्र में भी सहयोग करेगा। उन्होंने घोषणा की कि युवा फाउंडेशन की चयनित बालिकाओं को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। इसके अंतर्गत 2-3 बालिकाओं को रांची के एक प्रतिष्ठित फाइव स्टार में कुकिंग एवं हॉस्पिटैलिटी प्रशिक्षण, 2-3 बालिकाओं को पेशेवर कार ड्राइविंग प्रशिक्षण तथा 2-3 बालिकाओं को आर्ट एवं क्राफ्ट प्रशिक्षण प्रदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है। युवा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों एवं खिलाड़ियों ने रोटरी क्लब ऑफ रांची के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें खेल के साथ-साथ जीवन में आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शालिनी सिंघानिया, अनुराग, मनीष सिंह, सुधीर मिश्रा, जसदीप सिंह, गिरीश अग्रवाल, शिखा गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल सहित क्लब के बच्चों का योगदान रहा।

## सात दिवसीय वरिष्ठ नागरिक योग शिविर का सफल समापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची जिला योग एसोसिएशन एवं योग लवर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अमेठिया नगर में आयोजित सात दिवसीय वरिष्ठ नागरिक योग शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग, प्राणायाम, ध्यान एवं स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। समापन समारोह में मोदी सेवा सदन अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरिबन सान्याल एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बृजमोहन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को नियमित योगाभ्यास अपनाकर स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर के अंतिम दिन निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ. अरिबन सान्याल ने वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिए। उन्होंने कहा कि योग बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक शांति और विभिन्न रोगों की रोकथाम का प्रभावी माध्यम है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। पूरे सात दिवसीय शिविर का संचालन रांची जिला योग एसोसिएशन की जिला सचिव रजनी बक्शी ने किया। शिविर के दौरान योग शिक्षिकाओं साक्षी कुमारी एवं रश्मि सिंकू ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता बताई। आयोजनकर्ताओं ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ और सक्रिय बनाना था, जिसमें यह शिविर पूरी तरह सफल रहा।

### राष्ट्रीय रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता

## झारखंड के अनूप कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची/गोंडा।** झारखंड के होनहार पहलवान अनूप कुमार ने उत्तर प्रदेश के नंदनी नगर, गोंडा में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर राष्ट्रीय रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से झारखंड के खेल जगत में खुशी की लहर है। जेएसएसपीएस के प्रशिक्षु अनूप कुमार ने 45 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में अपने सभी मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीतते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने बेहतरीन तकनीक, ताकत और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। अनूप की इस ऐतिहासिक सफलता पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ, खेल विभाग तथा जेएसएसपीएस परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। संघ के पदाधिकारियों ने इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### व्यापार/लाइफ व साइंस

## एलपीजी कीमतों पर सरकार का दावा, भारत में सबसे कम दामों पर मिल रही रसोई गैस

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारतीय घरों में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस की कीमतें अभी भी पड़ोसी देशों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा जैसे विकसित देशों की तुलना में काफी कम हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी को 14.2 किलो का सिलेंडर प्रभावी रूप से 642 रुपए में मिलता है, जबकि सामान्य उपभोक्ता दिल्ली में इसे 942 रुपए में खरीदता है। जबकि इसकी वास्तविक आपूर्ति लागत अब 1600 रुपए से अधिक हो चुकी है। सरकार ने कहा कि घरेलू एलपीजी की कीमत उपभोक्ताओं के लिए नियंत्रित (मॉडरेट) रखी जाती है। कोई भी परिवार अपनी जरूरत के अनुसार 942 रुपए प्रति सिलेंडर की दर से जितने चाहें उतने सिलेंडर खरीद सकता है। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को हर साल पहले चार रिफिल पर 300 रुपए प्रति सिलेंडर की प्रत्यक्ष सब्सिडी मिलती है।

## एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अदाणी, संपत्ति 89 अरब डॉलर के पार : फोर्ब्स

**एजेंसी । नई दिल्ली**



अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति बढ़कर 89.2 अरब डॉलर हो गई, जो उन्हें एशिया में सबसे अमीर व्यक्ति बनाती है। यह जानकारी फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट में दी गई थी। अदाणी के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 88 अरब डॉलर के साथ दूसरे और सॉफ्टबैंक के मासायोशी सोन 87 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर है। सोन गुरुवार को जापानी निवेश फर्म के शेयरों में गिरावट से पहले एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति थे। गौतम अदाणी की संपत्ति का मुख्य स्त्रोत अदाणी समूह की कंपनियों में हिस्सेदारी है। अदाणी समूह की छह कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य लगभग शुक्रवार तक 191 अरब डॉलर था। इसमें अदाणी पावर 47.2 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ शीर्ष पर था। इसके बाद अदाणी पोर्ट्स का मूल्यांकन 44.2 अरब डॉलर, अदाणी एंटरप्राइजेज का वैल्यूएशन 44 अरब डॉलर, अदाणी ग्रीन एनर्जी का मार्केट 26.4 अरब डॉलर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का वैल्यूएशन 19.9 अरब डॉलर और अदाणी टोटल गैस का मार्केट कैप 8.8 अरब डॉलर था।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, गौतम अदाणी की संपत्ति में पिछले महीने अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा अदाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को खारिज करने के बाद से लगभग 10 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है।

## देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का वैल्यूएशन 1.25 लाख करोड़ रुपए घटा

**एजेंसी । मुंबई**




देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का वैल्यूएशन बीते हफ्ते 1.25 लाख करोड़ रुपए कम हो गया है। इसकी वजह वैश्विक अस्थिरता के चलते शेयर बाजार में गिरावट है। बीते हफ्ते निफ्टी 181.05 अंक या 0.77 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,366.70 और सेंसेक्स 532.40 अंक या 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,243.34 पर बंद हुआ। शीर्ष 10 में सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ और उसका मार्केटकैप 39,718 करोड़ रुपए कम होकर 17,47,321.40 करोड़ रुपए हो गया।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मूल्यांकन में भी भारी गिरावट आई और यह 20,134.66 करोड़ रुपए घटकर 7,95,346.09 करोड़ रुपए हो गया। भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में 18,736.04 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह घटकर 10,96,150.49 करोड़ रुपए पर आ गया।

# महिला सुरक्षा व अपराध नियंत्रण में सक्रिय भूमिका के लिए डीएसपी राजेश यादव सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के मद्देनजर नवनिर्माण शक्ति संघ ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राजेश यादव को सम्मानित किया। संघ की महिला सदस्यों ने डीएसपी कार्यालय पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन सौंपा।




संघ की अध्यक्ष स्नेहा ओझा ने कहा कि हाल के दिनों में क्षेत्र में अपराध की घटनाओं में कमी आई है और पुलिस की सक्रियता से लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, रात्रि गश्त, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने से आमजन का पुलिस पर विश्वास बढ़ा है। संघ की सदस्यों ने पुलिस प्रशासन की संवेदनशील और जवाबदेह कार्यशैली की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए सकारात्मक पहल बताया। सम्मान प्राप्त करने के बाद एसडीपीओ राजेश यादव ने नवनिर्माण शक्ति संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षित और अपराधमुक्त समाज के निर्माण में पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग महत्वपूर्ण है।

उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर स्नेहा ओझा, चंद्रप्रकाश ओझा, खुशबू वर्मा, प्रिया सिंह, रूपा पांडेय, इंदु मेहता सहित नवनिर्माण शक्ति संघ के कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस-जन सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई।

## निजी नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप, गर्भवती महिला व अजन्मे बच्चे की मौत से गांव में मातम

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड के चुकु गांव में आठ माह की गर्भवती महिला और उसके अजन्मे बच्चे की मौत के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने चतरा स्थित एक निजी नर्सिंग होम पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, चुकु गांव निवासी लाटो गंझू की 20 वर्षीय पत्नी बैजंती देवी गर्भावस्था के आठवें माह में थीं। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए चतरा बस स्टैंड के समीप स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराए थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के नाम पर करीब 25 हजार रुपये लिए, जबकि ऑपरेशन के लिए अतिरिक्त 40 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। मृतका के परिजन विनोद गंझू ने बताया कि एक यूनिट रक्त चढ़ाने के एवज में 9,500 रुपये तथा रक्त जांच के नाम पर 2,500 रुपये लिए गए। मृतका के पति टेका गंझू का आरोप है कि उनके एक रिश्तेदार का रक्त लेकर महिला को चढ़ा दिया गया, लेकिन आवश्यक जांच नहीं की गई। परिजनों के अनुसार अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला की स्थिति लगातार बिगड़ती गई और अंततः उसकी तथा गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने भी मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन घटना को दबाने का प्रयास कर रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि संबंधित अस्पताल के संचालक पूर्व में सिमरिया के बगरा क्षेत्र में भी अस्पताल संचालित करते थे, जहां एक विवादित घटना के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया था।



## लापता युवक का शव मिलने से सनसनी हत्या की आशंका पर जांच तेज

- दो दिनों से गायब प्रमोद कुमार यादव का शव नदी किनारे झाड़ियों में मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया गांव में दो दिनों से लापता युवक प्रमोद कुमार यादव का शव रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव गड़िया नदी से करीब 200 मीटर दूर झाड़ियों के बीच पड़ा मिला। मृतक की पहचान गड़िया गांव निवासी प्रमोद कुमार यादव, पिता देवलाल यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह पिछले दो दिनों से लापता था और उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। रविवार सुबह ग्रामीणों की नजर झाड़ियों में पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का कार्य शुरू कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन, सीओ मनोज गोप, बीडीओ सुनील प्रकाश एवं प्रभारी थाना प्रभारी संदीप कुमार वर्मा भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। इधर युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 17 वर्षीय किशोर लापता परिजनों ने दर्ज कराया गुमशुदगी का सनहा

**मेराल।** थाना क्षेत्र के मेराल पूर्वी पंचायत स्थित पूर्वबारा टोला निवासी 17 वर्षीय विशाल कुमार के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मेराल थाना में गुमशुदगी की सनहा दर्ज कराते हुए पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई है। दर्ज आवेदन के अनुसार संतोष कुमार महतो का पुत्र विशाल कुमार बुधवार दोपहर करीब तीन बजे घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बस को बचाने के दौरान प्लेट लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त गैस कटर से निकालने पड़े चालक समेत तीन लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा-चांपी-लोहरदगा मार्ग पर रविवार को एक 16 चक्का ट्रक यात्री बस को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे चालक समेत तीन लोग अंदर फंस गए। ग्रामीणों की सूचना पर चंदवा और कुडू पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से गैस कटर और हाइड्रा मशीन की मदद से राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। काफी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे तीनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों की पहचान चालक धर्मेंद्र6 कुमार (पिता उदय यादव, जबड़ा, चतरा), रमदानी यादव (इटखोरी) तथा सतेंद्र यादव (छतरपुर, पलामू) के रूप में हुई है। तीनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां डॉ. प्रकाश बड़ाईक ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। चालक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह ओडिशा से लोहे का प्लेट लोड कर पटना जा रहा था। इसी दौरान सामने आ रही यात्री बस को बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं रमदानी यादव और सतेंद्र यादव लोहरदगा से लिफ्ट लेकर ट्रक में सवार हुए थे, जो इस हादसे में घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नौशाद अंसारी, उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, अंकित कुमार, राजेश कुमार, आर्यन पांडेय, शमशाद अंसारी, दिलशाद अंसारी, मिस्टर और इरशाद सहित कई लोगों ने बचाव कार्य में सहयोग किया।



## हाइवा पलटी, तीन बिजली खंभे क्षतिग्रस्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ क्षेत्र में कोयला ढुलाई में लगे हाईवा वाहनों की तेज रफ्तार लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। शनिवार देर रात एनएच-22 स्थित ब्लॉक मोड़ के समीप तीखा मोड़ पर एक अनियंत्रित हाईवा पलट गई, जिससे तीन बिजली खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार, डीवीसी तुबेद कोल माइंस से कोयला लेकर कुसमाही रेलवे कोल साइडिंग जा रही हाईवा की गति काफी तेज थी। वाहन के पलटते ही उस पर लदा कोयला सड़क किनारे बिखर गया और बिजली के तीन खंभे टूट गए। घटना स्थल के समीप मनोज यादव का घर स्थित है। संयोगवश घर और उसमें रह रहे लोग सुरक्षित बच गए, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना के बाद बिजली विभाग ने एहतियात के तौर पर तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कर दी, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका नहीं रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर इस तरह की दुर्घटना दूसरी बार हुई है। सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीण तेज रफ्तार हाईवा वाहनों के कारण लगातार भय के माहौल में जीवन जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से कोयला वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने, नियमित जांच अभियान चलाने तथा दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# पीएम आवास योजना की ड्राफ्ट प्रतीक्षा सूची के सत्यापन को लेकर शिविर होंगे आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत वर्ष 2024 में कराए गए आवास प्लस सर्वेक्षण से तैयार ड्राफ्ट परमानेंट वेटिंग लिस्ट (पीडब्ल्यूएल) के सत्यापन एवं अनुमोदन के लिए खरौंधी प्रखंड में पंचायतवार ग्राम सभा और विशेष सत्यापन शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी गौतम कुमार लकड़ा ने इस संबंध में पत्र जारी कर संबंधित कर्मियों को निर्धारित तिथियों पर ग्राम सभा आयोजित कर सूची का सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 8 जून को अरंगी एवं मझिगावां पंचायत, 9 जून को चंदनी, करिवाडीह, खरौंधी एवं सिसरी पंचायत तथा 10 जून को कूपा, राजी एवं सुंडी पंचायत में ग्राम सभा एवं सत्यापन शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना की ड्राफ्ट प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक सत्यापन किया जाएगा तथा ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। बीडीओ सह सीओ गौतम कुमार लकड़ा ने बताया कि ग्राम सभा में लाभुकों की पात्रता की जांच की जाएगी, ताकि योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच सके। केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप अपात्र लाभुकों को सूची से हटाने और छूटे हुए पात्र परिवारों को शामिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



# प्रशासन ने रुकवाई नाबालिग लड़की की शादी

## परिजनों से लिया लिखित आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के पचपेड़ी गांव में एक नाबालिग लड़की की शादी प्रशासन ने समय रहते रुकवा दी। यह कार्रवाई बाल कल्याण समिति गढ़वा को मिली शिकायत के आधार पर की गई। रविवार सुबह मेराल के सीओ सह प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक एवं थाना प्रभारी विष्णुकांत पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और लड़की के उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच की। विद्यालय प्रमाणपत्र और आधार कार्ड की जांच में लड़की विवाह योग्य आयु की नहीं पाई गई। अधिकारियों ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए नाबालिग की शादी नहीं करने की हिदायत दी। इसके बाद लड़की के पिता ने लिखित रूप से आश्वासन दिया कि वह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले बेटी का विवाह नहीं करेंगे।

## पेज एक के शेष

### राज्यसभा चुनाव की...

नेताओं ने गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच तालमेल को और मजबूत बनाने तथा चुनावी प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही, राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप साझा रणनीति तैयार करने पर भी सहमति बनी। बैठक में चुनावी गणित, विधायकों के बीच समन्वय और संगठनात्मक तैयारियों जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। राज्यसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के भीतर एकजुटता बनाए रखने और सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया। इधर, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी राज्यसभा चुनाव को देखते हुए यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण है। बैठक से यह संकेत मिला है कि गठबंधन के दल चुनावी तैयारियों को लेकर सक्रिय हैं। वे जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से रणनीतिक स्तर पर काम शुरू कर चुके हैं।

### इंडिया ब्लॉक के...

इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश की राजनीति से जुड़े वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय साई रेड्डी ने भी नामांकन पत्र खरीदकर राजनीतिक हलकों में उत्सुकता बढ़ा दी है। रवि यादव नामक एक अन्य व्यक्ति ने भी नामांकन पत्र खरीदा है। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 28 प्रथम वरीयता मतों की जरूरत होती है। महागठबंधन के पास झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 4 और माले के 2 विधायकों सहित कुल 56 विधायक हैं, जो दोनों सीटों पर जीत के लिए पर्याप्त संख्या है। वहीं, भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा सहित एनडीए के पास 24 विधायक हैं। एकमात्र अन्य विधायक जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के पास है। ज्ञात हो कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून 2026 है। नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 11 जून निर्धारित है। मतदान और मतगणना 18 जून 2026 को होगी।

### 2029 के चुनाव...

वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला कोर कमेटी एवं मंडल कोर कमेटी की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से होनी चाहिए। 'राष्ट्र सर्वोपरि है और हमसे ऊपर पार्टी है' का मंत्र देते हुए उन्होंने संगठन हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला कार्यालयों को व्यवस्थित एवं सक्रिय बनाया जाए। कार्यालय केवल प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि संगठनात्मक उत्सव और कार्यकर्ता संवाद का केंद्र बनना चाहिए। पदाधिकारियों को नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं से संपर्क बनाए रखना चाहिए। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी स्तरों के कार्यकर्ताओं को गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक एसआईआर के कार्यों की नियमित समीक्षा हो तथा शक्ति केंद्र स्तर तक बैठक कर दैनिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विचार परिवार के संगठनों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बढ़ाने, उनकी सूची तैयार कर नियमित संपर्क बनाए रखने पर भी जोर दिया। संगठन विस्तार के लिए प्रवास को सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक सभी पदाधिकारियों को नियमित प्रवास करने तथा प्रत्येक तीन माह में उसकी रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रत्येक जिले में 500 प्रमुख प्रबुद्ध नागरिकों की सूची तैयार कर उनके साथ संवाद एवं सम्मेलन आयोजित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का विचार और नेतृत्व बूथ स्तर तक लोगों के बीच स्थापित है, जो पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत होगा और कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण एवं ऊर्जा के साथ संगठन विस्तार के कार्य में जुटेंगे। बैठक के अंत में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से नए उत्साह, नए तेवर और नई ऊर्जा के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के समक्ष झारखंड भाजपा के संगठनात्मक ढांचे, विभिन्न स्तरों पर चल रहे संगठनात्मक कार्यों तथा आगामी कार्यक्रमों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रदेश में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, प्रशिक्षण अभियान एवं अन्य संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी दी। बैठक के दौरान मंच संचालन गणेश मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन अमर कुमार बाउरी ने किया। बैठक का शुभारंभ पार्टी के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया था। बैठक में छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आभा महतो, बालमुकुंद सहाय, भानू प्रताप शाही, डॉ प्रदीप वर्मा, सुनील सोरेन, मुनेश्वर साहू एवं गीता कोड़ा, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी एवं मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, सरोज सिंह, शैलेंद्र सिंह, सुनीता सिंह, अमरदीप यादव, कृष्णा महतो, अमित सिंह, मनीर उरांव एवं शालिनी बैसखियार, दीपक बंका, हेमंत दास, सूरज गुप्ता चौरसिया, योगेंद्र प्रताप सिंह, पवन साहू, आरती सिंह, किशुन दास, अनवर हयात, शशांक राज, अशोक बड़ाईक, प्रतुल शाहदेव, प्रदीप सिन्हा, अजय शाह, अमित मंडल, रमाकांत महतो, जेबी तुबीद, रफिया नाज, अमरप्रीत सिंह काले, अविनेश सिंह, राहुल अवस्थी, रजनीश पांडे, राहुल शाहदेव, प्रिया करमाली, सभी जिला के अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के...

वे प्रत्येक कार्यकर्ता से आत्मीयता के साथ मिलते-जुलते हैं और उनके व्यवहार से यह महसूस ही नहीं होता कि वे देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनका कार्यकर्ता भाव हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता यह भावना रखे कि किसी भी पद से पहले वह भाजपा का एक समर्पित कार्यकर्ता है। आदित्य साहू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के झारखंड आगमन को लेकर पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा का माहौल है। प्रदेशभर से कार्यकर्ता उनके स्वागत एवं विभिन्न कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाने में जुटे रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए नया संबल प्रदान करेगा। उनका यह दौरा संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक साबित होगा।

### जनहित के मुद्दों...

भ्रष्टाचार और अपराध के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी के निर्धारित कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी जनसमस्याओं और जनमुद्दों को लेकर सक्रिय रूप से आंदोलन करें। जनता की समस्याओं को उठाकर उनके समाधान के लिए संघर्ष करने से आम लोगों का पार्टी पर विश्वास और मजबूत होगा तथा अधिक से अधिक लोग भाजपा से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा जनता के हितों और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### 'नो मोर वॉर'...

कहा कि विवेकानंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तहत फिल्म का प्रदर्शन 21 जून 2026 को कोलकाता के साइंस सिटी में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्मकार के लिए अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अपनी कृति का चयन होना बड़ी उपलब्धि होती है और यह फिल्म की विषयवस्तु की प्रासंगिकता को भी दर्शाता है। अमित अक्षत के अनुसार, 'नो मोर वॉर' का मूल उद्देश्य युद्ध, हिंसा और संघर्ष की मानसिकता के विरुद्ध शांति, प्रेम और मानवता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह विषय और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्हें उम्मीद है कि फिल्म का संदेश अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचेगा और लोगों को शांति तथा सह-अस्तित्व के महत्व पर विचार करने के लिए प्रेरित करेगा। फिल्म अपने सरल लेकिन प्रभावशाली कथानक के माध्यम से दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि हिंसा और युद्ध का सबसे अधिक प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है। यही कारण है कि फिल्म शांति और मानवीय मूल्यों की वकालत करती नजर आती है। फिल्म में श्रेष्ठ, मनोज सहाय, मेहुल प्रसाद, संदिपिका रॉय और अवनीश भारद्वाज ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। कलाकारों के सशक्त अभिनय ने कहानी को प्रभावी ढंग से पर्दे पर उतारने में अहम योगदान दिया है। वहीं, नीरज और सुमित की सिनेमैटोग्राफी फिल्म के दृश्य पक्ष को मजबूती प्रदान करती है। सचिन महली ने संगीत और संपादन की जिम्मेदारी संभाली है, जिसने फिल्म को तकनीकी रूप से और अधिक प्रभावशाली बनाया है। फिल्म के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में चयन से झारखंड के स्वतंत्र फिल्म निर्माण क्षेत्र को भी नई ऊर्जा मिली है। फिल्म जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि इस तरह की उपलब्धियां राज्य की रचनात्मक प्रतिभाओं को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**10 वर्षीय बालक के इर्द-गिर्द घूमती है फिल्म की कहानी :** फिल्म की कहानी 10 वर्षीय बालक शुभ के इर्द-गिर्द घूमती है। अपने जन्मदिन के अवसर पर वह समाचारों में युद्ध, हिंसा और मानवीय त्रासदी के दृश्य देखकर मानसिक रूप से विचलित हो जाता है। इसी बीच जब उसके पिता उसे उपहार स्वरूप एक खिलौना बंदूक देते हैं, तो वह उसे स्वीकार करने से इनकार कर देता है। बच्चे की यह प्रतिक्रिया फिल्म के केंद्रीय संदेश को सामने लाती है कि मानव जीवन का उद्देश्य युद्ध और हथियार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारा, संवेदनशीलता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व है।

### एमएमसीएच में बाद...

नवजात शिशु को आवश्यक प्रोफिलैक्सिस के तहत नेविरापीन एवं जिडोवुडीन सिरप उपलब्ध कराया गया है। वहीं, ऑपरेशन में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों की एआरटी सेंटर के माध्यम से काउंसलिंग कराई जा रही है तथा आवश्यकतानुसार पोस्ट एक्सपोजर प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रबंधन के अनुसार संबंधित ऑपरेशन के बाद उसी ऑपरेशन थिएटर में संपन्न अन्य सिजेरियन सेक्शन मामलों की लाइन लिस्टिंग तैयार कर ली गई है और राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक एहतियाती एवं चिकित्सीय उपाय किए जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संक्रमण नियंत्रण से संबंधित सभी मानक सावधानियां अपनाई गई हैं। ऑपरेशन थिएटर को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत पूरी तरह सैनिटाइज एवं डिसइंफेक्ट किया गया है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है और मरीजों, नवजातों तथा स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि मरीजों की गोपनीयता बनाए रखना अस्पताल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए संबंधित प्रसूता अथवा उसके परिवार की पहचान से जुड़ी किसी भी जानकारी का सार्वजनिक प्रकटीकरण नहीं किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने सभी चिकित्सीय, संक्रमण नियंत्रण एवं जनस्वास्थ्य संबंधी प्रोटोकॉल के पूर्ण अनुपालन का भरोसा दिलाया है।

### सिमडेगा के आम्रपाली...

वहीं, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एपीडा की पहल से ही 1.5 मीट्रिक टन आम्रपाली आम लंदन निर्यात किए गए हैं। इससे महिला किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिली है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, एपीडा ने 05 मई 2026 को सिमडेगा जिले के किसान उत्पादक संगठनों, किसान उत्पादक कंपनियों और प्रगतिशील किसानों के लिए निर्यात उन्मुख क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें निर्यात मानकों, गुणवत्ता आवश्यकताओं और वैश्विक बाजार की संभावनाओं की जानकारी दी गई थी। इसके बाद एपीडा ने बेउरा एफपीसी और निर्यातक कंपनी के बीच संपर्क स्थापित कर निर्यात गुणवत्ता वाले आमों की खरीद सुनिश्चित कराई। इससे किसान उत्पादक कंपनी सीधे निर्यात मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनी है। इससे जुड़े किसानों को घरेलू बाजार की तुलना में बेहतर मूल्य प्राप्त हुआ है। मंत्रालय के अनुसार, यह कदम क्षेत्र में गुणवत्ता आधारित उत्पादन, बेहतर फसलोत्तर प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुपालन को बढ़ावा देगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर इसे 'लोकल गोज ग्लोबल' का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के सिमडेगा की महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा उगाए गए आम्रपाली आम अब इंग्लैंड पहुंचने वाले हैं। एपीडा के निरंतर प्रयासों से किसानों को बेहतर मूल्य, महिलाओं को नई पहचान और भारत के कृषि निर्यात को नई गति मिल रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, झारखंड की कृषि-जलवायु परिस्थितियां बागवानी फसलों के लिए अनुकूल हैं। राज्य में उत्पादित आम्रपाली आम अपनी गुणवत्ता और बाजार स्वीकार्यता के लिए जाने जाते हैं। इस खेप के साथ झारखंड भी उन राज्यों की सूची में शामिल हो गया है, जहां से ताजे फल अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किए जा रहे हैं। एपीडा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बाजार विकास, क्षमता निर्माण, गुणवत्ता सुधार, ट्रेसबिलिटी प्रणाली और निर्यात प्रोत्साहन गतिविधियों के माध्यम से सहायता प्रदान करता है। साथ ही, महिला और जनजातीय किसान समूहों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### पंडरा में पकड़े...

इस दौरान एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, स्मृति, रातु थाना, पीसी एंड पीएनडीटी के कर्मी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि बिना उचित पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन गैर-कानूनी है। यह पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का सीधा उल्लंघन है। इस एक्ट के अंतर्गत लिंग निर्धारण पूर्णतः प्रतिबंधित है। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची ने रातु थाना प्रभारी को पत्र लिखकर इन तीनों आरोपियों के विरुद्ध पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। पूरे मामले पर संबंधित साक्ष्यों को कोर्ट में पेश जाएगा। इस संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची ने कहा, सरकार की कठोर नीति के अनुरूप राज्य में किसी भी प्रकार के लिंग निर्धारण या अवैध अल्ट्रासाउंड प्रैक्टिस को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनजातीय बहुल क्षेत्र में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को मजबूत करने के लिए ऐसी गैर-कानूनी गतिविधियों पर सख्त नजर रखी जा रही है। सिविल सर्जन सदर ने सभी चिकित्सकों, अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों और संबंधित व्यक्तियों को चेतावनी दी है कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें मशीन जब्ती, लाइसेंस रद्द और जेल की सजा भी शामिल है। सिविल सर्जन ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र या लिंग निर्धारण की गतिविधि की जानकारी हो, तो तुरंत निकटतम थाने या मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय, रांची में इसकी सूचना दें।





# रूस ने यूक्रेन की संवेदनशील परमाणु सुविधा पर किया ड्रोन हमला, रेडिएशन का खतरा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास के विशेष क्षेत्र पर ड्रोन हमला किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले में एक महत्वपूर्ण परमाणु भंडारण सुविधा को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''रूस ने फिर से चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास के विशेष क्षेत्र पर हमला किया। एक 'शाहेद' ड्रोन ने केंद्रीय खर्च हो चुके ईंधन भंडारण सुविधा की एक इमारत को निशाना बनाया। यह एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील परमाणु ढांचा है और रूस की तरफ से किया गया एक बेहद निंदनीय हमला है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय और सभी संबंधित सेवाएं इस बात पर काम कर रही हैं कि हमारे सभी साझेदारों को तुरंत इस घटना की जानकारी दी जाए। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने जानबूझकर इस खास परमाणु ढांचे को निशाना बनाया है। अभी तक विकिरण (रेडिएशन) का स्तर सामान्य सीमा से ऊपर नहीं पाया गया है। रूस की बेखौफता जरूर बढ़ती जा रही है, जो पहले ही सारी हदें पार कर चुकी हैं। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेनी आपातकालीन बचाव दलों ने हमले के बाद इस सुविधा में लगी आग को बुझा दिया है। दुनिया को अब ऐसे नए और कड़े कदम उठाने की जरूरत है, ताकि रूस को यह महसूस हो कि उसका यह आतंकवादी युद्ध उसी पर भारी पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पिछली रात रूस ने यूक्रेन के 13 क्षेत्रों में अन्य नागरिक ठिकानों पर भी हमले किए। सिर्फ इस पिछले हफ्ते में रूस ने कुल 88 मिसाइलें, 3,250 से अधिक हमला करने वाले ड्रोन और लगभग 1,800 गाइडेड हवाई बम यूक्रेन पर दागे हैं।

### विकिरण स्तर सामान्य आग पर पाया काबू

- आपातकालीन बचाव दलों ने सुविधा में लगी आग बुझाई
- रूस ने यूक्रेन के 13 क्षेत्रों में नागरिक ठिकानों पर भी हमले किए हैं

### रूस ने 144 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा

- 1,800 गाइडेड हवाई बम यूक्रेन पर दागे गए हैं
- कई स्थानों पर मलबा गिरने से मामूली नुकसान की सूचना

### पुतिन ने बैठक की संभावना खारिज की

एक दिन पहले रूसी एयर डिफेंस फोर्स ने लेनिनग्राद इलाके में हवाई हमले के दौरान 144 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा किया था। इलाके के गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोज्डेंको के अनुसार, कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, कई जिलों में ड्रोन का मलबा गिरने की खबर है, जिससे घरों को थोड़ा नुकसान हुआ है। शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की ओर से युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत और बैठक का प्रस्ताव दिए जाने के बावजूद उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन इसके लिए तैयार नहीं हुए। उन्होंने फिलहाल के लिए कीव के नेता के साथ आमने-सामने की बैठक की संभावना को खारिज कर दिया है।

## अमेरिका ने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन गिराए

***ईरान का आरोप-** अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा, इजराइल पर आतंकी हमला, 1 की मौत*

**तेल अवीव/तेहरान ।** अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने आज होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फॉरेन मिनिस्ट्री का कहना है कि अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है। दूसरी तरफ सेंट्रल इजराइल में आज एक पेट्रोल पंप हुए आतंकी हमले में एक शख्स की मौत हो गई।

### दो करोड़ बतौर हर्जाने की मांग

# अंजना ओम कश्यप ने खान सर पर ठोका मानहानि केस, अब कोर्ट में होगी जंग

**एजेंसी । नई दिल्ली**



शिक्षा और मीडिया जगत से जुड़ा एक चर्चित विवाद अब न्यायालय की चौखट तक पहुंच गया है। वरिष्ठ पत्रकार अंजना ओम कश्यप और टीवी टुडे नेटवर्क ने लोकप्रिय शिक्षक फैसल खान, जिन्हें आमतौर पर खान सर के नाम से जाना जाता है, के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मौजूद जानकारी के अनुसार यह मुकदमा खान सर द्वारा कथित रूप से की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर दायर किया गया है। याचिका में दावा किया गया है कि पत्रकार और समाचार संस्थान के खिलाफ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। याचिकाकर्ताओं ने इन टिप्पणियों को विभिन्न सामाजिक माध्यमों और डिजिटल मंचों से हटाने की मांग की है। बता दें कि इस मामले की सुनवाई दिल्ली उच्च न्यायालय की अवकाश पीठ के समक्ष होने वाली है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ इस मामले पर विचार कर सकती है।

गौरतलब है कि विवाद की शुरुआत राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी चिकित्सा प्रवेश परीक्षा प्रणाली को लेकर हुई एक बहस से जुड़ी बताई जा रही है। इस चर्चा के दौरान अंजना ओम कश्यप ने कथित तौर पर कुछ ऑनलाइन शिक्षकों और इंटरनेट आधारित शिक्षा सामग्री तैयार करने वालों पर सवाल उठाए थे। रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने ऐसे लोगों को केवल दर्शक संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से काम करने वाला बताया था। इसके बाद इस मुद्दे पर विभिन्न पक्षों की प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं। आरोप है कि इसी क्रम में खान सर द्वारा कुछ ऐसी टिप्पणियां की गईं जिन्हें अंजना ओम कश्यप और टीवी टुडे नेटवर्क ने मानहानिकारक माना है। याचिका में कहा गया है कि इन टिप्पणियों ने न केवल पत्रकार बल्कि समाचार संस्थान की सार्वजनिक छवि को भी प्रभावित किया है।

# अमेरिका में अंशुल कुंचा की हत्या मामले में बहन ने विदेश मंत्रालय से लगाई गुहार, शव जल्द से जल्द भारत लाने की अपील की



**एजेंसी । हैदराबाद**

अमेरिका में तेलंगाना के युवक अंशुल कुंचा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अंशुल कुंचा की बहन तन्वी ने मीडिया से बातचीत के दौरान भारत के विदेश मंत्रालय से अपील की है कि उनके भाई का शव जल्द से जल्द भारत लाया जाए और परिवार को सौंप दिया जाए। भारतीय नागरिक अंशुल कुंचा, जिनकी अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, के बारे में उनकी बहन तन्वी कहती हैं, "मुझे सच में नहीं पता। हम जानते हैं कि उन्हें एक गलत अपार्टमेंट में बुलाया गया था। वह एक खाली घर था। जब वह पिज्जा डिलीवर करके अपनी गाड़ी की ओर वापस जा रहे थे तो उनके सिर में पीछे से गोली मार दी गई। तन्वी ने बताया कि अंशुल पिज्जा डिलीवरी बॉय नहीं था। वह ड्रेक्सेल यूनिवर्सिटी से बिजनेस एनालिटिक्स में मास्टर्स करने गया था।

### यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा

# फर्जी पेपर को लेकर टेलीग्राम चैनल जांच के घेरे में, केस दर्ज

**एजेंसी । लखनऊ**



उम्मीदवारों को 'लीक' परीक्षा प्रश्न पत्रों से लुभाने वाले संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल पर कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने रविवार को कथित धोखाधड़ी के लिए एक टेलीग्राम चैनल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 'यूपीपी एग्जाम पेपर' नामक टेलीग्राम चैनल ने कैंडिडेट्स को 8,000 रुपए में नकली एग्जाम पेपर दिखाकर लुभाने की कोशिश की। चैनल पुलिस की नजर में तब आया जब उसने एक क्यूआर कोड और बैंक अकाउंट डिटेल्स शेयर कीं, ताकि एग्जाम से पहले क्वेश्चन पेपर पाने वाले कैंडिडेट्स से पेमेंट ले सके। ये रिक्रूटमेंट एग्जाम यूपी पुलिस में 32,679 कांस्टेबल पोस्ट पर वैकेंसी भरने से जुड़ा हुआ है। यूपी पुलिस ने टेलीग्राम चैनल के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है और उस पर कॉम्पिटिटिव एग्जाम से पहले कैंडिडेट्स को ठगने की खुली कोशिश का केस दर्ज किया है। हुसैनगंज पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस टीमों ने भी जांच शुरू कर दी है और टेलीग्राम चैनल के ऑपरेटर के साथ-साथ कथित स्कैम से जुड़े बैंक अकाउंट के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस रिक्रूटमेंट एंड प्रमोशन बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) ने रिक्रूटमेंट एग्जाम से पहले, खासकर उन 'प्रॉब्लम सॉल्वर्स' के लिए कड़ी चेतावनी जारी की है।

### द. कोरिया में महिला नेतृत्व से नया इतिहास

# राष्ट्रपति ली ने हान सोंग-सुक को पीएम पद के लिए नामित किया

**एजेंसी । सोल**



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने देश की मौजूदा लघु एवं मध्यम उद्यम (एसएमई) मंत्री हान सोंग-सुक को देश की अगली प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यदि संसद से उनका नाम अनुमोदित हो जाता है, तो हान सोंग-सुक सरकार की पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी और दक्षिण कोरिया की दूसरी महिला प्रधानमंत्री होंगी। उनसे पहले हान म्युंग-सुक ने 2006 से 2007 तक इस पद पर कार्य किया था।

वर्तमान प्रधानमंत्री किम मिन सोक पद छोड़ रहे हैं। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, वे आगामी अगस्त या सितंबर में होने वाले सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के नेतृत्व चुनाव में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख कांग हुन-सिक ने नामांकन की घोषणा करते हुए कहा, "हान सोंग-सुक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित परिवर्तन को आगे बढ़ाने और देश की समावेशी आर्थिक वृद्धि को गति देने में सक्षम हैं।" ली ने सुक के तकनीकी क्षेत्र के अनुभव, विशेषकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म कंपनी नेवर में पूर्व सीईओ के रूप में उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया। सरकार ने निवर्तमान प्रधानमंत्री किम मिन-सोक के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी नीतियों के सकारात्मक परिणाम देश को मिले हैं।






# 'यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट अवॉर्ड' से सम्मानित हुईं मेजर अभिलाषा बराक, पीएम मोदी ने दी बधाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

### उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेजर अभिलाषा बराक की उपलब्धि की सराहना की
- कहा, यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट सेवा और समर्पण का प्रतीक है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मेजर अभिलाषा बराक को 'संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड' मिलने पर बधाई दी और उनकी 'उत्कृष्ट सेवा' की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय युवाओं, खासकर उन लड़कियों के लिए प्रेरणा है जो समाज और देश की सेवा करना चाहती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, "मेजर अभिलाषा बराक को 'संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड' मिलने पर बधाई। मेजर बराक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) के तहत एंगेजमेंट टीम कमांडर और जेंडर फोकल प्वाइंट के रूप में सेवा दे रही हैं।" उन्होंने कहा, "यह सम्मान उनकी बेहतरीन सेवा को दर्शाता है और साथ ही संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भारत के लंबे योगदान को भी दिखाता है। उनकी यह उपलब्धि कई भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा है, खासकर उन बेटियों के लिए जो देश और मानवता की सेवा करना चाहती हैं। मेजर बराक भारत की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट हैं, उन्हें 'संयुक्त राष्ट्र के 2005 मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शांति मिशन में महिलाओं की भूमिका और उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए दिया गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पुरस्कार देते हुए कहा कि मेजर बराक 'उन लोगों के लिए एक आदर्श हैं जिनकी आप सेवा करती हैं और जिनके साथ आप काम करती हैं।' लेबनान में तैनात मेजर बराक ने कहा, "सपनों का कोई जेंडर नहीं होता, और न ही नेतृत्व, साहस या मानवता की सेवा करने की इच्छाशक्ति का कोई जेंडर होता है।" लेबनान अभी यूएन का सबसे खतरनाक शांति-स्थापना वाला इलाका है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पुरस्कार इस बात की याद दिलाता है कि स्थायी शांति तभी बन सकती है जब हर आवाज सुनी जाए और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का मौका मिले।